डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
गुरुवार
01.09.2022
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 05
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

वर्ष-29 अंक-313 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह

हमेशा मनुष्य को परछाई और आईने की तरह दोस्त बनाने चाहिए, क्योंकि परछाई कभी साथ नहीं छोड़ती और आईना कभी झूठ नहीं बोलता।

न्यूज गैलरी

राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने गणेश चतुर्थी पर दी शुभकामनाएं

रांची। राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गणेश चतुर्थी पर राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं है। राज्यपाल रमेश बैस ने ट्वीट कर कहा कि आप सभी को श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान श्री गणेश जी की कृपा आप सभी पर सदा बनी रहें। गणपति सबके जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करें। इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सभी को अनेक-अनेक शुभकामनाएं दीं है। सीएम ने ट्वीट कर कहा कि विघ्नहर्ता गणेश सभी को सुखी, समृद्ध और स्वस्थ रखें, यही कामना करता हूं।

विशाल चौधरी से ईडी ने दूसरे दिन भी की पूछताछ

रांची। अवैध खनन व मनरेगा घोटाले की काली कमायी की मनी लाउंड्रिंग के मामले में ईडी ने विशाल चौधरी से दूसरे दिन पूछताछ की। ईडी के अधिकारियों के मुताबिक, निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पैसों के निवेश से लेकर दूसरे आईएएस अधिकारियों से संबंध व मनी लाउंड्रिंग के पहलुओं पर पूछताछ की गयी। ईडी के रांची जोनल आफिस में मंगलवार को भी विशाल चौधरी से पूछताछ की गयी। इससे पहले 24 मई को ईडी ने विशाल चौधरी के ठिकानों पर छापेमारी की थी। उसे कई आईएएस अधिकारियों का करीबी माना जाता है।

सीएम ने रंका में डिग्री कॉलेज की स्थापना के प्रस्ताव पर दी स्वीकृति

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गढ़वा जिलांतर्गत रंका अनुमंडल मुख्यालय में डिग्री कॉलेज की स्थापना किये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है। मालूम हो कि 2008 से पूर्व रंका गढ़वा सदर अनुमंडल अंतर्गत आता था। अनुमंडल बनने के बाद से रंकावासियों की डिग्री कॉलेज को लेकर मांग की जा रही थी। मंत्री सह गढ़वा विधायक और जिलावासियों की मांग को देखते हुए जनहित में डिग्री कॉलेज की स्थापना का निर्णय लिया है। रंका में डिग्री कॉलेज शुरू होने से युवाओं को उच्च शिक्षा के कई अवसर प्राप्त होंगे और भविष्य में उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

झारखंड में असाध्य रोग में सहायता राशि होगी 10 लाख

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत प्रभावित सुपात्र व्यक्तियों की चिकित्सा हेतु विभागीय स्तर से चिकित्सा सहायता अनुदान की राशि पांच लाख रुपये को बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने एवं पूर्व से स्वीकृत असाध्य रोगों की सूची में अन्य असाध्य रोगों को सूचीबद्ध करने से संबंधित प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने असाध्य रोग के इलाज के लिए पूर्व में दी जा रही पांच लाख रुपये की राशि को पर्याप्त नहीं मानते हुए राशि में बढ़ोतरी करने का निर्देश दिया था। इसके उपरांत राशि को बढ़ा कर 10 लाख रुपये किया गया। अब सभी जरुरतमंदों को असाध्य रोग के इलाज में काफी मदद मिलेगी।

लोहरदगा के अंचल अधिकारी का हार्ट अटैक से निधन

लोहरदगा। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और लोहरदगा सदर प्रखंड के अंचल अधिकारी अरुण कुमार तिर्की का बुधवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। गुमला के पालकोट स्थित उनके घर में ही उन्हें बुधवार सुबह हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद उन्हें तत्काल इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अरुण कुमार तिर्की झारखंड लोक सेवा आयोग के पांचवीं बैच के अधिकारी थे। इस घटना से प्रशासनिक महकमे में शोक की लहर दौड़ गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद जिले के उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण समेत जिला प्रशासन के अन्य वरीय अधिकारी और कर्मचारी गुमला के लिए रवाना हो गये। किसी को सहज यकीन नहीं हो रहा कि हमेशा खुश मिजाज रहनेवाले लोहरदगा के अंचल अधिकारी अचानक इस तरीके से सभी को छोड़ जायेंगे।

विस्थापित महादलित परिवार से मिले डीसी व क्षेत्रीय विधायक

बहुत जल्द महादलित परिवार बसाये जायेंगे : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

पांडू। प्रखंड अंतर्गत कजरुकला के मुरुमातु पहुंच उपायुक्त व क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने महादलितों का हाल जाना। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा जिहादी प्रवृत्ति के लोगों ने इस तरह का कहर महादलित परिवारों के ऊपर ढाया जा रहा है। जो भी लोग इसमें शामिल हैं इसे किसी भी कीमत में नहीं बख्शा जायेगा. जिहादी प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने का प्रयास किया जायेगा। आगे उन्होंने महादलित परिवारों को अंगवस्त्र, खाने - पीने के राशन के सभी समान रामचंद्र चंद्रवंशी वेलफेयर ट्रस्ट के माध्यम से देने का काम किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सभी महादलित परिवारों को बहुत जल्द सरकारी जमीन में आवास बनाकर बसाया जायेगा। हर सुख सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। जब तक इन परिवारों को आवास बनाकर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

- जिहादी प्रवृत्ति के लोगों ने घटना को अंजाम दिया है : विधायक
- बस्ती के बीच बने शिव मंदिर को भी तोड़ा गया : पीड़ित परिवार

हाई कोर्ट ने लिया संज्ञान

मेदिनीनगर। पांडू थाना क्षेत्र के मुरुमातु घटना का हाई कोर्ट द्वारा संज्ञान लिए जाने की सूचना है। जानकारी के अनुसार पूरे मामले में न्यायिक पदाधिकारी की एक टीम ने घटनास्थल का जायजा ले लिया है। इसके बाद न्यायिक पदाधिकारी इस मामले में एक रिपोर्ट बनाकर हाई कोर्ट को सौंपेंगे। मालूम हो सोमवार को पलामू के पांडू थाना क्षेत्र के मुरुमातु में विशेष समुदाय के लोगों ने महादलित बस्ती को उजाड़ दिया। यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है, जो अब हाई कोर्ट पहुंच चुका है।

मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति, वर्षों की समस्या से मिलेगी निजात

खाता के जमीन की रसीद अब होने लगेगी निर्गत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हजारीबाग नगरपालिका द्वारा अब तक उपभोग किये जा रहे जमींदारी अधिकारों को बिहार भूमि सुधार अधिनिमय-1950 के प्रावधानों एवं अपर मुख्य सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 21 जून 2022 को आहुत बैठक में अभिलेखों के हस्तांतरण हेतु दिये गये निर्देशों के अनुसार राज्य सरकार में निहित किये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है।

हजारीबाग शहरवासियों को हो रही थी परेशानी : मालूम हो कि हजारीबाग शहर की करीब आधी भूमि का राजस्व रसीद हजारीबाग नगरपालिका द्वारा निर्गत किया जाता था। वर्ष 2011-12 में तत्कालीन एसडीओ ने इस प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। तब से लेकर अब तक जमीन की खरीद-बिक्री, म्यूटेशन आदि को लेकर लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिला प्रशासन के पास भी रसीद निर्गत करने का अधिकार नहीं था, जिससे समस्या जटिल होती जा रही थी। इस बाबत पूर्व में विधानसभा में भी सवाल पूछे गये। कई जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने इस समस्या के निराकरण की मांग कई बार पूर्व की सरकारों के समक्ष रखा था, लेकिन समाधान कभी नहीं निकल पाया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मामले की जानकारी के उपरांत रसीद निर्गत करने की प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु राजस्व विभाग को रसीद निर्गत करने संबंधी प्रस्ताव पर अपनी सहमति प्रदान की है।

टीएसपीसी नक्सली बालेश्वर गंझू गिरफ्तार

जामडीह जंगल में पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में शामिल था नक्सली

नवीन मेल संवाददाता

किस्को/लोहरदगा। जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित जोबांग थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के दस्ता सदस्य बालेश्वर गंझू उर्फ अफजल जी उर्फ सीता गंझू को उसके घर से गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर जोबांग थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ने बताया कि उग्रवादी कांड में नक्सली बालेश्वर गंझू के विरुद्ध जोबांग थाना कांड संख्या-11/20 सहित अन्य कांड दर्ज है। थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ने बताया कि पुलिस और प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के साथ जोबांग थाना क्षेत्र के जामडीह जंगल में साल 2020 में मुठभेड़ हुई थी जिसमें नक्सली बालेश्वर गंझू उर्फ अफजल जी उर्फ सीता गंझू संलिप्त था। थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ने बताया कि नक्सली बालेश्वर गंझू के विरुद्ध लगातार नजर रखी जा रही थी। इसी बीच नक्सली बालेश्वर गंझू का अपने घर पर होने की सूचना मिली। सूचना सत्यापन करते हुए छापामारी अभियान चलाकर नक्सली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। नक्सली की गिरफ्तारी अभियान में जोबांग थाना के सब इंस्पेक्टर सोनू चौधरी, सब इंस्पेक्टर गणेश कुमार यादव एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

रायपुर से रांची लौटे मंत्री, कैबिनेट की बैठक में होंगे शामिल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में सियासी उथल पुथल के बीच बुधवार रात करीब 9 बजे छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से वापस रांची लौट आये। रायपुर गये कांग्रेस कोटे के चार मंत्री आलमगीर आलम, डॉ. रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता और बादल गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में शामिल होंगे। ये चारों मंत्री मंगलवार को ही अन्य यूपीए विधायकों के साथ रायपुर गये थे, लेकिन एक सितम्बर को होनेवाली कैबिनेट की बैठक के मद्देनजर उन्हें वापस बुला लिया गया। सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर आरजेडी के वरिष्ठ नेता और श्रममंत्री सत्यानंद भोक्ता उन्हें वापस लाने के लिए विशेष विमान से कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के साथ रायपुर गये थे। कुछ देर रायपुर में रहने के बाद रात करीब 9 बजे मंत्री सत्यानंद भोक्ता अपने साथ चार अन्य मंत्रियों को लेकर वापस रांची लौट आये।

इससे पहले सुबह से ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रायपुर जाने की बात चल रही थी, लेकिन अचानक कार्यक्रम में फेरबदल हुआ और मंत्री सत्यानंद भोक्ता को प्रदीप यादव के साथ रायपुर भेजा गया। दोनों रायपुर पहुंचने के बाद सीधे मेफेयर रिसॉर्ट पहुंचे, जहां उन्होंने अन्य यूपीए विधायकों से मुलाकात की और पहले से तैयार बैठे चार मंत्रियों को वापस लेकर रांची लौट आये। यह संभावना जतायी जा रही है कि गुरुवार को कैबिनेट की बैठक के बाद ये मंत्री वापस रायपुर लौट जायेंगे।

रायपुर से रांची पहुंचे कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सरकार अभी भी अपना काम कर रही है, कैबिनेट की बैठक में वे सभी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से देशभर में भाजपा द्वारा हॉर्स ट्रेडिंग को अंजाम दिया जा रहा है, उसकी जानकारी सभी को है। मध्य प्रदेश, गोवा और महाराष्ट्र इसका ज्वलंत उदाहरण है, ऐसे में झारखंड के सभी यूपीए विधायक सुरक्षित रहें, इसलिए यह रणनीति बनायी गयी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी झारखंड में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

एसिड अटैक में घायल बच्ची को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से दिल्ली किया गया शिफ्ट

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में एसिड अटैक में घायल काजल को बुधवार को बेहतर इलाज के लिए रांची से एयर एंबलेंस की मदद से दिल्ली शिफ्ट किया गया। चतरा की घायल एसिड पीड़िता को बेहतर इलाज के लिए नयी दिल्ली के एम्स स्थित ट्रामा सेंटर के बर्न वार्ड में भर्ती कराया जायेगा। रांची के रिम्स में भर्ती एसिड पीड़िता की स्थिति में सुधार ना होता देखकर उसे रांची से दिल्ली शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में रिम्स से एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर पीड़िता को एयरपोर्ट लाया गया और एयपोर्ट से दिल्ली भेजा गया। इससे पहले मंगलवार को ही सीएम हेमंत सोरेन के आदेश के बाद एसिड अटैक में घायल चतरा निवासी बच्ची को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से दिल्ली शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया था। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद रिम्स अधीक्षक के नेतृत्व में गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा दी गयी रिपोर्ट के आधार पर उक्त निर्णय लिया था।

एक लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध करायी गयी : इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद एसिड अटैक में घायल चतरा निवासी बच्ची के परिजनों को एक लाख रुपये की सहायता राशि सौंपी गयी। चतरा के उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर उक्त राशि से संबंधित चेक रिम्स में इलाजरत बच्ची के परिजनों को सौंपा। चतरा के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

अंकिता के परिजनों से राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने घटना की ली जानकारी

भाजपा नेता भी अंकिता के घर पहुंचे, हरसंभवन मदद का दिलाया भरोसा

नवीन मेल संवाददाता

दुमका। झारखंड के दुमका जिले में जरुआडीह मुहल्ले में 12वीं की छात्रा अंकिता की पेट्रोल छिड़कर जला कर मारने का मामला पूरे देश में इन दिनों सुर्खियों में है। मामले की छानबीन के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम बुधवार को दुमका पहुंची और परिजनों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। वहीं, बीजेपी सांसद डॉ. निशिकांत दूबे, मनोज तिवारी और वरिष्ठ नेता कपिल मिश्रा ने भी पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर क्राउड फंडिंग से जुटायी गयी 28 लाख की राशि शीघ्र ही उनके बैंक खाते में भेज देने का भरोसा दिलाया और भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। राष्ट्रीय महिला आयोग की दो सदस्यीय टीम बुधवार को दिल्ली से दुमका पहुंची। टीम में राष्ट्रीय महिला आयोग की अंडर सेक्रेटरी शिवानी डे और आयोग की लीगल काउंसलर शालिनी सिंह ने अंकिता के परिजनों से बात कर पूरी घटना की जानकारी ली। साथ ही कमरे में जाकर एक-एक चीज को देखा। परिवार से उन परिस्थितियों से रू-ब-रू हुई, जिसमें अंकिता की जान गयी। शिवानी डे ने बताया कि अंकिता के परिजनों से मिलने के बाद उनकी टीम झारखंड के डीजीपी से रांची में मुलाकात करेगी। डीजीपी से मुलाकात के बाद टीम अपनी रिपोर्ट आयोग को सौंपेगी।

इधर, बीजेपी सांसद मनोज तिवारी, निशिकांत दूबे और दिल्ली बीजेपी के वरिष्ठ नेता कपिल मिश्रा भी बुधवार को अंकिता के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढ़स बंधाया। भाजपा नेताओं ने अंकिता के पिता संजीव सिंह को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर सांसद निशिकांत दूबे ने कहा कि अंकिता को न्याय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

हड़िया-दारू बेचनेवाली से बैंक दीदी बनी अनिमा

- बैंक ऑफ इंडिया के तहत बीसी प्वाइंट भी अनिमा को हुआ आवंटित
- फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान से हड़िया-दारू बेचनेवाली 15867 महिलाओं को लाभ

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शुरू किये गये अभियान का प्रतिफल है कि खूंटी की अनिमा हेरेंज अब हड़िया-दारू और शराब नहीं बेचती। अनिमा को अब लोग शराब बेचने वाली नहीं, बल्कि बैंक दीदी के नाम से जानते हैं। फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान ने अनिमा को उसके हक का सम्मान दिलाया है। कर्रा प्रखंड के छाता गांव की रहनेवाली अनिमा को पूरे पंचायत में एक अलग पहचान मिली है। अब आंखों में आत्मविश्वास के साथ अनिमा अपने बदलाव की कहानी बयां करती है।

साक्षर अनिमा ने चुनी सम्मानजनक जिंदगी : अनिमा कहती है कि पढ़ी-लिखी होने के बावजूद वह अवसरों के अभाव में अपनी शिक्षा का सही उपयोग नहीं कर पा रही थी। फिर उसे फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान के तहत 10 हजार रुपये की सहायता प्राप्त हुई। अनिमा को इस राशि के लिए अलग से किसी भी प्रकार का ब्याज देने की आवश्यकता नहीं थी। अनिमा ने प्राप्त राशि और अपनी जमा पूंजी की मदद से नौ हजार का स्मार्ट फोन खरीदा। तत्पश्चात उसे डिजी पे के लिए प्वाइंट आवंटित करने और लेन-देन की तकनीकी जानकारी देकर प्रशिक्षित भी किया गया।

बन गयी बैंक दीदी : अनिमा पढ़ी-लिखी थी। इस वजह से वह कुछ दिनों में ही बैंक की तर्ज पर जमा व निकासी करने लगी। कुछ ही महीने में अनिमा ने अपना दायरा बढ़ाया और अपनी पंचायत के सभी गावों में लेन-देन करने लगी। छाता गांव के 10 किलोमीटर के दायरे में कोई भी बैंक शाखा नहीं था। लोगों को गांव से बैंक आवागमन में घंटों लग जाते थे और कच्ची सड़क की वजह से परेशानी भी बहुत थी। आवागमन का साधन भी मुश्किल से मिल पाता था। ऐसे में दीदी ने डोर-स्टेप बैंकिंग सुविधा देने का काम शुरू किया। 20 से 25 हजार रुपये का रोजाना लेन-देन करने लगी। अनिमा को छाता पंचायत के लिए बैंक ऑफ इंडिया के तहत बीसी प्वाइंट भी आवंटित हो गया है। ऐसे में शराब बेचनेवाली अनिमा अपने घर से ही मिनी खाता खोलना, जमा-निकासी, बीमा करना, समूह का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

स्पीकर न्यायाधिकरण के फैसले के पूर्व हाईकोर्ट गये बाबूलाल

रांची। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की विधानसभा सदस्यता को लेकर स्पीकर के फैसले के पूर्व मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। बाबूलाल मरांडी की सदस्यता मामले में उनके द्वारा दायर याचिका में बताया गया है कि स्पीकर के न्यायाधिकरण में सुनवाई के पूर्व प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। याचिका के जरिये बताया गया है कि मामले में गवाही खत्म होने के बाद पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया। इस मामले में 30 अगस्त को सुनवाई खत्म हो गयी है। इस मामले में स्पीकर कभी भी अपना फैसला सुना सकते हैं। गौरतलब है कि झाविमो के टिकट पर बाबूलाल मरांडी विधानसभा का चुनाव जीते थे, लेकिन बाद में उन्होंने पार्टी का विलय भाजपा में कर दिया था।

राज्यों को आठ रुपये किग्रा. की छूट पर 15 लाख टन चना देगी केंद्र सरकार

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दालों का खुदरा मूल्य काबू में रखने के लिए केंद्र ने फसलों के मूल्य स्थिर रखने की योजना के तहत राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों को 15 लाख टन चना दाल सस्ते दाम पर जारी करने की घोषणा की है। केंद्र ने मूल्य स्थिरीकरण योजना के तहत तुअर, उड़द और मसूर की खरीद की वर्तमान सीमा भी 40 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। चना दाल उन्हें निर्गम मूल्य से आठ रुपये प्रति किग्रा सस्ती दर पर दी जायेगी, जिसका राज्य अपनी विभिन्न कल्याण योजनाओं में इस्तेमाल कर सकेंगे। इन निर्णयों के क्रियान्वयन पर 1200 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को मूल्य स्थिरीकरण योजना (पीएसएस) और मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत राज्यों को चने की सस्ती दर पर बिक्री और पीएसएस के तहत तुअर, उड़द और मसूर की खरीद की मात्रा की सीमा को मौजूदा 25 से बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने का निर्णय किया गया। इस निर्णय की जानकारी देते हुए सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि स्वीकृत योजना के तहत, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों को 15 लाख टन चना (दाल) उठाने की पेशकश की जाती है। चना दाल पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर सोर्सिंग (क्रेता) राज्य के निर्गम मूल्य से आठ रुपये प्रति किलोग्राम की छूट पर दी जायेगी। बयान में कहा गया है कि राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों को मध्याह्न भोजन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, एकीकृत बाल विकास कार्यक्रम (आईसीडीपी) जैसी अपनी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उपयोग करना चाहिए। बयान में कहा गया है कि छूट पर चना दाल की आपूर्ति 12 महीने या 15 लाख टन स्टॉक के पूर्ण निपटान तक जारी रहेगी और इस पर 1200 करोड़ रुपये का व्यय होने का अनुमान है। केंद्र का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

शिशु वाटिका प्ले स्कूल का प्राचार्य गिरफ्तार,भेजा गया जेल

मामला स्कूल के छात्र को गर्म लोहे के रॉड से दागने का हैं आरोप

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित प्राईवेट स्कूल के प्राचार्य शशिकेस कश्यप को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को मेदिनीनगर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मालूम को शहर के मुख्य बाजार स्थित लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल के प्राचार्य द्वारा इस स्कूल में यूकेजी के एक छात्र को उठक बैठक कराने के बाद लोहे के गर्म रॉड से कमर के नीचे दाग दिया था। बच्चे के शिकायत के बाद उसके पिता ने हुसैनाबाद महिला एवं बाल संरक्षण थाना में स्कूल के प्राचार्य शशिकेश कश्यप के खिलाफ लिखित शिकायत की थी। वहीं इस मामले को लेकर कई लोगों ने इसकी सूचना पलामू पुलिस अधीक्षक व हुसैनाबाद एसडीपीओ को

दी। सूचना मिलते ही पलामू पुलिस अधीक्षक ने इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश महिला थाना प्रभारी को दी। महिला थाना प्रभारी ने त्वारित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्राचार्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

घटना के बाद लोगों में काफी आक्रोश है-: इस घटना के बाद लोगों के बीच स्कूल के प्राचार्य के प्रति नाराजगी थी। धीरे धीरे जब अन्य अभिवावकों ने बच्चों से पूछा तो कई इस तरह के मामले सामने आने लगे। अभिवावकों के साथ साथ अन्य लोगों में भी इस स्कूल के प्राचार्य के खिलाफ आक्रोश बढ़ने लगा। पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है। एसडीपीओ से इस सम्बंध में पूछे जाने पर एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने बताया कि प्राचार्य द्वारा जो बच्चों के साथ इस तरह का घटना को अंजाम दिया गया है। जो एक जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है। इस तरह कार्य करने से शिक्षा जगत शर्मशार हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसमें अन्य शिक्षकों की भी संलिप्ता की बात सामने आ रही है। पुलिस हर बिन्दुओ पर अनुसंधान कर रही है।

वज्रपात से ग्यारह गाय की मौत

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज । प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत बघना गांव में सोरहर नदी के समीप टांड़ पर नामक स्थान पर बुधवार की शाम वज्रपात होने से 11 गायों की मौत हो गयी। इनमें 10 गाय गर्भवती थी। उक्त सभी गाय खेत में घास चर रही थी। इस दौरान करीब शाम 5:00 बजे तेज गरज के साथ हल्की बारिश शुरू हो गयी। बारिश से बचने के लिए सभी गाय एक महुआ के पेड़ के नीचे जमा हो गए। तभी महुआ के पेड़ पर वज्रपात हुआ। जिसके चपेट में आकर 11 गायों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी देते हुए समाजसेवी अक्षय कुमार सिंह ने

बताया कि मृत गायों में हजारी भुइंया का दो गाय, नंदू भुइंया का चार, विदेशी भुइंया का एक, गोविंद भुइंया का दो, प्रमोद भुइंया का एक तथा ललन चौधरी की एक गाय शामिल है। उन्होंने इस घटना में पीड़ित पशुपालकों को सरकारी मुआवजा देने की मांग की है।

महादलितों को उजाड़ना गलत: कमलेश

हुसैनाबाद। पलामू के पांडू थाना क्षेत्र के मुरुमातु में जिस जगह से महादलित समुदाय के लोगों को उजाड़ा गया है। यह सरासर गलत है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि जिन लोगों को उजाड़ा गया है। उन्हें जिला प्रशासन उसी जगह पर बसाए। उन्होंने कहा कि दलित परिवार के लोग पच्चास वर्षो से वहां रहते हैं। उन्हे जिला प्रशासन से उस स्थान पर उन दलित परिवारों के लिए पीएम आवास या अंबेडकर आवास बनाकर भी मुहैया कराने का काम करे।

खुशी इंटर फ्यूल पंप ने प्रथम वर्षगांठ मनाई

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज । प्रखंड क्षेत्र के ढाब स्थित खुशी इंटर फ्यूल रिलायंस पेट्रोल पंप का प्रथम वर्षगांठ मनाई गयी। इस अवसर पर पेट्रोल पंप को खुबसूरती से सजाया गया। वहीं संचालक शिवकुमार जायसवाल ने उपस्थित मेहमानों के साथ केक काटा। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में उन्हें ग्राहकों का असीम प्यार और सहयोग मिला है। ग्राहकों की सेवा और संतुष्टि हमारी प्राथमिकता है। मौके पर पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू , धनंजय जायसवाल, केनरा बैंक शाखा प्रबंधक प्रिय रंजन, सौरव कुमार सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. कुमार सागर, राजकुमार प्रसाद, पंकज जायसवाल, बुल्लू जायसवाल, रामकुमार जायसवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

विधायक ने अंकिता मामले में आरोपी को फांसी देने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। स्थानीय विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने अंकिता मामले में आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस तरह के जुर्म फांसी से कम मंजूर नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि शाहरुख और मो. नईम ने जो जघन्य घटना को अंजाम दिया है। उसे सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। फांसी की सजा होनी ही चाहिए। ताकि आगे इस तरह की घटना दोबारा नहीं घटे। उन्होंने कहा कि बेटियों पर इस तरह की घटना बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में एसआईटी का गठन हो चुका है। अंकिता के परिजनों को इंसाफ दिलाने के लिए एनसीपी सड़क से संसद तक आवाज बुलंद

करेगी। उन्होंने बताया कि दुमका में व्यवसायी संजीव सिंह की बेटी अंकिता को पड़ोस में ही रहने वाला शाहरूख काफी समय से परेशान कर रहा था। बाद में उसने अंकिता पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि अंकिता की जान बचाई जा सकती थी। सरकार को उसे समय रहते एयर एंबुलेंस से बाहर भेजना चाहिए था। उन्होंने कहा कि झारखंड की महिलाओं और बेटियों पर आय दिन अत्याचार की खबरें मिल रही है। उन्होंने कहा कि आज भी दुमका में एक महिला का शव मिला है। वहीं चतरा की काजल पर एसिड अटैक की घटना घटी है। उन्हे एयर लिफ्ट कर भेजा जा रहा है। गत दिनों रांची में महिलाओं से संबंधित दो घटनाएं घटी हैं। अन्य जिलों से भी हर दिन अत्याचार की खबरें मिल रही है। सरकार को उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। इस तरह की घटनाओं से लड़कियों का मनोबल कम होता है। जिसे एनसीपी बर्दाश्त नहीं करेगी।

सांप काटने से महिला घायल,सीएचसी ने किया रेफर

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। प्रखंड अंतर्गत झगरुआ गांव की एक महिला विषैले सर्प दंश से बुरी तरह घायल हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,महिला की पहचान समसुल बीबी उम्र करीब 27वर्ष पति महमूद अंसारी के रूप में हुई है। वह बुधवार दोपहर एक बजे अपने खेत में पशुओं के लिए चारा काटने गई थी। इसी क्रम में वह सर्प दंश की शिकार हो गई । जिससे महिला को खेत में ही चक्कर आने लगी और वह बेहोश हो गई । घायल महिला को परिजनों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सको ने महिला को प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया है।

कृषि निदेशक ने एपीओ के सदस्यों व किसानों के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड सरकार के कृषि निदेशक निशा उरांव ने बुधवार को चैनपुर प्रखंड के विभिन्न गांव का भ्रमण करते हुए महुगांवा में बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के कार्यालय में सभी एपीओ के सभी सदस्य एवं किसानों के साथ बैठक सुखाड के सवाल पर किया। उन्होंने विस्तृत रूप से क्षेत्र के हर एक गांव का बारी-बारी से जयजा लिया। साथ ही साथ 4 से 5 गांव में जाकर स्थल सर्वेक्षण का सुखाड़ के विभीषता पर दुख प्रकट करते हुए एफपीओ में जुड़े सभी किसान सदस्यों को आश्वासन दिए कि 100% अनुदान पर सरसों एवं चना का बीज एसपीओ के माध्यम से किसानों तक पहुंचाने का सुनिश्चित किया ।साथ ही साथ गेहूं मसूर का बीज 50% अनुदान पर एफपीओ के माध्यम से किसान तक पहुंचाने का सुनिश्चित किए और गव्य विकास से बात कर किसानों को गाय पालन , बकरी पालन , मुर्गी पालन , सूअर पालन करने के लिए बताएं और बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष अशोक कुमार चौरसिया ने पशु के चारा एवं समय पर बीज उपलब्ध कराने का निवेदन कर सचिव ब्रजेश कुमार पांडे ने आकाल की विभीषता को देखते हुए उपरूक्त योजनाओं को जल्द से जल्द कार्यावयन कराने के निवेदन किया। यहां उपस्थित चैनपुर प्रखंड एवं जिला कृषि कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण और बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सभी कार्यकर्तागण और कम्पनी के हेड अकाउंटेंट , आशा संस्था से और किसान उपस्थित हुवे। आजसू कार्यकताओं ने सुखाड आंकलन समिति के निदेशक मुलाकात कर पलामू के सुखाड की स्थिति से अवगत कराया।

भाजपा नेताओं ने उजाड़े गये मुसहर परिवारों से भेंट की

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भाजपा के नेताओं ने पलामू जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत मुरुमातु गांव में पिछले चार दशकों से रहने वाले मुसहर जाति के 50 परिवारों को विशेष समुदाय के लोगों द्वारा मारपीट कर बेघर कर देने का मामले की जांच की। भारतीय जनता पार्टी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विभाकर नारायण पांडेय, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष किसलय तिवारी, पूर्व

महामंत्री उपेंद्र सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री विपुल गुप्ता एवं अन्य भाजपा मुरुमातु घटनास्थल कार्यकताओं ने गांव जाकर का निरीक्षण किया एवं विस्थापित पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। पीडितों ने प्रतिनिधिमंडल को जानकारी दी कि वे सभी चार दशक से उस स्थान पर घर बनाकर रह रहे हैं। सरकार द्वारा हमें बंदोबस्ती पटा दिया गया है। 29 अगस्त को एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा उन्हें बेघर कर दिया गया। मौके पर भाजपा नेता विभाकर नारायण पांडेय एवं प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि दलितों पर एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा । तब तक मुसहर जाति के लोगों के लिए जंग लड़ते रहेंगे जब तक प्रशासन द्वारा उन्हें पुनर्स्थापित नहीं कर दिया जाता। नेता द्वय ने कहा कि विशेष समुदाय के लोगों को अगर कोई कठिनाई है तो उन्हें न्यायालय की शरण में जाना चाहिए न कि इस तरह का अमानवीय व्यवहार करना चाहिए । हेमंत सरकार में लगातार दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं, जो उनकी विफलता को दशार्ता है। जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेघरों को घर उपलब्ध करा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर विशेष समुदाय के लोगों द्वारा दलितों को बेघर किया जा रहा है।

राजकीय कृत उत्तक्रमित मध्य विद्यालय मदनपुर के 117 छात्र फेल

परीक्षाफल में हुई त्रुटि विद्यालय प्रबंधन की घोर लापरवाही का प्रतीक: अरविंद

आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम की दी चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

छतरपुर। शिक्षकों की लापरवाही से छतरपुर के कई इलाकों में छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। ताजा मामला छतरपुर नगर पंचायत के मदनपुर का है । जहां आंतरिक मूल्यांकन जमा नहीं होने के कारण राजकीय कृत उत्तक्रमित मध्य विद्यालय मदनपुर, छतरपुर के 8वीं कक्षा के 117 छात्र फेल हो गए हैं। विद्यालय के एक शिक्षक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि प्रकाशित रिजल्ट मार्जिनल जारी किया गया है। जिसके लिये हेडमास्टर जिम्मेवार हैं। रिजल्ट आने के बाद स्कूल के बच्चे और अभिभावक में काफी रोष व्याप्त है। इसकी सूचना पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन को मिली । वे तुरंत मदनपुर गांव जाकर बच्चों और उनके अभिभावकों की समस्या से अवगत हुए। तत्काल बीईओ और बीपीएम से उन्होंने बात की। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि हेडमास्टर को शो कॉज कर जल्द ही

आंतरिक मूल्यांकन के पेपर जैक में भिजवाया जायेगा। चुनमुन ने विद्यालय प्रबंधन को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि यह स्कूल प्रबंधन की घोर लापरवाही है। जल्द ही अगर परीक्षाफल सुधार कर प्रकाशित नहीं किया गया तो ग्रामीणों के साथ सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन होगा। परीक्षाफल प्रकाशन की जानकारी के बाद मदनपुर बाजार में सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने स्कूल प्रबंधन एवं विद्यालय के प्राचार्य के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर अरविंद ने यह कहा कि स्कूल में किसी भी तरह की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लोगों के अनुसार यह मामला केवल मदनपुर का ही नहीं है। बल्कि कई ऐसे स्कूल हैं । जहां के बच्चों का भविष्य स्कूल की लापरवाही से अधर में लटक गया है। मौके पर जितेंद्र राम, वासुदेव राम,(पूर्व मुखिया) हरिचंद्र साव,शोभी यादव, कर्मदेव पासवान, कामेश्वर पासवान, उमेश राम,धनंजय पासवान, रामनरेश राम, करमू ठाकुर, नंदू साव, शिवनाथ साव, हरिहर साव, विमलेश साव, प्रदीप ठाकुर ,शंकर साव, रामचंद्र विश्वकर्मा, राजेश यादव,गणेश साव, सुदेश राम सहित स्कूल के दर्जनों छात्र और सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

शहर में गणपति उत्सव की धूम भक्ति जागरण का आयोजन आज

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। मेन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में निर्मित पूजा पंडाल में बुधवार को विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई । इसके साथ ही तीन दिवसीय गणपति महोत्सव प्रारंभ हो गया । इसका आयोजन नवयुवक गणपति सेवा समिति ने किया है । पंडित श्याम सुंदर वैद्य के द्वारा पूरे विधान से गणपति की पूजा कराने के बाद श्रद्धालुओ के दर्शन पूजन हेतु पंडाल खोला गया । आयोजक समिति के अध्यक्ष पंकज पासवान तथा उपाध्यक्ष रिशु गुप्ता ने बताया कि गुरुवार की रात मेन बाजार आरसी लाल गुप्ता चौक पर भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा। वहीं 2 सितंबर को धूमधाम से प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा । आयोजक समिति में सचिव अमित कुमार, व्यवस्थापक सह मुख्य यजमान बंटी गुप्ता, कोषाध्यक्ष तुषार गुप्ता, शशांक जायसवाल, विशाल गुप्ता, कन्हैया विश्वकर्मा, कमलदीप विश्वकर्मा, रंजीत कुमार , श्याम पासवान, श्रवण कुमार सहित कई सदस्य शामिल हैं।

न्यूज गैलरी

हेमंत सरकार बेनकाब हो गयी है : सतीश

मेदिनीनगर। आजसू के सतीश कुमार ने कहा कि हेमन्त सोरेन सरकार पुरी तरह बेनकाब हुई है। अपने सरकार के मंत्री और विधायकों पर भरोसा नहीं है। संथाल परगना की बेटी अंकिता सिंह को जला कर मार दिया जाता है और झारखण्ड के मुख्यमंत्री अपने युपीए के मंत्री और विधायक के साथ लतरातू डैम पर मटन का लुफ्त उठा रहे होते हैं। जब पत्रकार सवाल उठाते हैं तो मुख्यमंत्री सीटी बजाते हैं। पलामू जिला के पाण्डु प्रखंड के मुरुमातु गांव में एक साथ महादलित (मुसहर) की झोपड़ी उजाड कर 50 परिवार को बेघर कर दिया जाता है। पूरा परिवार को भूखा नंगा भगा दिया जाता है। मुख्यमंत्री क्राइसिस मैनेजमेंट के नाम पर पूरी सरकार को रायपुर के रिसोर्ट मे मौज मस्ती करा रहे हैं।

उजाड़े गये दलितों को उसी जगह बसाए प्रशासन

हुसैनागाद। पलामू के पांडु थाना के मुरुमातु में महादलितों को उजाड़ना सरासर गलत है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जिन लोगों को उजाड़ा गया है, उन्हें जिला प्रशासन उसी जगह पर बसाये। उन्होंने कहा कि दलित परिवार के लोग पचास वर्षों से वहां रह रहे हैं। उन्हें जिला प्रशासन उस स्थान पर उन दलित परिवारों को पीएम आवास या अंबेडकर आवास भी मुहैया कराने का काम करे। उन्होंने कहा कि उन्हें भी जीने का अधिकार है। उन्हें भी सरकार की सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि मुरुमातु के दलित परिवारों को आवास समेत अन्य सुविधाओं के लिए वह मुख्य सचिव से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए वह विधानसभा में भी आवाज बुलंद करेंगे। किसी को दबाने और उन पर अत्याचार करने का अधिकार नहीं है।

प्रतिनिधियों ने किया धोती साड़ी का वितरण

हैदरनगर। प्रखंड के बरडंडा पंचायत में मुख्यमंत्री सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी व लूंगी का वितरण मुखिया सुर्दशन राम ने किया। उन्होंने कहा कि मात्र दस रुपये में गरीब लाभुकों को तन ढकने की यह योजना सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में वरदान साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि पंचायत के पांती व भीतरपांती गांव में इस योजना का लाभ कुल 312 ग्रामीणों को दिया गया है। इसके अलावे कई अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को देते हुए इसका लाभ जरुरतमंदों को लेने के प्रति उन्होंने लोगों को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि सरकार की संचालित सभी योजनाओं को सुलभता से लाभुकों तक पहुंचाने का प्रयास जारी है। इसमें पीडीएस दुकानदार अशोक राम सहित कई लाभुक शामिल थे। उधर हैदरनगर (पूर्वी) पंचायत के शुक्रबाजार में मंगलवार की शाम इस योजना का लाभ 454 के विरुद्ध 118 ग्रामीण लाभुकों को दिया गया। जिसमें मौजूद जिला पार्षद संगीता देवी व पंसस शैलू जयसवाल ने ग्रामीणों को अन्य कई सरकारी योजनाओं ले को प्रेरित किया। इसमें उपमुखिया पवन जयसवाल सहित सैकड़ों लाभुक मौजूद थे।

महादलितों को घर उजाड़ने की निंदा

हुसैनाबाद। व्यापार मंडल हुसैनाबाद के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने पलामू जिला के पांडू प्रखंड के मुरुमातू गांव के 50 महादलित परिवारों के आशियाना उजाड़े जाने की घटना की निंदा कर कहा कि शत-प्रतिशत अपराध का मामला बनता है। उन्होंने कहा है कि कानून को हाथ में लेकर ऐसे हरकत करने वाले को कड़ी सजा मिलनी चाहिये। उन्होंने प्रभावित परिवारों को उसी भूमि पर सरकार से अविलंब अंबेडकर आवास मुहैया कराने की मांग की है।

अंकिता हत्याकांड व सरकार के विरोध में प्रदर्शन आज

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद में झारखंड सरकार व अंकिता हत्याकांड के विरोध में पहली सितंबर को 11 बजे दिन में प्रदर्शन के साथ पदयात्रा निकाली जायेगी। भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि यह पदयात्रा महावीर भवन जपला से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करते अनुमंडल परिसर पहुंचेगा। इसमें सभी राजनीतिक, सामाजिक संगठन, व्यवसायी, छात्र, किसान, मातृशक्ति शामिल होंगे। अंकिता के दुराचारी, हत्यारा व निरंकुश राज्य सरकार के विरुद्ध आवाज को बुलंद कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

तहले नदी से बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

मेदिनीनगर। पलामू जिले के चैनपुर थाने की पुलिस ने बुधवार को अल सुबह अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त कर थाने में पार्क कर दिया गया। सलतुआ पंचायत के सगरदिनवा गांव के पास तहले नदी से ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। चैनपुर के प्रभारी थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि जब्त किये गए ट्रैक्टर की जानकारी पलामू जिला खनन पदाधिकारी को दे दी गई है। जिला खनन पदाधिकारी के आवेदन आवेदन पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूचना पर जब चैनपुर थाने की पुलिस सगरदिनवा गांव पहुंची तो ट्रैक्टर का ड्राइवर और मजदूर गाड़ी छोड़कर भाग निकले। इसके बाद ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आया गया है। ट्रैक्टर के चेचिस नंबर के आधार पर ट्रैक्टर मालिक को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है।

जनता दरबार में कई मामलों का हुआ निष्पादन

विश्रामपुर। मंगलवार को विश्रामपुर प्रखंड परिसर के सभागार में मंगलवार को बीडीओ सह प्रभारी सीओ प्रशांत हेमब्रम की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमे जमीन संबंधित तथा आवास योजना के लाभुकों को पैसे भुगतान में हो रही देरी सहित कई अन्य गंभीर मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। वही बीडीओ सह सीओ प्रशांत हेंब्रम ने लम्बित पड़े मामलो में अपने काम में डिले कर रहे संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए अविलंब प्राप्त आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया है। आवेदन प्राप्त एक मामले में आवास बनाने में अपने बच्चो से परेशान लाभुक माता व पिता रेहला निवासी ललिता देवी पति राधे लाल ने सीओ प्रशान्त हेंब्रम से गुहार लगाई है की उनके पुत्रों के द्वारा मिले सरकारी आवास को बनाने में अवरुद्ध पैदा किया जा रहा है। जिस पर सीओ ने संबंधित अधिकारियों के साथ घटना स्थल पर जाकर खुद मुआयना कर पीड़ित को कानूनी प्रक्रिया के तहत हर संभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर बीपीओ आबेदीन अंसारी,मनोज चौबे,कर्मचारी अरविंद मिश्रा,मुख्य निरीक्षक भोला राम,समाजसेवी ज्वाला गुप्ता,अखिलेश बैठा,अमरेश बैठा सहित प्रखंड व अंचल के कई कर्मचारी मौजूद थे।

मुरुमातु के विस्थापित परिवारों को मिलेगा आवास : उपायुक्त

पांडू प्रखंड के मुरुमातु गांव पहुंच डीसी ने स्थल का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को पांडू प्रखंड के मुरुमातु गांव पहुंचकर उस स्थल का जायजा लिया, जहां स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कुछ परिवारों को विस्थापित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। साथ ही पुराना थाना भवन में तत्काल रूप से आवासित सदस्यों से बातचीत की। वहीं पांडू थाना पहुंचकर मामले में संलिप्त स्थानीय ग्रामीणों पर अबतक हुए कार्रवाई की जानकारी ली। उपायुक्त ने उनके पारिवारिक सदस्यों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना और उन्हें मिलने वाली योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। उपायुक्त ने प्राथमिकता के तहत उनकी समस्याओं का तत्काल निदान का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि इनके आवासन हेतु जिला प्रशासन भूमि की खोज में जुटी है। भूमि चिन्हित करते हुए उसपर आवास निर्माण कर उन्हें मुहैया कराई जाएगी। साथ ही आधार,

राशन कार्ड बनाने एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा। उपायुक्त ने इसे जमीन विवाद से संबंधित मामला बताया और कहा कि यह मामला जमीन विवाद से संबंधित है। एक स्थानीय ग्रामीण के नाम पर जमीन की जमाबंदी है। इसका वेरिफिकेशन स्थानीय अंचल अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान समय में सभी पारिवारिक सदस्यों को पुराना थाना भवन में आवासन, भोजन एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। उन्हें सुरक्षा के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। इन्हें विस्थापित करने में संलिप्त लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले में 12 नामजद व्यक्तियों के साथ-साथ 150 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। 3 लोग गिरफ्तार भी किये गये हैं। अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार करने का निर्देश स्थानीय पुलिस को दिया गया है। साथ ही विवादित भूमि पर धारा-144 लगाते हुए विवादित स्थल पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह ने कहा कि इन परिवारों को स्थानीय पुराना थाना भवन में सुरक्षित रखवाते हुए, उन्हें खाना-पानी देने के साथ-साथ अन्य आवश्यक एवं जरुरी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। साथ ही उन्हें वस्त्र भी प्रदान किए गए हैं। सुरक्षित स्थान पर जमीन सेटल कर अंबेडकर आवास का निर्माण कर उन्हें पूनर्वासित करने का कार्य किया जाएगा। विवादित स्थल पर धारा-144 लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। मौके पर उपायुक्त के साथ नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार, पांडू थाना प्रभारी धुमा किस्कू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

अभाविप ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अभाविप के एक प्रतिनिधिमंडल के द्वारा जिला संयोजक अभय वर्मा की अध्यक्षता में पलामू पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन के माध्यम से विद्यार्थी परिषद के द्वारा यह मांग किया गया की आए दिन मेदिनीनगर के कई कोचिंग संस्थानों के बाहर असामाजिक तत्वों के द्वारा छात्राओं को लगातार परेशान किया जाता है।आबादगंज जैसे क्षेत्रों में जहां प्रतिदिन 5000 से अधिक छात्राएं ट्यूशन पढ़ने जाते हैं वैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्र का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। उन्हें लगातार परेशान करते हैं।विद्यार्थी परिषद ने मांग किया कि ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा कोचिंग संस्थानों के साथ मिलकर छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। मौके पर उपस्थित जिला सह संयोजक रोहित देव ने कहा कि पूर्व में भी कई मामले विद्यार्थी परिषद के संज्ञान में आए थे और हमारे कार्यकताओं ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ मिलकर आबादगंज में सकारात्मक माहौल स्थापित करने का प्रयत्न किया है और आगे भी छात्राओं के साथ इस प्रकार की घटना ना घटे इसके लिए हमने पलामू पुलिस अधीक्षक को यह ज्ञापन दिया है। जिला एसएफडी संयोजक सुमित पाठक ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा पूर्व में भी इस प्रकार के मामले से निपटाने के लिए सख्ती से प्रयत्न किया गया है और उम्मीद है कि पुलिस अधीक्षक मामले को संज्ञान में लेकर गंभीरता से छात्राओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे, जिला एसएफएस सहसंयोजक गोविंद मेहता, एसएफडी सह प्रमुख सुमित पाठक, रामाशंकर पासवान, प्रकाश पांडे,नीरज कमलापुरी, प्रियरंजन पाठक, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महादलित मुसहर परिवार को पुन: मुरुमातु में बसाया जाये : किशोर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने कहा है कि पलामू जिले के पांडू प्रखंड के अंतर्गत मुरुमातु गांव जो पहाड़ी टोंगरी में स्थित गैरमजरूआ जमीन पर है, वहां लंबे अरसे से मुसहर परिवार रहते आए हैं। उन्हें किस आधार पर बेदखल किया गया। उक्त घटना का साजिश रचने वाला कौन है। कल जिस प्रकार मूसहर परिवार के बच्चे भूख से तड़प रहे थे। उस पर जिला प्रशासन की कार्रवाई और बच्चों को भोजन तत्काल उपलब्ध कराना निश्चित रूप से सराहनीय कदम है। जिला प्रशासन इसे गंभीरता से लेते हुए सभी मुसहर परिवार को उसी जगह पर दो -दो डिसमिल जमीन देकर पुनर्वास अविलंब कराए। यह जमीन जिला प्रशासन के नजर में पूर्व से गैरमजरूआ जमीन है । क्योंकि उक्त जमीन पर थाना बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। उक्त जमीन पर कुछ उपद्रवियों और अपराधी तत्वों के लोगों ने योजनाबद्ध तरीका से मुसहर परिवार को बेघर कर दिया। श्री पांडे ने जिला प्रशासन से मांग किया है की उक्त गैरमजरूआ जमीन पर सभी मुसहर परिवारों को पुनः उसी जगह पर दो -दो डिसमिल जमीन देकर के आवास बनाया जाए और सुरक्षा प्रदान किया जाए। जो भी इस घटना में संलिप्त हो सबों को कानून सम्मत कठोरतम कार्रवाई किया जाए।

सनातन सेना जरूरतमंदो को हरसंभव रक्त उपलब्ध करायेगी : नवीन तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। स्थानीय भगवती अस्पताल में भर्ती महिला मरीज रामानुजगंज छतीसगढ़ निवासी किरण देवी को ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता होने पर सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा के आग्रह पर वेद प्रकाश तिवारी ने रक्तदान कर मरीज की जान बचाई । गौरतलब है कि रामानुजगंज छत्तीसगढ़ से इलाज कराने डालटनगंज आई महिला को ओ पॉजिटिव रक्त उपलब्ध नहीं हो पाने पर सनातन सेना के प्रदेश संगठन मंत्री नवीन तिवारी ने पलामू प्रमंडल में रक्तदान महादान के क्षेत्र में सक्रियता के साथ विगत आठ वर्षों से रक्तदान महादान जागरूकता अभियान चला रहे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा से संपर्क कर महिला मरीज को रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्रा ने संस्था के सक्रिय सदस्य ओढ़नार निवासी वेद प्रकाश तिवारी से रक्तदान कराकर मरीज को रक्त उपलब्ध कराया। पेशे से सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने बताया कि रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के परिणाम स्वरुप, अब लोग जागरूक होकर रक्तदान करने की एक अपील पर लोगों की जान बचाने का कार्य कर रहे हैं । ब्लड बैंक में रक्त समूह की मात्रा की कमी नहीं हो ,रक्त के जरूरतमंद मरीजों को सरलता पूर्वक रक्त उपलब्ध हो सके । इसके लिए धीरज मिश्रा ने सभी राजनीतिक सामाजिक धार्मिक व्यवसायिक संगठनों से रक्तदान शिविर का आयोजन करने का अपील किया है । सनातन सेना के प्रदेश संगठन मंत्री नवीन तिवारी ने रक्तदान महादान के प्रति सराहनीय कार्य को लेकर धीरज मिश्रा को आभार प्रकट करते हुए कहा कि सनातन सेना सामाजिक कार्यों में हर संभव अपना सहयोग प्रदान करेगी । इस अवसर सनातन सेना के छोटू त्रिपाठी , गुड्डू वर्मन मौजूद रहे।

सीमा पात्रा को कठोरतम सजा दे अदालत : शत्रुघ्न

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य व झारखण्ड में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की प्रदेश संयोजिका व अत्याचार की प्रतिमूर्ति बन चुकी सीमा पात्रा को एससी /एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दिव्यांग आदिवासी बेटी सुनिता खाखा पर बेइंतहा जुल्म ढाने व अमानवीय अत्याचार के मामले में झारखण्ड पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने का स्वागत करते हुए सरकार से विशेष एससी/एसटी फास्ट ट्रैक अदालत का गठन कर स्पीडी ट्रायल के माध्यम से कठोरतम सजा दिलाने की मांग किया है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि दुमका की बेटी अंकिता सिंह को वहशी दरिंदा शाहरुख द्वारा पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की अतिशय निंदनीय घटना के बाद महादलित समाज के सिनियर आईएएस सेवानिवृत्त महेश्वर पात्रा से शादी कर नकली दलित बनकर एससी/एसटी के कलेजे पर मुंग दलनेवाली पशुपालन घोटाले की खलनायिका सीमा पात्रा को जातिवादी,गोबरवादी भाजपा नेत्री होने के अलावा बेशुमार धन-दौलत के घमंड ने आठ साल तक उसके घर में मैड सर्वेंट के तौर पर कार्य करनेवाली दिव्यांग आदिवासी बेटी सुनिता खाखा पर अमानुषिक व क्रुर अत्याचार की पराकाष्ठा की सारी सीमाएं तोड़ कर झारखण्ड की धरती को कलंकित किया है। बयान में केन्द्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि भाजपा के दोहरे चाल,चरित्र व चेहरे को चरितार्थ करनेवाली सीमा पात्रा का झारखण्ड में बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ अभियान की संयोजिका के तौर पर आदिवासी बेटी सुनिता खाखा के साथ मध्ययुगीन सामंती बर्बरता व जघन्यतम दूर्व्यवहार ने मानवोचित गरीमा से इतर सतरहवी सदी की सड़ांध में जीनेवाली महिला साबित कर दिया है,जिसके लिए जेल की क्रुर काल कोठरी ही उचित जगह है। बयान के अंत में उन्होंने कहा है कि एससी/एसटी समाज से आरक्षण के माध्यम से बड़े नौकरशाह बन चुके अधिकारियों की उंच्ची जाति की पत्नियों द्वारा एससी/एसटी के गरीबों के साथ क्रुरतम अत्याचार के मामले में अदालतों व सरकार को त्वरित संज्ञान लेकर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

भाजपा ने महादलित समुदाय से मिलकर मदद का दिया आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पांडु प्रखंड के मुरहुमातू गांव में मुसहर जाति अति महादलित को विशेष समुदाय के लोगों के द्वारा उनके घर को तहस-नहस कर बुलडोजर से उनके घर को नष्ट करके मारपीट कर उनको जंगल में छोड़ दिया गया और वहां जंगल में छोड़ने के बाद उनको वहां भी डंडे और लाठी से मारा गया। दलित मुसहर पीड़ित परिवारों से बुधवार को मिलकर उनको हर संभव मदद का भरोसा जताया एवं जब तक उन्हें उसी स्थान पर स्थापित नहीं कर दिया जाता तब तक पीड़ित दलित परिवारों के लिए जंग जारी रखने का भरोसा दिया । मौके पर पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील पासवान, भाजपा जिला मंत्री मनोज कुमार दुबे, मंडल अध्यक्ष पाण्डु प्रेम सागर सिंह, मंडल महामंत्री मनोरंजन गुप्ता , शंकर कुमार गुप्ता,मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष मनमोहन पाण्डेय, विरेन्द्र सिंह, बजरंग दल भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जनता दरबार में 10 आवेदनों का निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पाटन प्रखंड के सभागार में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन हुआ । इसमें जरूरतमंदों के 13 आवेदन आए। जरूरतमंदों द्वारा प्रस्तुत आवेदन मुख्य रूप से आवास ,वृद्धा पेंशन, मनरेगा तथा भूमि विवाद एवं जन वितरण प्रणाली के संबंध में थे । पाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जनता दरबार स्थल में 10 आवेदनों का निष्पादन किया गया । कार्यक्रम मे अंचल तथा प्रखंड कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे। जन वितरण प्रणाली के तहत आवेदनों का निपटारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी ने किया।

आजसू ने सुखाड़ को लेकर कृषि निदेशक से मुलाकात की

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को परिसदन भवन में झारखंड सरकार के सुखाड आंकलन समिति के प्रमुख कृषि निदेशक निशा उरांव से मुलाकात कर पलामू के सुखाड के स्थिति पर बिस्तार से चर्चा की।आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने बिस्तार पूर्वक गढ़वा एवं पलामू जिला की स्थिति पर चर्चा की। भदई फसल तो मुलतः समाप्त हो गई। समय रहते धान का बिचडा तैयार नही हो सका । जिसके कारण धान की खेती न के बराबर हुई।

इन्तयाज अहमद नजमी ने कहा कि पलामू के चैनपुर लेस्लीगंज मनातु छत्तरपुर समेत सभी प्रखंडों की हालत जायदा खराब है। सरकार अभी आकलन ही कर रही है। बिकेश शुक्ला ने कहा कि बरसात की स्थिति इतनी खराब थी कि पशुओं को चारा का संकट हो गया था। हल्का बरसात से कुछ राहत मिला है। जिला उपाध्यक्ष तुलसी शुक्ला ने आकाल की भयावह स्थिति पर मांग की और कहा कि अबिलंम्ब राहत कार्य चलाया जाये। हलांकि कृषि निदेशक निशा उरांव ने कहा कि हम वस्तु स्थिति का आकलन कर सरकार को सही स्थिति का रिपोर्ट करेंगे।

गणपति बप्पा के उद्घोष से गूंज उठा पलामू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्थानीय जैन मंदिर रोड में मुम्बई के लाल बाग के राजा के तर्ज पर पूरे विधि विधा के साथ पूजा अर्चन के साथ गणेश प्रतिमा स्थापित किया गया। इस पंडाल के आयोजनकर्ता बंटी ने बताया कि विगत 11 वर्षो से लगातार गणेश प्रतिमा स्थापित किया जा रहाहै और एक सप्ताह तक विधि विधान के साथ पूजा किया जाता है। दो साल कोरोना के कारण गणेश पूजन में बहुत उत्साह नही देखा गया था लेकिन इस बार पूरे उत्साह के साथ गणेश पूजन का कार्य किया जा रहा है। बताते चले कि धोबी मुहल्ला और जैन मंदिर रोड में महाराष्ट्र से आकर दुकान करने वाले गलाई दुकानदारों के आपसी सहयोग से पंडाल का निर्माण किया जाता है। सभी गलाई दुकानदार मराठी समुदाय से आते है। स्थानीय मन्दिरों में भी गणेश पूजन को लेकर विशेष अनुष्ठान किया गया।सप्तमातार मंदिर,हनुमान मंदिर और काली मन्दिर में भी गणेश की पूजन को लेकर भक्तों

की भीड़ रही। शहर में कई स्थानों में गणेश की प्रतिमा स्थापित किया गया है। जिसमे जैन मंदिर रोड,बेलवाटिक,सुदना,और स्थानीय समाचार दैनिक भास्कर के कार्यालय में भी गणेश प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया गया है।इसके साथ लोगो ने भी अपने घरों में गणेश की प्रतिमा स्थापित किया गया है।

विशेष मुहर्त में होगी पूजा : गणेश पूजन को लेकर पंडित आनन्द ने बताया कि गणेश चतुर्थी लगभग 60 सालों के बाद चित्रा नक्षत्र में एक साथ चार ग्रह स्वयं की राशियों में विराजमान रहेंगे। यह एक दुर्लभ संयोग है। आज बुद्धि व वाणी के ग्रह बुध कन्या राशि में तथा साहस व पराक्रम के कारक ग्रह मंगल कन्या राशि में रहेंगे। सूर्य अपनी राशि सिंह में तथा शनि स्वयं की राशि मकर में हैं। वहीं तुला राशि में शुक्र एवं चंद्रमा की युति बनी है। इसके साथ ही दो बड़े ग्रह शनि और गुरु का एक साथ वक्री होने से अति पुण्यकारी संयोग भी बन रहा है।

इस दिन चंद्र दर्शन को माना जाता है अशुभ : गणेश चतुर्थी के दिन चांद दर्शन को अशुभ माना जाता है । जानकर बताते है कि शुक्ल पक्ष चतुर्थी को चन्द्रदर्शन के पश्चात व्रती को आहार लेने का निर्देश है, इसके पूर्व नहीं। जो व्यक्ति इस रात्रि को चन्द्रमा को देखते हैं उन्हें झूठा कलंक प्राप्त होता है।

कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल-कूद का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। रांची रोड रेड़मा स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक खेल-कूद का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक सिया चरण सिंह ने सफल प्रतिभागियों को मेडल एवं पुरस्कार देकर पुरस्कृत करते हुए कहा कि खेल में बच्चे अनुशासन एवं आपसी समन्वय बनाना सीखते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास के लिए समय-समय पर खेल-कूद का आयोजन आवश्यक है। मौके पर विद्यालय प्राचार्य नंद किशोर भारती ने सभी सफल प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी आज अभिन्न अंग बन चुका है। विभिन्न तरह के खेले गए खेलों में जैसे टॉफी रेस में वर्ग नर्सरी के किशन कुमार प्रथम, प्रियल ओजस्वी द्वितीय, सानवी दुबे तृतीय, तृतीय, वर्ग पांच के साक्षी प्रिया प्रथम, आनंद द्वितीय, प्रेम तृतीय, वर्ग छह के शुभम प्रथम, मनीष द्वितीय, सनी सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रिया रंजनी कुमारी एवं शिखा कुमारी ने की। मौके पर तान्या वर्मा,पूनम तिवारी, साब्या सिंह, शिक्षक वेद प्रकाश दुबे, भानु प्रताप, पूजा कुमारी, ऋषिका, पिंकी, गुडस्क्विन, प्रसंता, डोली कुमारी, स्नेह सुरभि, प्रिया रंजनी, निभा कुमारी, रीता सिन्हा, अर्चना कुमारी, शिखा कुमारी, कुंदन दुबे, राकेश तिवारी, राजेंद्र पाल, वीरेंद्र सिंह, सिया पाल, आनंद, विनय आदि लोग मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला स्तरीय बैठक चार को

मेदिनीनगर। सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला स्तरीय बैठक 4 सितंबर को आहूत किया गया है। यह जानकारी संस्थान के पलामू जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने दी। संयोजक श्री सिंह ने बताया कि जिले के चैनपुर प्रखंड के कंकारी गांव में रामदेनी साव के घर के सामने पिंकी देवी के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया है। रविवार की सुबह 10 बजे से बैठक की कार्यवाही शुरू होगी। संयोजक श्री सिंह ने बताया कि आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज एवं संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज के पलामू में आगमन की तैयारी को लेकर बैठक में मुख्य रूप से विचार विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा ब्रह्मविद्या के प्रचार कार्य के साथ साथ आश्रम से जुडे सेवा कार्य का समीक्षा किया जाएगा । बैठक में पलामू जिले के सभी उपदेष्टा, प्रचारक,अक्षय कोष संग्रहकर्ता,जिला एवं प्रखंड स्तर के सभी प्रकोष्ठ के सेवा प्रभारी निश्चित रूप से भाग लेंगे।

अस्पताल अधीक्षक ने पानी की व्यवस्था दुरूस्त कराई

मेदिनीनगर। सदर अस्पताल में पिछले 3 महीनों से पानी टंकी का नल टूटा पड़ा था। इसके बाद एक मरीज के परिजन द्वारा इसकी जानकारी अस्पताल सुपरिटेंडेंट को दी गई। जानकारी मिलते ही अस्पताल सुपरिटेंडेंट ने पलंबर मिस्त्री को भेजकर नल को लगवा कर पानी चालू करवाया। बताते चलें कि पिछले 3 महीने से टंकी का नल खराब होने की वजह से अस्पताल के मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्हें अस्पताल के बाहर दुकान से खरीद कर पानी पीना मजबूरी बन गया था। परंतु सुपरिटेंडेंट के पहल से फिर से टंकी से पानी शुरू हो गई है । जिससे अस्पताल में आए मरीज व उनके परिजन काफी खुश हैं।

जनक्रांति मोर्चा ने पांडू घटना की निंदा की

मेदिनीनगर। झारखंड जनक्रांति मोर्चा ज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने कहा है कि जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत के कजरू कला पंचायत के मुरूमातू टोंगरी पहाड़ी के पास लगभग चार दशकों से रह रहे महादलित परिवार मुसहर को विशेष समुदाय के द्वारा दबंगों ने मारपीट कर जबरन गांव से भगाया है। उन्होंने कहा कि भुक्तभोगी जितेंद्र मूसहर ने कहा कि हम सभी लोग कई वर्षों से इस जगह पर अपने पूरे परिवार के साथ रहते थे । परंतु अचानक गांव की विशेष समुदाय के दबंगों ने द्वारा ड़रा धमका कर घर खाली कराने पर दबाव बनाने लगे। मूसहर समाज के सदस्यों ने कहा कि मुरूमातू के सभी विशेष जाति ने मिलकर जब हम लोगों को सामान गाड़ी में भरकर हम लोगों को जंगल में छोड़ आये । मुसहर परिवार के लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जंगल में ले जाकर मारपीट भी किया गया एवं थाने जाने से रोका गया। वही विशेष समुदाय ने बताया कि इनकी जमीन नहीं है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद झारखंड जनक्रांति मोर्चा ज ने संज्ञान लिया और पलामू आला अधिकारियों से वार्तालाप कर इन्हें जल्द से जल्द समाधान करने की प्रक्रिया तेज की । उन्होंने कहा है कि आदिवासी दलितों के सरकार में यह रवैया गलत है जो भी उचित माध्यम है वह न्यायालय और थाना है । बेघर करना मारपीट करना न्यायोचित है। मुख्यमंत्री से जांच कर उचित न्याय की मांग उन्होंने किया है।

डीईओ ने ई- सेवापुस्तिका के सत्यापन का दिया निर्देश

मेदिनीनगर। पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापक जो राजकीय , राजकीयकृत , परियोजना उच्च विद्यालय एवं स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में कार्यरत है। सभी को मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली के अन्तर्गत कार्यरत सभी कर्मियों का ई-सेवापुस्त के आकड़ों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। निर्गत पत्र के माध्यम से बताया गया कि मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली के अन्तर्गत कार्यरत सभी कर्मियों का आजतक ई-सेवापुस्त में आकड़ों का सत्यापन नहीं किया गया है। जिसके लिए निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने विद्यालय के कार्यरत कर्मियों का मूल सेवापुस्तिका एवं ई-सेवापुस्त के साथ प्रखण्डवार निर्धारित तिथि को जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू कार्यालय के लिपिक अरूण कुमार गिरि के पास जमा करना सुनिश्चित करेंगे। किसी कर्मी का यदि ई-सेवा पुस्तिका कार्यालय में जमा नहीं किया जाता है तो संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक दोषी होंगे।

शहीद नीलांबर पीतांबर के नाम पर दो गज जमीन नहीं

मेदिनीनगर। लेस्लीगंज के एआईडी में बुधवार को नीलांबर पीतांबर समाधि निर्माण संघर्ष समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता चंद्रधन महतो ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि जन संग्राम मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष युगल पाल ने नीलांबर पीतांबर के समाधि स्थल पर अतिक्रमण का कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि अब इस प्रखंड का नाम नीलांबर पीतांबरपुर हो गया है। नीलांबर पीतांबर को अंग्रेजों से लड़ते लड़ते इसी धरती पर शहादत देना पड़ा। ऐसे वीर सपूत के लिए यहां 2 गज जमीन नहीं है। जो कहीं न कहीं इस इलाके के जनप्रतिनिधि के उदासीन रवैया को दिखाता है। कमेश सिंह चोरों ने कहा कि उक्त मामले पर उपायुक्त पलामू से मिला जायेगा। यदि नीलांबर पीतांबर के समाधि स्थल को अतिक्रमण मुक्त नहीं हुआ तथा फांसी स्थल चिन्हित नहीं हुआ तो चरण बंद आंदोलन चलायेंगे। बताया कि इस मुद्दे पर 10 सितंबर को भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, माले विधायक विनोद कुमार सिंह, इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार विधान सभा सदस्य मनोज मंजिल, अजीत कुशवाहा समेत अन्य कई विधायक और नेता यहां पहुंचेंगे। बैठक में भाकपा माले के जिला कमेटी सदस्य नर्वदेश्वर सिंह, शिव महतो, राजेंद्र राम, विनय राम, उदेशी राम, बिंदेश्वर मेहता, शत्रुघ्न आजाद, विजय चौरसिया, कृष्णा विश्वकर्मा, रीना देवी, छोटू कुमार मेहता, सेवानिवृत्त शिक्षक शिव शंकर राम समेत समिति के अन्य लोग उपस्थित थे।

पड़वा प्रखंड कार्यालय में लगा जनता दरबार

मेदिनीनगर। पलामू उपायुक्त ए दोड्डे के निर्देशानुसार मंगलवार को पंडवा प्रखंड कार्यालय के सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने ऑन स्पॉट कई मामलों का निष्पादन किया। जनता दरबार में समाजिक सुरक्षा पेंशन संबंधित ग्यारह आवेदन प्राप्त हुए । सभी ऑन स्पॉट निष्पादित हुआ। राजस्व में पंजी टू से संबंधित नौ आवेदन प्राप्त हुए सभी प्रक्रियाधीन, रैयती भूमि से संबंधित विवाद दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर अगले सप्ताह में बुलाया गया। आपूर्ति से संबंधित नौ आवेदन मिला सभी निष्पादित हुआ। मौके पर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि उपायुक्त पलामू के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड मुख्यालय में जनता दरबार आयोजित किया जाना है। कहा कि उक्त के आलोक में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें कई मामले आये। त्वरित निष्पादित योग्य आवेदनों का निष्पादित किया गया व बाकी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई हेतु वांछित प्रक्रिया की गई। इस मौके पर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे, प्रधान सहायक अनुप प्रसाद, संजीव कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

केतार में धूमधाम से मनायी गयी गणपति पूजा, झूमे श्रद्धालु

केतार। गणेश चतुर्थी पर बुधवार को गणपति पुजा की गई। प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर भक्तों ने श्रद्धा , हर्षोल्लास और धूम धाम से पुजा अर्चना की। पुरोहित कृष्ण मोहन दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा पर धूप, अगरबत्ती,अच्छत,रोडी,फुल, चढया और लड्डू का भोग लगाया।पुजन विधी के बाद भगवान गणेश की आरती उतारी गई। भगवान गणेश की पुजा करने के लिए आस पास के दर्जनों लोग पुजा पंडाल पहुंच कर पुजा की और घर परिवार और समाज के सुख , शांति और समृद्धि के लिए कामना की। गणपति पुजा के बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में हेमंत कुमार, रामा दीपक, पंकज कुमार, विकास कुमार,ओमप्रकाश कुमार, राहुल कुमार, मणी मेहता, रोहित कुमार सहित अन्य लोग अहम भूमिका निभाई। गुरुवार को हवन के पश्चात भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन पंडा नदी में किया जायेगा।

चौरिया गांव मे दुर्गा पूजा कमेटी का किया गया गठन, हर्षोल्लास से दुर्गा पूजा मनाने का लिया निर्णय

खरौंधी(गढ़वा)। प्रखंड क्षेत्र के चौरिया गांव में चौरिया चौपाल में दुर्गा पूजा कमेटी गठन को लेकर एक बैठक की गई। जिसमें मुखिया प्रमोद राम की अध्यक्षता में पूजा कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष चौधरी राजकुमार निराला व सचिव मनदीप साह व कोषाध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता व उपाध्यक्ष प्रमोद राम मुखिया , उपसचिव सूर्यदेव चौधरी का चयन किया गया। मुखिया प्रमोद राम ने कहां की दुर्गा पूजा हर साल की भांति इस साल भी हिंदू रीति रिवाज के तहत शांतिपूर्ण तरीके से मनाई जायगी।कमिटी के अध्यक्ष चौधरी राजकुमार निराला ने कहा कि दुर्गा पूजा महोत्सव भाई चारे के साथ मिलजुल कर मनाई जाएगी। कमेटी द्वारा ली गई सभी बिंदुओं पर कार्य किया जाएगा। सचिव मानदीप साह ने कहा कि सभी के सहयोग से दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। विशेष रूप से साफ सफाई पर पूर्ण रुप से ध्यान रखी जाएगी। जिसमे सभी कमिटी के लोग इस कार्यकर्म का भागीदारी निभाने की बात कही।बैठक में उपस्थित चंदेश कुमार पटेल, धनवंत प्रसाद गुप्ता, मनोज चौधरी, जगरनाथ चौधरी, विद्या चौधरी, बैजनाथ चौधरी, राकेश पटेल ,बिनोद चौधरी, जयप्रकाश गुप्ता ,नथुनी चौधरी ,रमेश बैठा, सुनील चौधरी, अजय पटेल, अजीत पासवान ,मनु चौधरी, मिठू कुमार पटेल, विकास कुमार,आदि मौजूद थे।

अलग-अलग मामले में पुलिस ने दो को भेजा जेल

गढ़वा। गढ़वा पुलिस ने अलग-अलग मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि अवैध बालू उठाव के आरोप में दर्मी निवासी शेख अख्तर अली को गिरफ्तार किया गया है वही अवैध शराब रखने और बेचने के आरोप में गढ़वा थाना क्षेत्र के नगवा गांव निवासी संजय पटवा को गिरफ्तार किया गया है

आरकेपीएस में सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

गढ़वा। गणेश चतुर्थी के अवसर पर आरकेपीएस गढ़वा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जूनियर विंग के छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक श्री अलखनाथ पांडेय ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखरने का मंच मिलता है।स्कूल अपने स्थापना काल से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है, यही कारण है कि आज स्कूल के छात्र-छात्राएं हर क्षेत्र में अव्वल हैं। अंत में उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं को गणेश चतुर्थी की शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती प्रियंका वर्मन ने भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर जूनियर विंग के इंचार्ज जे पी नारायण व सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

वज्रपात से तीन पशुओं की मौत

डंडई। गरज तड़क के साथ बुधवार देर शाम हुई मूसलधार बारिश में 3 पशुओं की एक साथ घटनास्थल पर ही मौत हो गई । मृत पशुओं में दो बैल और एक गाय शामिल है । मृतक सभी पशु बोलिया गांव निवासी रामदेव भुइयाँ के बताए जाते हैं । बताया जाता है कि पूर्व की तरह बुधवार को भी तीनों पशु एक साथ घास चरने केहूनिया नाला जंगल की ओर गए थे । इसी बीच वज्रपात की घटना में तीनों पशुओं की घटनास्थल पर मौत हो गई । घटना की जानकारी पाकर भुक्तभोगी घटनास्थल पर पहुंच रोना विलखना शुरू कर दिया । भुक्तभोगी ने बताया कि तीन पशुओं में एक गाय को बचपन से ही पाल पोस कर बड़ा किया था कि समय आने पर उसका दूध हमें नसीब हो सके । लेकिन मेरा वह सपना साकार नहीं हो सका । उसके बीच में ही बच्चा देने से छः माह पहले वज्रपात की घटना में बुधवार को उसकी मौत हो गई ।

नकली खाद बेचने की सूचना पर जांच के बाद डीओ ने दुकान को किया सील, बोले बीडीओ

नकली खाद बेचने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। भवनाथपुर नकली खाद बेचने के जानकारी के बाद डीओ रामाश्रय राम ने किया एक दुकान को शील। पंडरिया पंचायत के सरैया गांव के किसान बीरेंद्र साह ने मेहता बीज भंडार से 15 दिन पूर्व डीएपी खाद खरीदा था टमाटर के खेत मे डालने के बाद किसी भी तरह का कोई फायदा नहीं हुआ। जिसके बाद किसान बीरेंद्र साह ने डीएपी को घोल कर डालने का निर्माय लिया। घोलने के बाद किसान ने देखा कि उस से बालू निकल रहा है तो किसान बीरेंद्र साह ने दुकान पर जा कर दुकानदार से शिकायत किया तो दुकानदार रामचंद्र मेहता के द्वारा बोला कि डीएपी 14-28-0 में बालू निकलता ही है। जिसके बाद पंडरिया पंचायत के किसान मित्र के द्वारा बीटीएम को सूचना दिया गया। बीटीएम जिला कृषि पदाधिकारी के साथ सूखा राहत की रिपोर्ट के लिए केतार जा रहे थें सूचना मिलने के बाद भवनाथपुर थाना मोड़ के समीप मेहता बीज भंडार के पास पहुचे और जांच किया। जांच में डीएपी खाद में बालू निकलता देखा जिसके बाद सभी तरह के खाद का सेंपल लेकर लैब में जांच करने के लिए लिया। वहीं दुकानदार रामचंद्र मेहता ने कहा कि हम खाद डालटनगंज के विकाश सेठी के पास से कंपनी का खाद लाए हैं पूरे प्रखण्ड में सभी लोग यही खाद बेच रहे हैं हम दो नम्बर का खाद नही बेच रहे हैं। सूत्रों की माने तो भवनाथपुर ही नही अन्य प्रखण्ड केतार, खरौंधी में भी नकली खाद बेचा जा रहा है पूर्व में भी खरौंधी एवं भवनाथपुर में ऐसे मामला आया था जो कि जांच नाम पर ठंडे बक्शा में डाल दिया गया है दुकानदारों के द्वारा यूपी के कोन से भवनाथपुर, खरौंधी, केतार तीनो जगह कंपनी के दाम से एक तिहाई कम कीमत पर बेचा जाता है मौके पर बीटीएम ओमप्रकाश गुप्ता, चंद्रकिशोर, पंडरिया किसान मित्र पंचम साह, जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष चंदन ठाकुर, थाना के ए एस आई अभिमन्यु सिंह मौजूद थे।

क्या कहते हैं डीओ

जिला कृषि पदाधिकारी रामाश्रय राम ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि हमलोग सुखाड़ की जांच करने के लिए केतार जा रहे थे जानकारी मिली कि दो नम्बर की खाद दुकानदार के द्वारा बेचा जा रहा है खाद से बालू निकल रहा है सेंपल लेकर लैब में जांच के लिए भेज रहे हैं तब तक के लिए दुकान को शील कर दिया जा रहा है। वहीं किसानों से जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि जब कि खाद लेते हैं तो दुकानदार से रशीद जरूर लें।

क्या कहते हैं बीडीओ

बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि दो नम्बर का खाद बेचना सारा सर गलत है किसानों के साथ धोखा है ऐसे दुकानदारों को बक्सा नही जाएगा। दुकानदार के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराया जाएगा। अगर दुकानदार खाद में निर्धारित मूल्य से ज्यादा लेते हैं तो इसकी शिकायत किसी उसके ऊपर कार्यवाई की जाएगी।

क्या कहते हैं किसान

किसान बाला यादव, विनोद यादव, लालू साह, परशुराम यादव, प्यारे मोहम्मद ने छापेमारी के दौरान अधिकारी से कहा कि हमलोग खाद हमलोग दुकान से लाते हैं लेकिन हमलोग को नकली खाद देकर लुटा जा रहा है हमलोग खेती कैसे करें इसकी चिंता हमलोग को सत्ता रही है जिला कृषि पदाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से कहा कि नकली खाद बिक्रय की जांच कर सख्त से सख्त कार्यवाई की जाए।

40 ग्रीन राशन कार्डधारकों के बीच धोती, साड़ी-लुंगी का किया गया वितरण

नवीन मे संवाददाता

धुरकी। प्रखंड अंतर्गत धुरकी पंचायत में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार प्रमिला कुंवर उप मुखिया प्रतिनिधि हनीफ अंसारी के मौजूदगी में बुधवार को दस रूपया में धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया गया। जन वितरण प्रणाली के दुकानदार प्रमिला कुंवर ने बताया की ग्रीन राशन कार्डधारी को दस रूपया में धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया जा रहा है। टोटल 40 कार्ड धारी है जो की वितरण किया जा रहा है वितरण जारी है। वही उप मुखिया प्रतिनिधि हनीफ अंसारी ने बताया की सरकार का महत्वकांक्षी योजना है जो की सरकार हर गरीब को राशन कार्ड के माध्यम से चावल गेंहू केरोसिन तेल के अलावा दस रूपया में धोती साड़ी लूंगी दे रही है साथ ही सरकार गरीबों के प्रति बहुत ही विकास के कार्यों में ध्यान उत्कृष्ट कर रही है जो की सरकार का हर लक्ष्य किसी भी तरह का लाभ हो वो गरीब के हित में देने का काम कर रही है जैसे सभी गरीब राशन कार्ड धारी को एक रुपया में चावल गेंहू केरोसिन तेल के अलावा दस दस रुपए में धोती साड़ी लूंगी देने का कार्य कर रही जो की गरीब के हित में लाभ दायक योजना है और साल में दो बार सोना सोबरन योजना के तहत ये लाभ दिया जा रहा है। मौके पर रबीना बीबी, सुजंती देवी, सीमा देवी, सुमित्रा देवी, हासिम अंसारी, सहित काफी संख्या में कार्ड धारी उपस्थित थे।

बच्चों का जाति व निवास प्रमाण पत्र नहीं बनने से परेशान है अभिभावक, लगा रहे गुहार

नवीन मेल संवाददाता

डंडई। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए खतियान बड़ी बाधा बन गया है । उसके बिना उनका जाति व निवास प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है । विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा खतियान बिहीन छात्र-छात्राओं के सभी आवेदन को वापस लौटा दिया जा रहा है । जिसका सीधा प्रभाव उनके अभिभावकों पर पड़ रहा है । उक्त कार्य के लिए महीनों दिन से परेशान छात्रा सुजन्ति कुमारी और छात्र सूरज कुमार को अपने साथ लेकर मां देवंती देवी बुधवार को प्रखंड कार्यालय पहुंची । कार्यालय बंद होने के कारण प्रखंड के किसी भी पदाधिकारी यों से उनकी मुलाकात नहीं हो सकी । अपने घर लौटने के दौरान देवंती ने बच्चों संग जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षकों के कहे अनुसार खतियान के लिए मैं दो-दो बार डाल्टनगंज गई लेकिन वहां पर मुझे खतियान नहीं मिल पाया। डालटेनगंज रेवेन्यू कार्यालय के पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया कि खतियान यहां नहीं बल्कि गढ़वा कार्यालय से ही उपलब्ध हो जाएगा। उनके कहने पर दूसरे दिन जब मैं गढ़वा कार्यालय पहुंची तो यहां के अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि खतियान यहां नहीं मिलेगा । आपको रेवेन्यू कार्यालय डाल्टनगंज जाना होगा । अधिकारियों के क्रियाकलाप से तंग आकर मैं अपने घर पर बैठ गई । मन में तसल्ली नहीं मिलने पर उसके 10 दिन बाद अपने बच्चों को लेकर पदाधिकारियों के पास बुधवार को आरजू विनती करने प्रखंड कार्यालय डंडई पहुंची । यहां पर कार्यालय बंद होने के कारण उक्त अधिकारियों से उनकी मुलाकात नहीं हो सकी । देवंती ने कहा कि इस गरीबी की घड़ी में मेरे बच्चों के लिए छात्रवृत्ति की राशि एक बड़ा सहारा हो जाता । लेकिन खतियान नहीं मिलने से ना तो उनका जाति और निवास प्रमाण पत्र बन पाएगा और ना ही उन्हें छात्रवृत्ति की राशि ही मिल पाएगी ।

सीमा पात्रा को मिले कड़ी से कड़ी सजाः मूलवासी सदान मोर्चा

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने सीमा पात्रा के द्वारा घर में काम करने वाली सुनीता के साथ अत्यंत अमानवीय तरीके से प्रताड़ित किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है और कहा कि सीमा पात्रा ने जघन्य अपराध किया है। उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।उन्होंने कहा कि सीमा पात्रा के उपर हत्या करने का प्रयास करेने जैसे धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। प्रसाद ने पीड़िता को पूरी इलाज और कंपनसेशन के अलावे सुनीता को सरकारी नौकरी भी देने की मांग सरकार से की है।

मुरी रेलवे स्टेशन के समीप हिंडालको कर्मी की ट्रेन से कटकर मौत

मुरी। मुरी रेलवे स्टेशन के समीप लाइन नंबर 9 पर हिंडालको कर्मी बसंत महतो की मौत ट्रेन से कटकर हो गई। बताते चलें कि मृतक बसंत महतो पिता स्वर्गीय गंगाधर महतो उम्र 50 वर्ष बड़ा मुरी काशीडीह के रहने वाले थे। वर्तमान में वह हिंडालको कॉलोनी में क्वार्टर नंबर डी 52 में परिवार संघ रहते थे तथा हिंडालको में स्थाई रूप से सुरक्षा प्रहरी के पद पर कार्यरत थे। सुबह लगभग 10:00 बजे ग्रामीणों ने उनके शव को रेलवे ट्रैक में देखा और इसकी सूचना राजकीय रेल थाना और आरपीएफ थाना को दी ।सूचना पाकर दोनों थाना के पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया।

धुरकी प्रखंड क्षेत्र में उत्पन्न सुखाड़ की स्थिति को लेकर राज्य स्तरीय टीम ने किया मुआयना

नवीन मेल संवाददाता

धुरकी। प्रखंड क्षेत्र में उत्पन्न सुखाड़ कि स्तति का मुआयना करने को लेकर राज्यस्तरीय टीम ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव टाटीदीरी, भंडार, अंबाखोरया, खाला, खुटिया, आदि गांवों का मुआयना किया इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी रामाश्रय राम धुरकी प्रखंड के प्रभारी बीएओ अंबुज कुमार, बीपीआरओ चंद्रकिशोर व बीटीएम प्रवीन कुमार मिश्रा मुयैना दल में शामिल थे.क्षेत्र मे सुखे के प्रभाव से हुई खरीफ एवं भदयीं फसलों की नुकसान का आकलन टीम के द्वारा की गयी है। वहीं उक्त सभी क्षेत्रो में जाकर सुखे और समय से वर्षा नही होने के कारण किसानो को क्या-क्या नुकसान हुआ इसकी जानकारी प्रगतिशील किसान, छोटे किसान व बंटाईदार किसानो के अलावे कृषि मित्रों से टीम के द्वारा ली गयी वहीं जांच करने आयी टीम को बीएओ अंबुज कुमार व बीटीएम प्रवीन कुमार मिश्र ने नुकसान और जमीन की वस्तुस्थिति की जानकारी दिया. किसानों ने टीम को बताया कि हल्के फुल्के बारिश में किसी तरह कयी तरह के फसलों की बुआई कर दिए थे, लेकिन बारिश समय पर नही होने के कारण सभी फसल खेत मे ही सुख गये। वहीं त्रिस्तरीय जांच टीम मे शामिल जिला कृषि पदाधिकारी धिकारी व राज्य की टीम ने धुरकी प्रखंड को पुरी तरह से सुखाग्रस्त रहने की पुरी संभावना जतायी है.वहीं टीम ने कम वर्षा के कारण नदी, तालाब, डैम, कुआ व सभी बड़े-छोटे जलाशय को देखने के बाद बताया है की स्थिती संतोषजनक नही है. इस दौरान टीम के सदस्यों ने बताया कि सुखे और कम वर्षा का आंकलन डोर-टू-डोर किया जा रहा है इसकी रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को शीघ्र भेजी जायेगी। साथ ही किसानों को बताया गया की सरकार द्वारा चलाई जा रही फसल राहत योजना के लिए रजिस्ट्रेशन सभी लोग करा लें।

चिनियां में हाथियों ने कई किसानों के खेतों में लगे फसल को किया बर्बाद

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। थाना क्षेत्र में पिछले 2 सप्ताह से जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है वही मंगलवार की रात्रि भी चिरका गांव के रामाधार सिंह के खेत मे लगे मकई धान के बिचड़े तथा तील व धान के फसल को हाथियों ने रौद डाला तथा खा गए । वही चिरका गांव के ही जोगिंदर सिंहा, नान्हु सिंह, शिवलाल सिंह, अकील अजहर मंसूरी, सुरेश यादव, रामजी यादव, राजेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, सूरज देव साव, संजय यादव, विनोद यादव के धान के बिचड़ा तथा चीनिया में उमेश यादव का मकई अनीस अंसारी के तील के फसल जंगली हाथियों ने खा गए तथा तथा रौद डालें। वही तहले गांव के रामवृक्ष यादव के तील मकई तथा चिनिया के रामप्रवेश यादव तथा बुधन यादव के चहारदिवारी हाथियों ने गिरा डाला। मामले में वन विभाग के वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि किसानों के फसलों के जंगली हाथी द्वारा नुकसान किए जाने की जानकारी मिली है जांच कर सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा किसानों को दिए जाएंगे उधर किसानों ने हाथी भगाने की मांग की है आम ग्रामीणों ने जंगली हाथियों से दहशत है लोग जंगल की रास्ते से रात को जाने से डर रहे हैं वही हाथियों की संख्या 7 बताई जा रही है।

खरौंधी प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय मधवाडेरा में आने-जाने के लिए सड़क नही रहने से बच्चे परेशान

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी(गढ़वा)। प्रखंड क्षेत्र के माझिगावां गाँव मे नव प्राथमिक विद्यालय मधवाडेरा तक आने जाने के लिए सड़क सुविधा नहीं है। इस बात को लेकर छात्र-छात्राएं काफी परेशान हैं। वहीं स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक भक्त विष्णुधर ने भी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों तक इस मामले को लेकर जानकारी दी, लेकिन आज तक कोई हल नहीं निकला है। बताया जाता है कि शिक्षकों, बच्चों और अभिभावकों के मांग पर दो साल पहले पगडंडि सड़क का निर्माण किया गया था लेकिन कुछ स्थानीय उक्त सड़क को अपना जमीन बताते हुए उसमे जोतकोड करते हुए सड़क को तहस नहस कर दिए हैं।सड़क निर्माण कराने के लिए अब एक बार फिर स्थानीय अभिभावकों ने पत्र लिखकर अंचल अधिकारी खरौंधी से सड़क की मापी करते हुए सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। वे कहते हैं कि सरकार एक ओर आबादी वाले टोलों को सड़क उपलब्ध कराने की बात करती है। दूसरी ओर विद्यालय में प्रतिदिन आने-जाने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों को एक अदद रास्ता उपलब्ध नहीं है। स्कूल जाने वाले रास्ते की हालत खराब है बरसात के दिनों में खेतों के मेड़ो के रास्ते बच्चे स्कूल पहुंचते हैं।

क्या कहते है छात्रों के अभिभावक

स्थानीय अभिभावक कहते हैं कि एक तो स्कूल जाने के लिए रास्ता ही नही है। यहीं कारण है कि बहुत छात्र-छात्राएं खेत पर बने मेढ़ से स्कूल आते-जाते हैं। लेकिन जब खेत में फसल लगी होती है तो कठिनाई और बढ़ जाती है। बारिश के दिनों मुश्किलों का सामना ज्यादा करना पड़ता है। इसकी जानकारी मिलते ही विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव ने सड़क निर्माण के लिए वरीय अधिकारियों से मिलकर सड़क की मापी कराते हुए सड़क निर्माण की मांग की है।उन्होंने कहा की सरकारी स्कूलों में बच्चों को स्कूल आने जाने के लिए रास्ता उपलब्ध नहीं होना चिंतनीय हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी को आवेदन देकर सड़क की मापी कराने की मांग की है ताकि सड़क निर्माण कराया जा सके एवं बच्चों को आवागमन सुलभ किया जा सके। मौके पर अभिभावक सतेंद्र प्रसाद यादव, राजमोहन यादव, बालेश्वर यादव, देवेंद्र यादव, अर्जुन यादव ,रामाधार यादव, बटेश्वर यादव,मोजाहिम मियां, पारसनाथ यादव, प्यारी महतो, श्यामराज प्रसाद यादव,रविन्द्र प्रसाद यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

ऑटो दुर्घटना में महिला की मौत कई घायल, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। थाना क्षेत्र के चिरका गांव निवासी लक्ष्मण सिंह की पत्नी उम्र 42 वर्ष की मौत टेंपो दुर्घटना में घटना अस्थल पर ही हो गई । प्राप्त खबरों के अनुसार चिनिया के चीर का गांव से एक टेंपू जिसका नंबरँ03 डब्लू 5597 बताया जा रहा है । उक्त टेंपो पर दर्जनों महिला पुरुष सवार होकर चिरका से रंका थाना क्षेत्र के दूधउवल गांव में शिव चर्चा के लिए जा रहे थे । इसी बीच रणपुरा से आगे जंगलों में स्थित बर पेड़ के पास टेंपो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे चिरका निवासी लक्ष्मण सिंह की पत्नी मकराति देवी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई । साथ ही टेंपो में बैठे अन्य दर्जनों महिलाएं एवं पुरुष जिसमे राजमूणि सिंह, बिमला देवी,सरीरा देवी, किरण देवी,अजय सिंह बुरी तरीके से घायल हो गये । जिनका इलाज पास के ही क्लिनक में कराया जा रहा है वही टेंपो ड्राइवर अन्य लोगों के सहयोग से शव को उठाकर चिरका आम बगीचा में टेंपो सहित शव को छोड़कर मौके से फरार हो गया वही खबर लिखे जाने तक चिनिया पुलिस सब इंस्पेक्टर जयंत शर्मा अपने दल बल के साथ पहुंचकर घटना की जांच में जुट गई थी। मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

यूपीए घटक दल के सभी विधायक एकजुट, सरकार को कोई खतरा नहीं: रामचंद्र सिंह

बरवाडीह। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार की यूपीए गठबंधन के सभी विधायक एकजुट है। यूपीए गठबंधन के सभी विधायक भाजपा के किसी भी झांसे में नहीं आने वाले। सभी विधायक एकजुट होकर किसी भी परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार है। झारखंड की सरकार में असमंजस की स्थिति के बीच उक्त बातें विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने बरवाडीह प्रखण्ड के मंगरा स्थित आवास में कही। कांग्रेस के मनिका विधायक रामचंद्र सिंह हेमंत सरकार आए खतरे के बीच सोमवार को मंगरा पहुंचे थे। विधायक रामचंद्र सिंह अपने बड़े भाई ब्रह्मदेव सिंह की पत्नी (अपनीभाभी)की आकस्मिक मौत पर उनके श्राद्ध कर्म के दशग्रात्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंगरा के बगल मुगीर्डीह गांव पहुंच कर अपने बड़े भाई ब्रह्मदेव सिंह की पत्नी(अपनी भाभी) की निधन की शोक में शामिल होकर 10 वा कार्यक्रम में बाल मुंडन करवाया। अपने अन्य परिवारों के साथ इस अवसर पर सभी कार्यक्रमों में शामिल होकर गठबंधन में एकजुटता दिखाते हुए। इसके बाद यहां से यूपीए के अन्य विधायकों के साथ शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ रायपुर के लिए रवाना हो गए।

डीएमएफटी फंड मामले की लोकायुक्त से की गयी शिकायत

चंदवा। समाजसेवी रवि कुमार डे ने पथ निर्माण विभाग विश्रामागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा है कि लातेहार जिला में डीएमएफटी फंड का जो बंदरबांट हुआ है उसका शिकायत वाद झारखंड लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराया गया है श्री डे ने कहा कि लातेहार जिला में जिनके द्वारा भी डीएमएफटी फंड का बंदरबांट किया गया है जिला प्रशासन वैसे लोगों को जांच कर कड़ी से कड़ी सजा दे, तथा दोषियों पर मामला दर्ज कर वैसे लोगों के निजी संपत्ति की भी जांच करवाते हुए जेल भेजने का काम किया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो अक्टूबर महीने में हम लोग जन आंदोलन के लिए मजबूर होंगे । क्योंकि डीएमएफटी घोटाला सिर्फ तालाब और सड़क निर्माण में नहीं हुआ है बल्कि कृषि विभाग शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग और ना जाने कई विभागों में डीएमएफटी फंड का खर्च किया गया है, और सभी विभागों में कार्य फलाफल शुन्य है, अधिकारी पदाधिकारी सारे लोग मिलकर राशि की बंदरबांट किया है।श्री डे ने जिले के उपायुक्त से मांग किया है कि डीएमएफटी राशि की जहां कहीं भी खर्च हुआ है, उसकी गहनता से जांच हो और दोषी पर कानूनी कार्रवाई हो।

मायापुर में बिजली की लचर व्यवस्था से ग्रामीण परेशान

गारू। गारू प्रखंड के बारेसांढ़ व मायापुर में बिजली की समस्या आम हो गयी है। विद्युत आपूर्ति की पिछले कई महीनों से बिजली की कमी झेल रही है। खासकर बरसात के दिनों में बिजली कब कटेगी, यह न तो लोगो को पता है, न ही विभागीय पदाधिकारी इससे अवगत है,हालांकि तब वे अधिक परेशान हो जाते है, जब बिजली काटने के बाद उपभोक्ता कारण जानने के ख्याल से उन्हें मोबाईल पर सम्पर्क करते है। इन परिस्थितियों में पदाधिकारी व मिस्त्री भी बेफिक्र हो जाते है। विदित हो कि बारेसांढ़ क्षेत्र में विधुत आपूर्ति पहले गारू पावर ग्रिड से की जाती थी, परंतु महुआडांड़ प्रखंड से बारेसांढ़ फिटर से आपूर्ति किये जाने के बाद से लगातार आपूर्ति बाधित सा रहता है। बाद में विभाग द्वारा नव निर्मित सबग्रिड बाँसकरचा से आपूर्ति शुरू कर दिया गया। जिसके बाद बारेसांढ़ में विद्युत आपूर्ति लगातार बाधित रहने लगा। शीलवंती देवी बारेसांढ़ उपमुखिया बताती है कि बरसात के दिनों उपभोक्ताओं को मोबाईल चार्ज करने व अंधेरे घर मे रहने में जहरीले सांप आदि से भय व्याप्त रहता है।

विहिप व भाजपा ने अंकिता हत्याकांड के विरोध में निकाला कैड़ल मार्च

गिद्धौर(चतरा)। अंकिता हत्याकांड के विरोध में बीते देर शाम विश्व हिंदू परिषद व भाजपा कार्यकताओं ने गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में जनाक्रोश कैंडल मार्च निकाला। इस क्रम में हेमंत सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए दोषी को जल्द फांसी देने की मांग की गई। कार्यकताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शासन में झारखंड में बेटियों की आबरू व जान सुरक्षित नहीं है। ऐसी सरकार को एक दिन भी सत्ता पर रहने का अधिकार नहीं है। संबोधन के दौरान कार्यकताओं ने सरकार को चेताया कि राज्य में ऐसी घटनाओं पर अगर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो विहिप, बजरंग दल व भाजपा चरणबद्ध आंदोलन करेगी। कैंडल मार्च विहिप के प्रखंड अध्यक्ष प्रसांत कुमार, बजरंग दल प्रखंड प्रमुख आदित्य कुमार के नेतृत्व में निकाला गया जो प्रखंड मुख्यालय के कोमल चौक से प्रारंभ हुआ जो संपूर्ण मुख्य मार्ग का भ्रमण किया। इसमें कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

मुखिया ने पौधरोपण कर मनाया पुत्र का जन्मदिन

पत्थलगडा(चतरा)। प्रखंड अंतर्गत बरवाडीह पंचायत के मुखिया महेश दांगी उर्फ संदीप सुमन व पूर्व मुखिया रेणुका देवी ने अपने पुत्र आंनद कुमार सुमन का 5वां जन्मदिन पौधारोपण कर बुधवार को मनाया। इस अवसर पर पंचायत के बिरहोर टोला में आदिम जनजाति के बच्चों के बीच मिठाई का भी वितरण किया। मुखिया ने कहा जिस प्रकार से प्रदुषण का प्रकोप बढ़ते जा रहा है, ऐसे में एक मात्र उपाय पर्यावरण संरक्ष ही है। जिसके लिए हम सभी को अधिक से अधिक पैधे लगाने के साथ उसका संरक्षण करना जरुरी है। आम लोगों से मुखिया श्री दांगी ने हर विषेष मौके पर पौधारोपण करने की अपील की।

दूसरे दिन भी अनशन पर बैठे रहे मत्स्य कृषक, कहा

निबंधन के लिए अब तक नहीं दी गयी अनुमति

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। जिले के मनिका प्रखंड के बिसुनबांध पंचायत के रेवतकला के आक्रोशित मत्स्य कृषकों ने बुधवार को दूसरे दिन भी जिला सहकारिता विभाग कार्यालय के समीप अपनी मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठ गए। मत्स्य कृषक सुबोद कुमार, संतोष राम, रब्बानी अंसारी, बिनोद राम, रामजीत सिंह, विजय राम, मनीषा देवी, शंकर सिंह, जुगेसर भुइंया, रबिता देवी, पूनम देवी, उषा देवी, मनोज राम ने बताया की जिला सहकारिता विभाग लातेहार द्वारा निबंधन के लिए अनुमति नहीं मिलने के विरोध में अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठ गए है। उन्होंने कहा कि हम सभी मत्स्य कृषक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त 41 सदस्य का आवेदन जिला मत्स्य पदाधिकारी लातेहार को 5 अप्रैल 2022 को जलाशय स्तरीय

मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड बनाने के लिए आवेदन दिया गया था। जिसके आलोक में जिला मत्स्य पदाधिकारी लातेहार द्वारा पर्यवेक्षक राजू रंजन की अनुशंसा के आधार पर 13 जून 2022 को जिला सहकारिता निबंधक सहयोग समिति लातेहार को रेवत कला स्थानीय जलाशय विस्थापित मछुआरा विकास समिति का निबंधन करने के लिए प्रेषित किया गया। परंतु दो माह बीत जाने के बाद भी निबंधन के लिए अनुमति नहीं दी गई। मत्स्य कृषकों को निबंधन करने को लेकर परेशान किया जा रहा है। जिसके जिला सहकारिता पदाधिकारी के विरोध में कार्यालय के समीप अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठ गए है। मत्स्य कृषकों के सुबह से लेकर शाम तक कार्यालय के बाहर धरना देने के बावजूद भी जिले के पदाधिकारी सुध तक नहीं ले रहे हैं। इस संबंध में जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो ने कहा कि मत्स्य कृषकों का मामले का समाधान आज ही कर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग के कर्मचारियों के कारण मत्स्य कृषकों को परेशान होना पड़ा है।

एसडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक

महुआड़ांड। मंगलवार को सभी कार्यालय के खुल जाने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा विकास योजनाओं को लेकर बातें रखी गई। साथ ही बृहस्पतिवार को ग्राम प्रधानों की बैठक के लिए तिथि निर्धारित किया गया जिसमें प्रखंड के सभी ग्राम प्रधान मौजूद रहेंगे। ग्राम प्रधान अध्यक्ष के द्वारा इसकी जानकारी देते हुए बताया गया कि बृहस्पतिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक किया जाएगा जिसमें सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजुर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग थाना प्रभारी आशुतोष यादव, जिला परिषद सदस्य स्टेला नगेसिया, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजुर, उप प्रमुख अभय मिंज, मुखिया रेनू तिग्गा समेत सभी मुखिया गण एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

मयूरहंड में बीईओ अरविंद प्रसाद को शिक्षकों ने दी भावभीनी विदाई

नवीन मेल संवाददाता

मयूरहंड (चतरा)। बुधवार को मयूरहंड प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय मयूरहंड में शिक्षकों द्वारा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरविंद प्रसाद को समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। सर्वप्रथम समारोह का बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी रामवृक्ष राम व बीईओ श्री प्रसाद ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। तत्पश्चात बच्चियों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों द्वारा बीईओ, बीडीओ, थाना प्रभारी और मंचासीन अतिथियों को माला और सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बीडीओ, थाना प्रभारी, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक देवचरण दांगी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी आदि वक्ताओं ने बीईओ श्री प्रसाद के कार्यों की प्रशंसा की और जीवन

के दूसरी पारी की शुरूआत करने, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दी। मंच संचालन सहायक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, 20 सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, बीपीओ जुनिका कुमारी, उच्च विद्यालय के प्रभारी राकेश रंजन, माध्यमिक शिक्षा शिशु निकेतन के निदेशक विनय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

संतोष को छह माह से नहीं मिली दिव्यांगता पेंशन राशि, दर-दर ठोकर खाने को विवश

अजय सिन्हा

लातेहार। जिला मुख्यालय के राजहार मोड़ निवासी संतोष प्रसाद को विगत छह माह से दिव्यांता पेंशन की राशि नहीं मिली है। उसे फरवरी में अंतिम बार पेंशन की राशि मिली थी। संतोष ने बताया कि वो पिछले 6 महीने से पेंशन की जानकारी लेने बैंक जाते हैं, लेकिन उन्हें हर बार निराश होकर ही वापस लौटना पड़ता है। संतोष प्रसाद ने बताया कि पेंशन की राशि को वो दवा और अन्य चीजों में खर्च करके हैं। संतोश ने कहा कि उसने सामाजिक सुरक्षा कोषांग के प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार से पेंशन की राशि का भुगतान कराने की मांग की है।

जुलाई तक हो चुका है पेंशन राशि का भुगतान- शेखर कुमार

इस संबंध में सामाजिक सुरक्षा कोषांग के प्रभारी शेखर कुमार से संवादाता ने बात की. उन्होंने बताया कि जुलाई तक

दिव्यांग पेंशन की राशि का भुगतान हो चुका है। अगस्त माह के भुगतान की प्रकिया चल रही है। इसका भुगतान भी बहुत जल्द हो जायेगा। हालांकि कभी-कभी बैंक अकाउंट का केवाइसी नहीं होने पर या आधार कार्ड अपडेट नहीं रहने पर पेंशन की राशि अकाउंट में ट्रांसफर नहीं हो पाती है। हालांकि शेखर कुमार ने भरोसा दिलाया कि वो संतोश के मामले को व्यक्तिगत रूप से देखेंगे।

जिप चेयरमैन ने बरवाडीह जिप कार्यालय का किया उद्घाटन, कहा

लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर के ऊपर तल्ला में जिला परिषद के कार्यालय की उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी वअन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को गणेश चतुर्दशी की अवसर पर जिप कार्यालय का चेयरमैन पूनम देवी, डॉक्टर भूपेंद्र सिंह, जिप सदस्य कन्हाई सिंह, संतोषी शेखर, मनिका जिप सदस्य बलवंत सिंह ,लातेहार जिप सदस्य विनोद उरांव, प्रमुख सुशीला देवी समेत अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के पूर्व पंडित देवेन्द्र मिश्रा द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कराने किया गया।

मौके पर जिप अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि यह पहली बार है कि जब जिला परिषदों के लिए प्रखंड स्तर पर कार्यालय की शुरूआत की गई है और इसका एक मात्र उद्देश्य आम जनों की समस्या को सुनने और उसे दूर करने में जीप सदस्य के सेतु के रूप में काम करे। संतोषी शेखर ने कहा कि कार्यालय के खोले जाने से इसका पूरा फायदा क्षेत्र की जनता को देने का काम किया जाएगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, भाजपा के वरिष्ठ नेता रामदेव सिंह, कांग्रेस के रविंद्र राम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुनीता पाल, ओम प्रकाश गुप्ता, दीपक तिवारी, उपासना सिन्हा ,मुखिया कालो देवी , महामंत्री प्रदीप सिंह, पारस जायसवाल, हेमंत कुमार, छेचा उप मुखिया राणा प्रताप सिंह, अतुल कुमार सिंह, उज्जवल प्रसाद, पप्पू समेत कई लोग मौजूद थे।

सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति मयूरहंड़ का हुआ गठन

मयूरहंड़(चतरा)। बुधवार को मयूरहंड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में रामभरोस सिंह की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में पिछले वर्ष की तरह इर वर्ष भी दुर्गा पूजा का त्योहार हर्सोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लेते हुए पूजा को सफल बनाने के लिये पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें अश्वनी कुमार सिंह को अध्यक्ष, पिंटू कुमार राणा को सचिव व बुधन साव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया अनिल कुमार सिंह, अलखदेव सिंह, शशि प्रमोद लाल, रणधीर सिंह, संतोष सिंहा, महेंद्र नायक, मुकेश राणा, राजू राम, सत्येंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, एकराम सिंह, किशोर केशरी, राजेश साव, बिलटू महतो, रितु राणा समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

चुन्दरू धाम परिसर में दस दिवसीय गणेश महोत्सव का हुआ शुभारंभ, निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

टंडवा(चतरा)। जिले के टंडवा प्रखंड स्थित सुप्रसिद्ध चुन्दरू धाम परिसर में आयोजित दस दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलष यात्रा के साथ किया गया। गाजे बाजे के साथ कलषधारी व श्रद्धालु नगर भ्रमण कर पूजा स्थल पहुंचे जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्री गणपति की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा किया गया। कलष यात्रा में स्थानीय विधायक, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, जिप सदस्या देवंती देवी, कबरा मुखिया निलेश ज्ञासेन, पूजा समिति के अध्यक्ष संजीत गुप्ता, संजीत नायक, विजय चौबे, रंजीत गुप्ता, विकास मालाकार, विकास पांडेय आदि विशेष रुप से शामिल थे। दुसरी ओर महोत्सव के पहले दिन हीं भारी संख्या में श्रद्धालुओं

की भीड़ उमड़ी। यहां झूला और ब्रेकडांस आकर्षण का केंद्र बना है, वही मंदिर परिसर में तरह-तरह के सामाग्रीयों की दुकानें भी लगाई गई हैं। सुरक्षा व शांति व्यवस्था को लेकर चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ हीं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। डीएसपी शंभू कुमार सिंह व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह लगातार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मॉनिटरिंग करते नजर आ रहे हैं। महोत्सव के दौरान प्रत्येक दिन अखंड हरि कीर्तन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें गायिका कुमकुम बिहारी, स्नेहा सरगम, समेत अन्य कलाकारों के द्वारा अपना जलवा बिखेरा जाएगा।

जल नल योजना को लेकर जल सहियाओं की हुई बैठक, कई विषयों पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड। जल नल योजना को लेकर प्रखंड परिसर स्थित गोलघर में एसबीएम प्रखंड समन्वयक गंगा प्रसाद की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। सभी कार्यालयों में तालाबंदी होने के कारण यह बैठक प्रखंड परिसर स्थित गोलघर में किया गया। बैठक में प्रखंड के सभी जलसहिया उपस्थित हुए। जल नल योजना के बारे में जानकारी देते हुए जल सहिया पुनम निरू गिद्ध ने बताया कि सरकार के द्वारा बृहद पैमाने पर लोध फॉल जलप्रपात से जल नल योजना से सभी घरों को जोड़ने का कार्य किया जाना है इसे लेकर प्रखंड के 8 पंचायतों को लिया गया है। लेकिन बहुत ही स्थानों पर पाइप नहीं लग पाया गया है। और घर में नल नहीं लग पाया गया।

इसीलिए हम लोगों के द्वारा हर घर में नल लगाने को लेकर सूची तैयार की जाएगी जिसे लेकर यह बैठक किया जा रहा है और सूची तैयार करके जिला को भेजने का कार्य करेंगे। जहां सभी सूची को एंट्री कर सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जल नल योजना है इसका लाभ सभी को मिल सके। जिसमें 8 पंचायत अक्सी, हामी, चटकपुर, चैनपुर रिगाई महुआडांड़, अम्वाटोली और चम्पा पंचायत का निचला क्षेत्र शामिल है।

गांव में अजगर देख मचा हड़कंप

गिद्धौर (चतरा)। थाना क्षेत्र के चिरैया गांव में रुदन साव के घर के समीप बुधवार को अजगर सांप को देख हड़कंप मच गया। अजगर लगभग 5 फीट का है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन समिति अध्यक्ष को दिया। उसके बाद वन समिति अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचकर अजगर को पकड़कर बोरी में डाल गांगपुर जंगल में सुरक्षित छोडा दिया। इसमें ग्रामीण उपेंद्र साव, जालंधर कुमार गुप्ता, इन्द्रदेव साव, वीरा साव आदि लोगों ने सहयोग किया।

गणेश महोत्सव को लेकर विभिन्न स्थानों पर निकाली गई कलश सह शोभा यात्रा, झूमे श्रद्धालु

नवीन मेल संवाददाता

इटखोरी/पत्थलगडा(चतरा)। बुधवार को गणेश चतुर्थी पर जिले के इटखोरी व पत्थलगड़ा आदि प्रखंडों के विभिनन स्थानों पर भगवान श्री गणेष की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना प्रारंभ की गई है। इससे पूर्व भव्य कलश यह शोभा यात्रा भी निकाली गई। पत्थलगडा प्रखंड के बरवाडीह, सिंघानी, नोनगांव व नावाडीह में गणेश पूजा महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी मुख्य अतिथि व जिप सदस्य रामसेवक दांगी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल थे। बरवाडीह में मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष श्री तिवारी व अन्य ने संयुक्त रुप से विधिवत फीता काटकर पूजा पंडाल का उद्घाटन

करने के साथ श्रद्धालुओं को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। गाजे-बाजे व भक्ति जागरण के साथ पूजा-पंडाल से कलश यात्रा शुरू हुई, जो सुभाष चौक, गांधी चौक, गुंजरी गेट होते बरवाडीह व दुम्बी गांव का भ्रमण करते बेलहर उत्तर वाहिनी जेजला नदी घाट पहुंची, जहां पूजन के बाद कलश में जल भरा गया। इसके बाद सभी श्रद्धालु कलश लेकर वापस पूजा पंडाल पहुंचे कलषों को स्थापित किया गया। बरवाडीह गणपति पूजा समिति के अध्यक्ष बंधन प्रजापति ने बताया कि महोत्सव के दौरान हर दिन सुबह-शाम पूजा के साथ-साथ महाआरती सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। शनिवार को हवन-पूजन के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान बीडीओ मोनी कुमारी, थाना प्रभारी बमबम कुमार दल बल के साथ प्रखण्ड क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में पहुंचकर विधि व्यवस्था का जायजा लिया व पूजा समिति के पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। वहीं इटखोरी प्रखंड के शहरजाम के महुदा व पितीज में आशीर्वाद युवा संघ व नव युवा एक्सप्रेस क्लब द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की गई और प्रसाद वितरण किया गया। पितीज आशीर्वाद युवा संघ पूजा पंडाल का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी व अन्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

एसिड पीड़िता के परिजन को दिया गया एक लाख रुपये का चेक

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री के निदेर्शानुसार उपायुक्त अबु इमरान ने उप विकास आयुक्त को हंटरगंज प्रखंड के डाहा पंचायत के ढेबो गांव पीड़िता के घर भेज पीड़िता के परिजन से मिल पीड़िता के बारे में स्वास्थ्य की जानकारी ली। उप विकास आयुक्त ने परिजन का हौसला बढ़ाया साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने की बात कही। वहीं मुख्यमंत्री तथा मंत्री श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण के निदेर्शानुसार उपायुक्त ने नजारत उप समाहर्ता एवं परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार व कार्यपालक दंडाधिकारी सलमान जफर खिरजी को मंगलवार को रांची रिम्स भेज पीड़िता के परिजन को झारखंड पीड़ित मुआवजा योजना के तहत तत्काल 1 लाख रुपये का चेक दिया।

दुसरी ओर मुख्यमंत्री के आदेश के बाद एसिड अटैक में घायल बिटिया को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से दिल्ली शिफ्ट किया गया। उक्त कार्रवाई रिम्स सुप्रीटेंडेंट के नेतृत्व में गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर की। पीड़िता के साथ हुए एसिड अटैक घटना को लेकर घटना के दिन ही आरोपी की गिरफ्तारी कर ली गई है। चतरा पुलिस परिवार ने भी पीड़िता को आर्थिक सहायता भेजा। चतरा एसडीपीओ अविनाश कुमार ने रिम्स जाकर पीड़िता के परिजनों को सौंपी नकद सहायता राशि।

न्यूज गैलरी

पूर्व मुखिया पर जानलेवा हमला करने का फरार आरोपी गिरफ्तार

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडरा चौक में बुटी पंचायत के पूर्व मुखिया विष्णु उरांव के ऊपर जानलेवा प्रहार कर जख्मी किया गया था। जिसको लेकर सेन्हा थाना कांड संख्या 71/20 दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कारवाई में जुटी हुई थी। वहीं पूर्व मुखिया पर जानलेवा हमला के आरोप में फरार वारंटी कंडरा निवासी स्वर्गीय पारसनाथ उरांव के पुत्र लक्ष्मण उरांव फरार चल रहा था। बताया जाता है कि न्यायालय के आदेशानुसार वारंटी लक्ष्मण उरांव को पुलिस काफी दिनों से तलाश कर रही थी। गुप्त सूचना पर सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत के निर्देश पर छापेमारी कर फरार वारंटी को घर से गिरफ्तार कर धारा 323,341, 324, 307, 325 एवं 120 बी के तहत जेल भेजा गया। ए एस आई जमशेद खान ने बताया कि 12 जुलाई 2020 को कंडरा चौक में बुटी पंचायत मुखिया विष्णु उरांव के ऊपर धारदार हथियार से कर जानलेवा हमला किया गया था। जिसमें मुखिया गम्भीर रूप से घायल हो गया था।

दुर्गा पूजा को लेकर केरसई में हुई बैठक बसंत साहू बने अध्यक्ष

सिमडेगा। शारदीय नवरात्रि को लेकर केरसई दुर्गा पूजा समिति की बैठक का आयोजन हुआ बैठक में पिछले वर्ष के किए गए कार्यों के बारे में समीक्षा के जिसके बाद दुर्गा पूजा समिति के पुनर्गठन किया गया साथी 2022 के दुर्गा पूजा उत्सव को सफल बनाने के लिए नए कार्य समिति का भी गठन किया गया और नए कार्यसमिति में अध्यक्ष बसन्त कुमार साहू, संरक्षक दयानंद रोहित., हेमंत कुमार, शशि प्रसाद सचिन कुमार, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, सूर्य नारायण प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, बालेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष- रवि गुप्ता कामेश प्रसाद, त्रिवेणी प्रसाद, जयंत कुमार, विकास कुमार, अयोध्या प्रसाद सुरेश प्रसाद अरविंद यादव राजेश कुमार सचिव -गौतम कुमार मंत्री-प्रणव कुमार उपसचिव अवधेश कुमार अजय कुमार रोहित रमेश प्रसाद कोषाध्यक्ष-रामेश्वर कुमार उप कोषाध्यक्ष- पंकज कुमार ओम प्रसाद प्रदीप कुमार संदीप प्रसाद जबकि कार्यकारिणी समिति में अंकित कुमार रोहित, रमेश प्रधान अमित कुमार, सुशांत कुमार, कृष्णा प्रसाद, पवन कुमार, प्रभु माझी, धीरेंद्र प्रसाद, मनीष कुमार, अभय प्रसाद, अभिषेक कुमार, सुभाष कुमार, अनुज प्रसाद, सुनील कुमार सोनी, सूर्य प्रताप, मन्नू यादव, रोहित प्रसाद, प्रभु दयाल प्रसाद, विवेक यादव., महावीर प्रसाद एवं मीडिया प्रभारी - संतोष कुमार, बंटी कुमार को बनाया गया है।

मॉडल महिला कॉलेज बरही का हुआ विधिवत शुभारंभ

लोहरदगा। बी एस कॉलेज लोहरदगा का अंग नवनिर्मित मॉडल महिला कॉलेज बरही का बुधवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार गुप्ता, कुलसचिव डॉ एम सी मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ ए के झा, डी एस डब्ल्यू डॉ आर के शर्मा, प्राचार्य बी एस कॉलेज डॉ एस के पी गुप्ता तथा प्राचार्य मॉडल महिला कॉलेज डॉ नीता सहाय ने संयुक्त रूप से विधिवत गणेश पूजन कर नवनिर्मित मॉडल महिला कॉलेज का शुभारंभ किया। मौके पर कुलपति डॉ सिन्हा ने कहा की नवनिर्मित मॉडल कॉलेज अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है इसी वर्ष इस कॉलेज में अध्ययन अध्यापन का काम शुरू हो जाएगा इसके लिए सारी कागजी कार्यवाही पूरी हो चुकी है। आस पास के विद्यार्थियों के लिए ये कॉलेज मिल का पत्थर साबित होगा। कुलपति ने यह भी कहा इस कॉलेज के विकास में सबकी भागेदारी अपेक्षित है। मौके पर बी एस कॉलेज लोहरदगा के सहायक प्राध्यापक डॉ शशि गुप्ता, नईम खान, डॉ मीरा कुमारी, डॉ संतोष सांडिल्य, डॉ लाल अजय नाथ शहदेव डॉ अजय प्रताप वर्मा, डॉ विजेंद्र विश्वकर्मा, मनीष मिश्रा, रौशन खलखो, संजय रविदास, शारोन सुरीन, अर्जुन लकड़ा,सहित कॉलेज के समस्त शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

गणेश चतुर्थी पर भगवान श्री गणेश की हुई पूजा आराधना

शहर में गणेश उत्सव की धूम...पंडालों में गूंजे जय-जय विघ्नहर्ता

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। रिद्धि सिद्धि के दाता श्री गणेश चतुर्थी उत्सव बुधवार से शुरू हो गई है जो अगले 09 सितंबर तक चलेगा। भाद्रपद शुक्लपक्ष चतुर्थी को विघ्नविनायक भगवान गणेश का जन्मदिन मनाया जाता है। इस दिन को भक्त गणेशोत्सव के रूप में मनाते हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोहरदगा शहरी क्षेत्र में लगभग 12 व पूरे जिले में लगभग 40 स्थानों पर भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई। पूरा लोहरदगा भगवान श्री गणेश की आराधना में डूबा गया है। लोहरदगा के पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राणा चौक पूजा पंडाल में विद्युत सज्जा देखने लायक है। दस दिवसीय गणेशोत्सव को लेकर शहर में धार्मिक माहौल है। जिस तरह बंगाल में दुर्गा पूजा का प्रचलन है। उसी तरह महाराष्ट्र में गणेशोत्सव घर-घर मनाया जाता है। दुर्गा पूजा और गणेशोत्सव

अब भारत के सभी शहरों में आयोजित हो रहा है। इससे हमारी संस्कृति और परम्परा प्रबल हो रही है। अगले दस दिनों में विघ्नविनायक भगवान गणेश की पूजा- अर्चना इन्ही दस नामों की होगी। ऐसी मान्यता है कि भगवान गणेश की इन दस नामों का रोजाना स्तुति करते है। उनका समस्त विघ्न और बाधा दूर हो जाता है। किस्को मोड़ शांति नगर में आकर्षक विद्युत सज्जा और भव्य पंडाल सबको आकर्षित कर रहा है। शहर का पूरा माहौल धार्मिक हो गया है। देर रात तक गणेश प्रतिमा पण्डालों में भक्तों की भीड़ जुटी रही। पंडित रामाधार पाठक का कहना है कि शुभ नक्षत्र में श्री गणेश का आगमन सर्वत्र शुभ फल प्रदाता माना गया है। उन्होंने बताया कि चतुर्थी तिथि के देवता भगवान गणेश हैं, जो रिद्धि-सिद्धि प्रदान करते हैं। बृहस्पति जिन्हें ज्ञान का प्रदाता माना गया है। वायु देवता जो मनुष्य में पंच प्राण को संतुलित रखते हैं। इस दृष्टि से ज्ञान बुद्धि का संतुलन कार्य में सिद्धि प्रदान करता है। वहीं, गुरु स्वाति योग में दस दिवसीय गणेशोत्सव में विधिवत पूजा मानोवांछित फल प्रदान करने वाला होता है। रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान श्रीगणेश की स्थापना करने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है।

शराब के नशे में विवाद के बाद गिरने से युवक की मौत

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेन्हा पंचायत ग्राम के उरांव मुहल्ला निवासी टेले एतवा उरांव के 24 वर्षीय पुत्र अमित उरांव का मौत शराब के नशे में विवाद करने के दौरान गिरने से हुआ है। जबकि परिजनों ने इसे हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि देर रात शराब के नशे में प्रकाश उरांव के घर के समीप दोनो में विवाद हुआ था। जिसमें धक्का मुक्का होने लगा। जिसमें सर पर प्रहार कर घटना को अंजाम दिया गया है। मृतक के भाभी ने बताया कि मेरा पुत्र अशोक उरांव भागते हुए घर आया और बोला कि चाचा को मार रहा है। जब तक हमलोग पहुंचते तबतक अमित उरांव अचेत हो गया था। जिसे आनन फानन इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत एएसआई जमशेद खान शस्त्र बल के साथ घटना स्थल पहुंच घटना को लेकर जांच पड़ताल में जुट गए। घटना को लेकर प्रकाश उरांव की पत्नी कलावती उरांव ने बताया कि दरवाजा में लात मारने को लेकर विवाद हुआ था। वहीं पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया गिरने से मौत होने का प्रतीत होता है। फिलहाल इस घटना को लेकर जांच किया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का उदभेदन होगा कि हत्या किया गया है या गिरने से मौत हुई है।

केरसई में अंकिता हत्याकांड के विरोध में निकला कैंडल मार्च

नवीन मेल संवाददाता

केरसई। दुमका में शाहरुख नामक युवक द्वारा अंकिता नाम की लड़की के ऊपर पेट्रोल डाल जला कर हत्या करने के विरोध साथ ही झारखंड सरकार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद की केरसई इकाई ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया एवं जस्टिस फॉर अंकिता हत्यारे को फांसी दो तुष्टीकरण बंद करो झारखंड सरकार हाय हाय जैसे नारे लगाए। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के केरसई प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद ने कहा की इस तरह की घटना नई नही है चाहे वो दुमका हो खूंटी हो चतरा हो रांची नगड़ी हो या सिमडेगा का मात्रामेटा वाली घटना हो, जब से वर्तमान सरकार बनी है हिंदुओं के ऊपर अत्याचार बढ़ गया है हिंदू लड़कियों को टारगेट कर लव जिहाद में फंसाया जा रहा है। वहीं समाजसेवी गौतम कुमार ने कहा कि समय आ गया है कि अब हिंदुओं को संगठित होना पड़ेगा और अत्याचारियों को कड़ा जवाब दिया जाएगा। वर्तमान सरकार तुष्टीकरण एवं वोट बैंक के चलते झारखंड को पूरे देश में बदनाम कर रही है। रवि गुप्ता ने कहा कि अंकिता एक स्टूडेंट थी उसके माँ बाप का सपना था बेटी कुछ करेगी पर सब खत्म हो गया। झारखंड सरकार अविलम्ब अंकिता के परिवार को एक करोड़ रुपये गार्जियन को सरकारी नोकरी एवं अपराधी शाहरुख को फांसी की सजा दे। मौके पर प्रणव कुमार, बसंत साहू, अवधेश प्रसाद, प्रभु प्रसाद, विकास कुमार, रविन्द्र बड़ाईक, रामचंद्र बड़ाईक, भूषण बड़ाईक, प्रमोद प्रसाद, अनुज प्रसाद, अभिषेक प्रसाद, बिक्रम प्रसाद, प्रिंस प्रसाद, महावीर प्रसाद, दुबराज प्रसाद, अभिषेक प्रसाद, धनंजय दास, सुशांत कुमार, संभु मिश्रा, प्रदीप कुमार, विक्की कुमार, रवि कुमार, मनु यादव, आकाश प्रसाद, अमित कुमार, पप्पू प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

गणेश चतुर्थी को लेकर पांच दिनों का गणेश महोत्सव प्रारंभ

गणपति बप्पा मोरिया से गूंजा सिमडेगा शहर

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। लगभग 2 वर्षों के कोरोना काल के बाद इस बार स्वतंत्र रूप से भगवान श्री गणेश की पूजा को लेकर गणेश चतुर्थी के मौके पर गणपति बप्पा के नारे से सिमडेगा शहर गूंज उठा है। जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में प्रथम वंदनीय गौरीनंदन की पूजा बुधवार को हर्षोल्लास के साथ की गई। शहर के विभिन्न स्थलों में पंडाल बनाकर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित की गई है। पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सभी पंडालों में आचार्यों के द्वारा विधि-विधान पूर्वक गणेश जी पूजा अर्चना कराई गई। श्रद्धालु अहले सुबह से ही अपने आराध्य की पूजा-अर्चना की तैयारी में जुट गए थे। भक्तों ने लंबोदर महराज को मोदक व केले का विशेष भोग निवेदन किया। शहर के नगर भवन परिसर में हिदू यूथ क्लब के द्वारा भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराकर भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। वही कटक से आये आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा आयोजन संपन्न कराया। जिसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में रवि वर्मा, बादल, सुमित कुमार जयसवाल, प्रवीण यादव, राजा रौक, रिकी वर्मा, दीपक वर्मा आदि सहयोग कर रहे हैं। सलडेगा चौक के समीप बप्पा ग्रुप के द्वाराभी भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराकर गणेश की प्रतिमा स्थापित की है। पूजन अनुष्ठान को सफल बनाने में सूरज वर्मा, सीतू सिंह, बजरंग वर्मा, नंदु कुमार, अतूल कुमार, सूरज कुमार आदि सहयोग कर रहे है।वहीं कुंज नगर मैदान में नवयुवक संघ गणेश पूजा समिति के द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल बनाया गया है। परिसर को रंग-बिरंगे विद्युत लरियों से सजाया गया है। इसके अलावा नीचे बाजार, महावीर चौक, गुलजार गली, कुम्हार टोली, श्रीरामजानकी मंदिर ठाकुरटोली आदि स्थानों में भी गणेश पूजा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

बानों में हर्षोल्लास के साथ हो रही पूजा

बड़ाईक टोली में हर्षोल्लास पूर्वक गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है। पूजन कार्य पंडित कौशलेश दुबे ने संपन्न कराया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया बोलबा में प्रखंड के अलीगुड़ एवं पाकर बहार गांव में बुधवार को धूमधाम से गणेश पूजा की गई। पूजा से संबंधित सभी व्यवस्था करने में पूजा समिति अध्यक्ष टकबर सिंह के साथ साथ वंशीधर सिंह, गिरधारी सिंह आदि सदस्य लगे हुए हैं। जलडेगा दुर्गा मंडप परिसर में गणेश पूजा श्रद्धा एवं उल्लास के साथ की गई। आयोजन को सफल बनाने में राजेश पाल, सुरज साहू, सोनु अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, अभिषेक साहू, रूपेश अग्रवाल, हीरालाल साहू, उमेश साहू, सुरज पति, रोशन अग्रवाल, शीतल राम सहित अन्य लोग सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा पतिअंबा व गांगूटोली में भी धूमधाम से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई। वहीं कोलेबिरा के मौसी बारे में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना की जा रही है। युवाओं और बच्चों में खास उत्साह देखा जा रहा है। युवा वर्ग महीनों पूर्व से गणेश पूजा को लेकर चंदा इकट्ठा कर रहे थे। कोलेबिरा में के लोगों द्वारा अपने घर पर भी गणपति की पूजा अर्चना विधि विधान से की जा रही हैं।

मंत्री पुत्र रोहित उरांव ने किस्को और कुडू के ग्रामीण क्षेत्रों में मांदर का किया वितरण

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। सूबे के वित्त मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के रोहित उरांव ने किस्को एवं कुडू प्रखंड के ग्राम जांगी, कोल्सीमारी,चुंद, लावागईं, कड़ाक, जरियों, हुरहूद एवं कुडू प्रार्थना सभा एवं किस्को प्रखंड मे ग्राम किस्को, निनी, सलैया, गोपालगंज, जनवल, आनंदपुर, डटमा,आदि गाँव मे करमा पर्व के अवसर पर मांदर, का वितरण किया। मौके पर ग्रामीणों से रोहित उरांव ने कहा कि हमारी प्राकृतिक पर्व करमा पूजा इस बार काफी धूमधाम से मनाई जाएगी

इसलिए हमारी ओर से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मांदर का वितरण किया जा रहा है। वर्तमान समय में हमारी संस्कृति एवं धरोहर को संजो के रखने की जरूरत है। नशा पान को समाज से दूर करनी चाहिए अपने आदिवासी परंपरा रीति-रिवाज के साथ हर पर्व का खुशियों के साथ मनाने की जरूरत है। आदिवासी प्राकृतिक पूजक है और प्रकृति के रक्षा करना हमारी धर्म एवं कर्म है। इस मौके पर सभी लोगों को करमा पर्व की शुभकामनाएं दिए। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, संतोष महतो, महावीर उरांव, राजमनी उरांव, दुर्गा उरांव, धीरज उरांव, जतरु उरांव, राजकुमार उरांव, भंगा भगत, जगदीश उरांव, संजय भगत, बिगना उरांव, कर्मा उरांव, दरोगा उरांव, सुशील उरांव रामवृक उरांव, अमित उरांव, देवठान उरांव, सोमरा उरांव आदि ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

सांसद सुदर्शन भगत समेत भाजपाजनों ने शोक जताया

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा के सदर अंचलाधिकारी अरुण तिर्की के निधन पर भाजपा ने गहरी शोक प्रकट किया है। संकट की घड़ी में ईश्वर से पुण्य आत्मा की शांति व परिवार जनों के दुखद पल को सहने की शक्ति प्रदान करे ऐसी प्रार्थना किया। आकास्मिक निधन पर क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि अरूण तिर्की का कम समय में निधन की सूचना स्तब्ध कर दिया है। यह एक अपूरणीय क्षति हुई है। उनके सरल व कुशल व्यवहार से सभी परिचित थे। शोक व्यक्त करने वालो में सुदर्शन भगत सांसद लोकसभा, समीर उरांव

राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय अध्यक्ष एसटी मोर्चा, मनीर उरांव जिलाध्यक्ष, प्रवीण सिंह पूर्व विधान पार्षद, रमेश उरांव पूर्व विधायक, श्रीचंद प्रजापति पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष, ओमप्रकाश सिंह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, चंद्रशेखर प्रसाद जिला सांसद प्रतिनिधि, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद, मदनमोहन पाठक, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, राजमोहन राम, सुनैना कुमारी, सामेला भगत, नवीन कुमार टिंकू, नीरज कुमार नलिन, हर्षनाथ महतो, सूरजमोहन साहू, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, अनिल उरांव, मीना बाखला, छेदी राम, जगनंदन पौराणिक, भारती सिन्हा, पशुपति नाथ पारस, सुरेश बैठा, अजातशत्रु, अजय कुमार पंकज, विश्वजीत शाहदेव, अविनाश शाहदेव, शुकुल राम, सजल कुमार, ओम गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हैं।

अन्नामृत फाउंडेशन का उद्देश्य बच्चों का पेट भरना नहीं बल्कि पौष्टीक भोजन देना है : संजीत शर्मा

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। अन्नामृत फाउन्डेशन के निदेशक संजीत शर्मा ने बताया कि अन्नामृत फाउंडेशन के चिरी स्थित केंद्रीयकृत रसोई घर में लोहरदगा जिला के 40 हजार बच्चों के लिए मध्यान भोजन योजना के तहत पौष्टीक भोजन उपलब्ध कराने की शुरूआत की जा चुकी है। जिसके तहत बच्चों को अच्छी पौष्टीकता वाली भोजन देने का कार्य जारी है। बच्चों की रुचि को ध्यान में रखते हुए उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके तहत नियमित भोजन में मिलने वाले मीनू के अलावा भी उन्हें पौष्टिक आहार देने का कार्य फाउंडेशन कर रही है। भोजन में बच्चों को कभी कश्मीरी राजमा, काला चना, काबुली चना जैसे पोषक तत्वों

की प्रचुरता वाली चीजों को दिया जाता है। उन्होंने बताया कि हमारी भोजन बनाने की तकनीक स्कूल स्तर पर बनने वाली मध्याह्न भोजन से भिन्न है। विद्यालयो में बनने वाले भोजन की गुणवता और स्वाद भिन्न हो सकता है परन्तु केंद्रीयकृत रसोई द्वारा बनाया गया भोजन की पौष्टिकता, गुणवता, और स्वाद एक जैसे ही रहती है। संस्था भाप पद्धति द्वारा कूकिंग करती है यहां प्रत्यक्ष रूप से आग की कोई भूमिका नहीं होती है। जिससे भोजन की पौष्टिकता बरकरार रहती है। उन्होंने कहा कि अन्नामृत फाउंडेशन के उद्देश्य सिर्फ बच्चों का पेट भरना नहीं बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। जिससे बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। उन्होंने बताया कि अन्ना अमृत फाउंडेशन देश के कई राज्यों में मध्यान भोजन वितरण का कार्य कर रही है यह फाउंडेशन कोविड-19 के दौरान भी लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को भोजन उपलब्ध कराया है यह फाउंडेशन लाभ हानि से ऊपर उठकर समर्पण भाव से कार्य करती है।

एमबी डीएवी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस का समापन

वॉलीबॉल व बैडमिंटन प्रतियोगिता के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मिला सम्मान

- विभिन्न अखबार संस्थान से जुड़े मीडियाकर्मियों को भी किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा के प्रांगण में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में राष्ट्रीय खेल समापन समारोह का आयोजन किया गया। हमारे राष्ट्रीय खेल हॉकी के सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक मेजर ध्यानचंद जिनके जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। विद्यालय प्रांगण में खेल समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न समाचार पत्रों से संबंधित पत्रकार विक्रम चौहान, अवनी कुमार, राहुल कौशल, प्रसन्नजीत घोष, बबलू

कुमार, राजेश कुमार आदि का अतिथि रूप में स्वागत करते हुए उन्हें शॉल व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। विद्यालय में इस अवसर पर वॉलीबॉल व बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन चारों सदनों के मध्य करवाया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अथर्ववेद व सामवेद सदन के मध्य फाइनल प्रतियोगिता हुई। जिसमें अथर्ववेद उपविजेता तथा सामवेद विजेता बना तथा राज आनंद उरांव सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हेतु चयनित हुआ। लड़कों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में सामवेद और अथर्ववेद सदन के मध्य फाइनल प्रतियोगिता हुई अथर्ववेद विजेता व सामवेद उपविजेता बना तथा विवेक उरांव को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब प्राप्त हुआ। लड़कियों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में अथर्ववेद व ऋग्वेद सदन के मध्य फाइनल प्रतियोगिता हुई जिसमें अथर्ववेद विजेता तथा ऋग्वेद उपविजेता बना इसमें खुशी कुमारी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनी। इस अवसर पर प्राचार्य जी पी झा ने बच्चों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए खेल के महत्व तथा उससे संबंधित रोजगार की बातें बताईं। उन्होंने कहा कि पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ खेल भी हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है साथ ही बच्चों को डीएवी विद्यालय की ओर से आगामी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता हेतु तैयारी करने तथा विजय प्राप्त करने हेतु शुभकामनाएं व्यक्त कीं। प्राचार्य ने समाचार पत्रों से जुड़े महानुभावों को अपना कीमती वक्त विद्यालय को देने हेतु आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में शिक्षक शितेश कुमार पाठक ने मंच संचालन का कार्यभार तथा खेल शिक्षक बाल्मीकि सिंह व अमित कुमार ने नियम पूर्वक व पूर्ण उत्साह के साथ खेल कार्यक्रम को सफल बनाया।

न्यूज गैलरी

ऑडी ने की नई ऑडी क्यू3 लॉन्च

नयी दिल्ली (एजेंसी)। लक्जरी कार बनाने वाली जमर्न कंपनी ऑडी ने आज भारतीय बाजार में नयी ऑडी क्यू 3 के दो मॉडल उतारने की घोषणा की जिसकी एक्स शोरूम कीमत क्रमश: प्रीमियम प्लस 44,89,000 रुपये और टेक्नोलॉजी की कीमत 50,39,000 रुपये है। ऑडी इंडिया ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके दो मॉडल उतारे गये हैं जिसमें प्रीमियम प्लस और टेक्नोलॉजी श्मेामिल है। अपनी श्रेणी में सबसे अग्रणी प्रदर्शन-ऐतिहासिक क्वॉट्रो ऑल-व्हील ड्राइव के साथ 2.0 लीटर का टीएफएसआई इंजन है, जो 190 एचपी की पावर और 320 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। उसने कहा कि में इसमें एलईडी हेडलाइट्स, पैनोरेमिक ग्लास सनरूफ, हाई गलॉस स्टाइलिंग पैकेज, इशारों से कंट्रोल होने वाला टेलगेट के साथ ऑडी वर्चुअल कॉकपिट प्लस, एमएमआई टच के साथ एमएमआई नैविगेशन प्लस, ऑडी ड्राइव सिलेक्ट, वायरलेस चार्जिंग के साथ ऑडी फोन बॉक्स, 30 से ज्यादा रंगों के साथ एंबियंट लाइटिंग पैकेज, लेदर और लैदरेट की सीटें, पावर एडजस्टेबल फ्रंट सीट, चारों और से लकड़ी की कारीगरी से मिलने वाला सपोर्ट और 10 स्पीकर के साथ ऑडी साउंड सिस्टम शामिल है। अधिकतम सुरक्षा के लिए 6 एयरबैग्स दिए गए हैं। अपनी श्रेणी में 530 लीटर की सबसे बड़ी डिक्की है। इसकी बुकिंग कंपनी की वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा सकती है।

अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल बिकने को तैयार, 14 प्रस्ताव मिले

नई दिल्ली। भारी भरकम कर्ज के बोझ तले दबे उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल बिकने को तैयार है। इसे खरीदने के लिए कुल 14 प्रस्ताव मिले हैं। इसके लिए संकल्प प्रस्तुत (रिजॉल्यूशन सबमिट) करने की अंतिम तारीख 29 अगस्त थी। रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए उधारदाताओं (लेंडर्स) को इसके लिए 14 प्रस्ताव मिले हैं, जिसमें पीरामल ग्रुप की अगुवाई वाला कंसोर्टियम शामिल है। इसके साथ ही ओकट्री कैपिटल, टॉरेंट इनवेस्टमेंट्स, इंडसइंड इंटरनेशनल और कॉस्मी फाइनेंशियल सर्विसेज ने भी बोली लगाई है। इन 14 कंपनियों ने रिलायंस कैपिटल को पूरी तरह खरीदने के लिए या कुछ क्लस्टर्स खरीदने के लिए बोली लगाई है। खासकर एडवेंट इंटरनेशनल और ज्यूरिख इंश्योरेंस ने रिलायंस जनरल इंश्योरेंस में सौ फीसदी स्टेक खरीदने के लिए बोली लगाई है। नवीन जिंदल ग्रुप की कंपनी जिंदल पावर रिलायंस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी के साथ-साथ रिलायंस कैपिटल के लिए बोली लगाई है। इसके अलावा ऑथम इनवेस्टमेंट ने भी कंपनी के लिए बोली लगाई है।

3 दोस्तों ने 2 लाख रुपये से शुरू किया ऑनलाइन बेकरी बिजनेस आज है 75 करोड़ टर्नओवर

नई दिल्ली। ऑनलाइन बेकरी प्रोडक्ट्स बेचने वाली कंपनी बेकिंगो सफलता के झंडे गाड़ चुकी है। 2016 में 3 दोस्तों द्वारा शुरू की गई बेकिंगो का वित्त वर्ष 2021-22 में कुल टर्नओवर 75 करोड़ रुपये रहा। फिलहाल कंपनी 11 शहरों में अपनी सेवाएं दे रही हैं। इसके अलावा इस साल कंपनी ने दिल्ली में अपना पहला आउटलेट भी खोला है। बेकिंगो की स्थापना दिल्ली के रहने वाले हिमांशु चावला, शैरी सहगल और सुमन पात्रा ने 2016 में की थी। ये तीनों ही दिल्ली की नेताजी यूनिवर्सिटी में साथ पढ़े थे। इन्होंने कुछ दिन तक प्राइवेट जॉब भी की। लेकिन, बाद में तीनों ने नौकरी छोड़कर 2010 में इन्होंने अपना पहला वेंचर फ्लोवर ओरा शुरू किया था। इसका काम ऑनलाइन फूल, केक और पर्सनलाइज्ड गिफ्ट की सप्लाई करना था।एनडीटीवी प्रॉफिट की एक रिपोर्ट के अनुसार, शैरी ने बताया कि 2010 के वेलेंटाइन डे पर फ्लोवर ओरा को बहुत ज्यादा ऑर्डर मिले। शैरी ने बताया कि उन्होंने और हिमांशु ने उस दिन दिल्ली और एनसीआर में 50 फीसदी ऑर्डर डिलीवर किए, क्योंकि उनके पास केवल एक ही कर्मचारी था। उसके बाद ही उन्होंने फ्लावर ओरा के साथ बेकरी डिलीवरी के बारे में कुछ अलग करने पर विचार शुरू किया।

गणेश चतुर्थी के पहले बाजार में पावरफुल रैली, निवेशकों ने कमाए 5.5 लाख करोड़

नई दिल्ली। गणेश चतुर्थी के पहले आज घरेलू शेयर बाजार में शानदार रिकवरी देखने को मिली है। आज के कारोबार में सेंसेव?स और निफ्टी दोनों इंडेक्स में शानदार रिकवरी देखी गई है। सेंसेक्स में 1564 अंकों की तेजी रही है और यह 59537 के लेवल पर बंद हुआ है जबकि निफ्टी 446 अंक बढ़कर 17759 के लेवल पर बंद हुआ। बाजार की इस तेजी में बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप करीब 5.5 लाख करोड़ बढ़ गया है।

एनटीपीसी जारी करेगी बॉन्ड, 12,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य

निवेशकों के पास निश्चित रिटर्न प्राप्त करने का मौका

नई दिल्ली (एजेंसी)। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी ने बॉन्ड्स के जरिए 12,000 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी शेयरधारकों से प्राप्त कर ली है। कंपनी प्राइवेट प्लेसमेंट के आधार पर नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर जारी करके यह रकम जुटाएगी। मगंलवार को कंपनी की वार्षिक आम बैठक हुई थी। इस बैठक के नोटिस में जानकारी दी गई है कि कंपनी यह राशि एक या उससे अधिक किस्तों में जुटा सकती है। कंपनी इस रकम का इस्तेमाल कैपिटल एक्सपेंडिचर, वर्किंग कैपिटल और दूसरे कॉर्पोरेट कार्यों के लिए करेगी। बता दें कि इस प्रस्ताव को 29 जुलाई 2022 को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की अनुमति मिल गई थी। मनीकंट्रोल की एक खबर के अनुसार, एनटीपीसी अभी अपनी क्षमता का विस्तार कर रही है और खर्च करने में लगने वाली राशि का एक बड़ा हिस्सा लोन के जरिए

आएगा। यह एक फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट है जिसका इस्तेमाल कंपनियां पैसा जुटाने के लिए करती हैं। यह आईपीओ की तरह पब्लिक से पैसा जुटाने जैसा है। लेकिन यह सबसे बड़ा अंतर यह है कि ये एक तरह का कर्ज है और कंपनी को निश्चित रूप से इस पर निवेशकों को ब्याज देना होता है। इसकी एक फिक्स्ड मैच्योरिटी डेट भी होती है। नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर या एनसीडी 2 तरह के होते हैं। एक सिक्योर्ड एनसीडी और दूसरा अनसिक्योर्ड एनसीडी। सिक्योर्ड एनसीडी में अगर कंपनी अपना कर्ज नहीं चुका पाती तो निवेशक उसकी संपत्ति बेचकर अपने नुकसान की भरपाई कर सकते हैं। जबकि अनसिक्योर्ड एनसीडी में ऐसा नहीं होता। इसलिए निवेशकों को सोच समझकर ही एनसीडी में निवेश करना चाहिए। कंपनी का मार्केट कैप फिलहाल 1.59 लाख करोड़ रुपये है। यह एक

> कंपनी के खर्च की बात करें तो पहली तिमाही में एनटीपीसी ने 38,399 रुपये का एक्सपेंस दिखाया। इसके शेयरों की मौजूदा कीमत 164 रुपये है।

लार्ज कैप शेयर है। वित्त वर्ष 2023 की पहली तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 15 फीसदी बढ़कर 3,977 करोड़ रुपये हो गया था। कंपनी की कुल आय इस अवधि में 43,560 करोड़ रुपये रही जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 30,390 करोड़ रुपये थी। कंपनी के खर्च की बात करें तो पहली तिमाही में एनटीपीसी ने 38,399 रुपये का एक्सपेंस दिखाया। इसके शेयरों की मौजूदा कीमत 164 रुपये है। मंगलवार को एनटीपीसी के शेयर 1.89 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए थे।

चीन में सामने आया सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला, 234 लोगों की हुई गिरफ्तारी

नई दिल्ली। चीन में अधिकारियों ने कथित तौर पर अब तक के सबसे बड़े बैंकिंग घोटाले में 234 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, यह घोटाला करीब 580 करोड़ डॉलर (46।3 हजार करोड़ रुपये) का है। आरोपियों ने लोगों को अधिक ब्याज दर देने का फर्जी वादा कर रकम बटोरी थी। पुलिस का कहना है कि वह इस मामले की कानून के अनुरूप जांच कर रही है। इस घोटाले का मास्टरमाइंड लू यिवेई है जिसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर चीन के 4 ग्रामीण बैंकों पर अनाधिकृत अधिकार जमा रखा था। संदेह है कि लू यिवेई की अगुआई में आरोपियों की इस गैंग ने और भी धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम दिया है। अथॉरिटीज का कहना है कि आरोपी ने खाताधारकों को 18 फीसदी ब्याज देने का वादा किया था। पुलिस की जांच में सामने आया है कि यिवेई की अगुआई में यह गैंग

2011 से ग्रामीण बैंकों का इस्तेमाल आपराधिक गतिविधियों के लिए कर रहा है। समाचार एजेंसी एपी ने बताया कि उसने इस स्कैम के कई पीड़ितों से बात की जिन्होंने कहा है कि पुलिस ने उनसे पूछताछ की और उन्हें धमकाया। इसके अलावा जुलाई में कुछ अज्ञात लोगों के गैंग ने इस धोखाधड़ी के पीड़ितों पर हमला किया था। हालांकि, अधिकारियों ने आरोपियों और पुलिस के बीच किसी सांठ-गांठ का कोई जिक्र नहीं किया है। चीन की गिरती अर्थव्यवस्था और सरकारी बैंक के बेहद कम रिटर्न्स ने लोगों को अलग-अलग तरह की स्कीम्स में निवेश करने को विवश कर दिया था।

जहां से रिजर्वेशन वहीं सीट पर बैठना जरूरी नहीं तो सीट कैंसल कर देगा रेलवे

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय रेल ने ट्रेन में टिकट जांच की प्रक्रिया बदल दी है, इसका असर भी अब दिखने लगा है। कुछ दिन पहले ही ट्रेन में टीटीई को टिकट जांच के लिए हैंड हेल्ड टर्मिनल मशीन दी गई है। इस वजह से टिकट जांच की प्रक्रिया ऑनलाइन हो गई है। इसका असर यह हुआ कि पैसेंजर को

अब बोर्डिंग स्टेशन से ट्रेन में सफर करने पर ही रिजर्व सीट मिल रही है। बोर्डिंग स्टेशन से ट्रेन में सवार नहीं होने वाले यात्री की सीट आरएसी टिकट पर रेल यात्रा वाले पैसेंजर को मिलना शुरू हो गया है। पुरानी व्यवस्था में आरक्षण चार्ट से टिकट जांच के दौरान टीटीई बोर्डिंग स्टेशन से ट्रेन में सवार नहीं होने वाले पैसेंजर का अगले स्टेशन तक इंतजार करता था। इसके बाद वह सीट किसी दूसरे पैसेंजर के लिए रिजर्व की जाती थी। हैंड हेल्ड टर्मिनल से टिकट जांच की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन हो गई है जिससे नियमों का पालन करना अनिवार्य हो गया है। ट्रेन के कोच में टिकट चेक करते समय टीटीई को एक तरफ से सीट की जांच करनी है। जब तक वह एक नंबर सीट पर बैठे यात्री का टिकट चेक कर हैंड हेल्ड टर्मिनल में अपडेट नहीं करेगा, तब तक वह सीट नंबर 2 के यात्री का टिकट चेक नहीं कर सकता। रेलवे की तरफ से जारी बयान में यह कहा गया है कि हैंडहेल्ड मशीन में टीटी के पास यह भी सुविधा है कि वह अगर चाहे तो किसी सीट का स्टेटस पुरानी स्थिति में छोड़कर आगे की सीटों की चेकिंग कर सकता है। इससे अगर कोई यात्री अपने बोर्डिंग स्टेशन से उस कोच में नहीं चढ़ पाया और आगे कहीं अपनी सीट पर आता है तो उसका टिकट किसी अन्य को नहीं दिया जाएगा।

समाज के कई वर्गों के लिए काफी महंगा है स्वास्थ्य बीमा, लागत घटाने की जरूरत : इरडा चेयरमैन

नयी दिल्ली। स्वास्थ्य बीमा समाज के कई वर्गों के लिए महंगा है और इसकी लागत घटाने के लिए तथा पहुंच बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की जरूरत है। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के चेयरमैन देबाशीष पांडा ने मंगलवार यह बात कही। पांडा ने यहां स्वास्थ्य बीमा शिखर सम्मेलन 2022 को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा संभव है कि उच्च परिचालन और वितरण लागत, तथा अप्रत्यक्ष लागत के रूप में अस्पताल खर्च के कारण स्वास्थ्य बीमा महंगा है। इरडा के चेयरमैन ने कहा कि निर्धारित मूल्य शायद बहुत अधिक है, जिससे समाज के कई वर्गों को बीमा कवर उपलब्ध नहीं है। पांडा ने कहा, हमें बीमा को किफायती बनाने के लिए खर्चों को कम करने के तरीकों पर गौर करना होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि उन्नत तकनीकी समाधान इसका एक रास्ता हो सकता है।

अरहर, उड़द, मसूर की खरीद सीमा बढ़ाने को मंजूरी किसानों को उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। अरहर, उड़द और मसूर के लिए खरीद सीमा बढ़ाने को मंजूरी मिल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने मंजूरी दी है। वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 8 रुपये प्रति किलोग्राम की छूट पर 15 लाख टन चना के निपटान को मंजूरी दे दी है ताकि इसका इस्तेमाल अलग-अलग तरह की कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जा सके। आपको बता दें कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) और मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के तहत यह मंजूरी दी है। सरकार ने तुअर, उड़द और मसूर के संबंध में पीएसएस के तहत खरीद की मात्रा को मौजूदा 25% से बढ़ाकर 40% करने का भी निर्णय लिया। बहरहाल,

सरकार के ताजा फैसले से राज्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे पीडीएस, मध्याह्न भोजन योजनाओं आदि में चना का उपयोग करने में सक्षम होंगे। किसानों को दालों का लाभकारी मूल्य दिलाने में मदद मिलेगी। यह किसानों को उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह हमारे देश में ऐसी दालों की आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में भी मदद करेगा। बता दें कि देश ने पिछले तीन वर्षों के दौरान चना (दाल) का सर्वकालिक उच्च उत्पादन देखा है। भारत सरकार ने मूल्य समर्थन योजना के तहत रबी 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के दौरान चना की रिकॉर्ड खरीद की है। इससे सरकार के पास पीएसएस और पीएसएफ के तहत आने वाले रबी सीजन में भी 30.55 लाख मीट्रिक टन चना उपलब्ध है। आगे भी चना का उत्पादन अच्छा होने की उम्मीद है।

101 साल पुराना निजी बैंक लाने जा रहा आईपी, प्राइस बैंड किया तय

नई दिल्ली। 1921 में स्थापित हुआ तमिलनाड मर्सेंटाइल बैंक अपना आईपीओ लाने जा रहा है। आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 5 सितंबर को खुल जाएगा और 7 सितंबर तक निवेशक इसके लिए बोली लगा सकेंगे। बैंक ने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 500-525 रुपए फिक्स कर दिया है। आईपीओ में बैंक 1.58 करोड़ रुपए के नए शेयर (फ्रेश इश्यू) जारी करेगा। इसमें ओएफएस (ऑफर फोर सेल) शेयर नहीं हैं। अगर प्राइस बैंड के ऊपरी हिस्से पर देखा जाए तो बैंक आईपीओ के जरिए 831.60 करोड़ रुपए जुटाने की कोशिश कर रहा है। आईपीओ के लिए कंपनी ने एक्सिस कैपिटल, मोतीलाल ओसवाल और एसबीआई कैपिटल मार्केट को लीड मैनेजर बनाया है। एंकर निवेशक 2 सितंबर को इसके लिए बोली लगाएंगे। आईपीओ में बोली लगाने वाले निवेशकों को 14 सितंबर को शेयर अलॉट होंगे और 15 सितंबर को शेयर बाजार में लिस्ट हो जाएंगे। बैंक इस आईपीओ से जुटाई धनराशि का इस्तेमाल अपनी पूंजीगत जरूरतों को पूरा करने के लिए करेगा। इसका मकसद अपने टियर-1 कैपिटल बेस को बढ़ाना है। बता दें कि यह देश के सबसे पुराने निजी बैंकों में से एक है। इसका मुख्यालय थूथुकुडी में है। बैंक कई बैंकिंग व वित्तीय सेवाएं देता है। इसके पास एमएसएमई, एग्रीकल्चर व खुदरा ग्राहक हैं।

एनडीटीवी के लिए अडानी समूह का ओपन ऑफर 17 अक्टूबर को होगा लॉन्च

एनडीटीवी में 29.18 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान कर चुकी है कंपनी

नई दिल्ली(एजेंसी)। देश के दिग्गज कारोबारी गौतम अडानी की अगुवाई वाली अडानी समूह मीडिया, कंपनी एनडीटीवी में 26 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए 17 अक्टूबर को खुली पेशकश (ओपन ऑफर) लाएगा। इस पेशकश का प्रबंधन कर रही कंपनी जेएम फाइनेंशियल ने बुधवार को यह जानकारी दी। अडानी समूह के ओपन ऑफर को मैनेज करने वाली कंपनी जेएम फाइनेंशियल ने इससे संबंधित विज्ञापन जारी किया है। कंपनी के जारी बयान के मुताबिक एनडीटीवी में अडानी समूह की अतिरिक्त 26 हिस्सेदारी का ओपन ऑफर 17 अक्टूबर को लॉन्च होगी, जो एक नवंबर को बंद होगी। अडानी समूह इस खुली पेशकश के तहत 1.67 करोड़ इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण करेगा। इसके लिए शेयर मूल्य 294

रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। दरअसल अडानी समूह मीडिया सेक्टर में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए आक्रामक तरीके से काम कर रहा है। फिलहाल दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स गौतम अडानी का अडानी समूह मीडिया कंपनी एनडीटीवी का अधिग्रहण करने का प्रयास कर रहा है। अडानी समूह ने पिछले हफ्ते एनडीटीवी में 29.18 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने और 26 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए ओपन ऑफर लाने की बात भी कही थी, जिसके बाद उसकी कुल हिस्सेदारी 55 फीसदी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि एनडीटीवी के संस्थापक प्रवर्तकों प्रणय रॉय और राधिका रॉय ने 2009 में करीब 400 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। इसके बदले में गौतम अडानी की कंपनी अडानी

> अडानी समूह ने पिछले हफ्ते एनडीटीवी में 29.18 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने और 26 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए ओपन ऑफर लाने की बात भी कही थी।

समूह ने एनडीटीवी मीडिया कंपनी की 29.18 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया था। इसके अलावा समूह ने इस मीडिया हाउस की 26 फीसदी हिस्सेदारी के लिए ओपन ऑफर लाने की बात भी कही थी, जिसके बाद उसकी कुल हिस्सेदारी 55 फीसदी हो सकती है। हालांकि, एनडीटीवी और अडानी समूह के बीच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी के एक पुराने फैसले के कारण डील अभी अटकी हुई है।

भारत में 2030 तक होंगे पांच करोड़ इलेक्ट्रिक वाहन

नई दिल्ली। देश की सड़कों पर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की कुल संख्या 2030 तक लगभग पांच करोड़ पर पहुंच जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग कंपनियों के लिए एक बड़ा अवसर होगा। सलाहकार फर्म केपीएमजी ने एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपोर्ट में ह्यइलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग' को अगला बड़ा अवसर बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में इलेक्ट्रिक वाहन तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं और ये गाड़ियां क्रमिक रूप से मुख्यधारा में शामिल हो रही हैं। यही वजह है कि पिछले वित्त वर्ष में ईवी की बिक्री तीन गुना बढ़ी। केपीएमजी ने बताया कि इस समय बिक्री में वृद्धि दोपहिया, तिपहिया और बस खंडों से आ रही है। रिपोर्ट में कहा गया, ह्यह्यभारतीय सड़कों पर मार्च, 2022 तक इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या 10 लाख के आंकड़े को पार कर गई थी।

अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने से इंडियन स्टॉक मार्केट की और भी बढ़ेंगी मुश्किलें

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने महंगाई पर काबू पाने के लिए कड़े कदम उठाने की घोषणा की है। फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के हाल के स्पीच पर दुनिया भर के शेयर बाजार के ट्रेडर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ट्रेडर को यह लगता है कि फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति कड़ा किए जाने के बाद बाजार से तरलता कटेगी और लोन लेना महंगा हो जाएगा। यह वास्तव में शेयर बाजार को रिस्क ऑफ सिचुएशन की तरफ ले जा सकता है। अमेरिका में महंगाई चार दशक के उच्च स्तर पर है और सरकार महंगाई को काबू करने के लिए कोई कसर बाकी रखना नहीं चाहती। फेडरल रिजर्व के बयान के बाद दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों पर ब्याज दरें बढ़ाने का दबाव बढ़ सकता है। हालांकि यह

कहा जा रहा है कि दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की तरह ब्याज दरों में आक्रामक वृद्धि नहीं करेंगे। अपनी स्पीच में फेडरल रिजर्व ने साफ साफ संकेत दिए हैं कि वे महंगाई पर काबू पाने के लिए कोई भी कदम उठाने को तैयार है। इसमें सितंबर में फेडरल रिजर्व के फंड रेट में 75 बेसिस प्वाइंट की वृद्धि संभव है। अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी का असर दुनिया भर के शेयर बाजारों पर देखने को मिल सकता है। फेडरल रिजर्व के इस फैसले से भारत सहित एशिया और यूरोप के देशों में हलचल मच सकता है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के चेयरमैन के इस बयान के बाद भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की आशंका है। फेडरल रिजर्व प्रमुख के इस बयान से यह भी समझ आता है कि अमेरिका मौद्रिक नीतियों में काफी

> फेडरल रिजर्व के इस फैसले से भारत सहित एशिया और यूरोप के देशों में हलचल मच सकता है।

समय तक ढील देने के मूड में नहीं है। अमेरिका में ब्याज दरों में वृद्धि महंगाई पर काबू पाने के लिए की जा रही है, लेकिन महंगाई पर इसका कोई असर नहीं देखा जा रहा है। अगली कुछ तिमाहियों तक महंगाई दर में वृद्धि जारी रह सकती है और इस वजह से फेडरल रिजर्व मौद्रिक नीतियों को ढीला छोड़ने के मूड में नहीं है। फेड रिजर्व ने साफ कर दिया है कि वे मामले से कोई समझौता नहीं करने जा रहे हैं। पोवेल ने कहा है कि अधिक ब्याज दर, जीडीपी ग्रोथ में कमजोरी और लेबर मार्केट संबंधी मुश्किल की वजह से महंगाई दर में कमी आएगी।

केंद्र सरकार पेंशनभोगियों के जीवन को सुगम बनाने के लिए कर रही है पोर्टल पर काम

अमृतसर। केंद्र सरकार पेंशनभोगियों के जीवन को सुगम बनाने के लिए एक एकीकृत पोर्टल विकसित करने पर काम कर रही है। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) के सचिव वी श्रीनिवास ने यहां दो दिन के बैंकर जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, श्रीनिवास ने कहा कि पेंशनभोगियों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि इसके लिए डीओपीपीडब्ल्यू एक कृत्रिम मेधा / मशीन लर्निंग सक्षम एकीकृत पेंशनभोगी पोर्टल पर काम कर रहा है। यह पोर्टल डीओपीपीडब्ल्यू पोर्टल - भविष्य और विभिन्न बैंकों के पेंशन पोर्टल को जोड़ेगा। इसमें पेंशनभोगियों, सरकार और बैंक के बीच सहज संवाद सुनिश्चित करने के लिए चैट बॉट का विकल्प होगा।

हवाई उड़ान पर न्यूनतम और अधिकतम किराया को लेकर जारी रोक हटायी गई

घरेलू हवाई किराया पर लागू सीमा हटने से पैसेंजर को भी राहत मिलने की उम्मीद

> एक्सपर्ट के मुताबिक विमानन क्षेत्र में इस बदलाव से घरेलू एयरलाइन कंपनियों को अपना किराया निर्धारित करने की ज्यादा स्वतंत्रता मिलने की उम्मीद है।

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने एयरलाइन कंपनियों पर घरेलू हवाई किराया को लेकर लागू न्यूनतम और अधिकतम सीमा को हटा दिया है। डोमेस्टिक एयर फेयर पर लागू इस कैप को करीब 27 महीने बाद हटाया गया है। घरेलू हवाई किराया को लेकर ये नियम बुधवार से लागू हो गया है। सरकार के इस कदम से त्योहारी सीजन में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को किराया में राहत मिलने की उम्मीद है। एक्सपर्ट के मुताबिक विमानन क्षेत्र में इस बदलाव से घरेलू एयरलाइन कंपनियों को अपना किराया निर्धारित करने की ज्यादा स्वतंत्रता मिलने की उम्मीद है। नागर विमानन मंत्रालय ने इस महीने की शुरूआत में हवाई किराये पर लगी अपर और लोअर लिमिट हटाने से संबंधित सूचना जारी की थी, जो 31 अगस्त से लागू होना था। सरकार के इस फैसले के बाद एयरलाइन कंपनियां अब न्यूनतम और अधिकतम किराये को तय कर सकेंगी। दरअसल त्योहारी सीजन में कई विमान कंपनियां सस्ते हवाई सफर का ऑफर यात्रियों को देती हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जारी एक आदेश में कहा था कि घरेलू उड़ानों की मौजूदा स्थिति की समीक्षा और यात्रियों के बीच हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को देखते हुए फेयर बैंड 31 अगस्त 2022 से हटाने का फैसला किया गया है।

सम्पादक की कलम से...

पलामू में लैंड जिहाद

झारखंड में लैंड जिहाद का कारोबार दबंगई से जारी है। पलामू के पांडू अंतगर्त मुरूममातू गांव में ऐसा ही हुआ है। भीड़ बनकर आये विशेष समाज के लोग मदरसे की जमीन बताकर 50 महादलित सदस्यों के घर को इस बरसात में उजाड़ डाला और गांव से जबरन बाहर निकाल दिया। लाख चाहने के बाद भी जिला प्रशासन की एक नहीं चली। बेचारे आज पुराने थाने में शरण लिये हुए हैं। यह खेल वैसे तो पूरे देश में जारी है। बावजूद अपना झारखंड इसका सेंटर बनता दिख रहा है। वैसे भी पलामू प्रारंभ से संवेदनशील जिला रहा है। इसकी ख्याति कभी नक्सलवाद को लेकर तो कभी सामंतवादी सोच को लेकर समय-समय पर सामने आते रहा है। अभी कुछ साल पहले इसी समाज के दो लोगों को मॉब लिंचिंग में मार डाला गया था। बहरहाल इस मामले पर कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। साथ ही पलामू के डीसी बुधवार को घटनास्थल का दौरा कर चुके हैं। कुजरुकला पंचायत के अल्पसंख्यक बहुल मुरूममातू गांव में लगभग चार दशक से मिट्टी और खपरैल के घर में रह रहे करीब 50 लोगों को दबंगों ने ऐसे बेघर कर दिया जैसे उनका इनसे कोई नाता नहीं है। लेकिन यह सच है कि दशकों से उनका नाता यहां के लोगों और इस धरती से रहा है। दबंगों का दावा है कि यह जमीन मदरसे की है। जबकि सच्चाई है कि महादलितों का परिवार कई दशकों से यहां रह रहा था। साथ ही सर्वे का पर्चा भी इनके नाम है। बावजूद लैंड जिहाद गैंग दुश्मन की तरह ऐसे अचानक तालिबानी एक्शन में आये कि इनका आशियाना धराशाई हो गया। यह तालिबानी सोच हाल के दिनों में काफी बढ़ गयी है। एक तरफ अंकिता हत्याकांड की आग बुझी भी नहीं थी कि महादलितों पर हुए अत्याचार से समस्त झारखंड में गुस्सा देखने को मिल रहा है। आखिर इस सोच की क्या दवा है? आखिर देश में कानून है,सरकारें हैं। बावजूद महज कुछ दूर थाना की मौजूदगी में यह सब कैसे हो गया? इसके पीछे जरूर कोई गहरी साजिश है। जिसे समझना जरूरी है। यह देखा जाता है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष ऐसे मामलों पर सिर्फ राजनीति करती रही है। जबकि होना यह चाहिए कि ऐसे किसी संवेदनशील मामलों पर सभी एकजुट होकर इसका स्थायी समाधान निकालते। लेकिन हाय रे हमारी राजनीति किसी को किसी से कोई वास्ता नहीं है। सबको अपने वोट बैंक की चिन्ता है। घटना पर भाजपा नेताओं ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि हिम्मतवाली हेमंत सरकार में जिहादियों की हिम्मत बढ़ गयी है। महादलित परिवारों के घरों को मदरसे की जमीन बताकर तोड़ कर बेघर कर दिया गया और यह गूंगी-बहरी सरकार मौज-मस्ती में लगी है। यह साबित करता है कि सरकार के संरक्षण में राज्य की डेमोग्राफी बदलने के लिए सुनियोजित तरीके से षडयंत्र चल रहा है। वहीं, बीजेपी विधायक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह अस्वीकार्य है, महादलितों को बेघर करने की खबर पाकिस्तान, अफगानिस्तान या बांग्लादेश की नहीं, बल्कि पलामू, झारखंड की है। बीजेपी विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि महादलित पर अत्याचार हो रहा और मुंह से बकार तक नहीं निकल रहा, यह तुष्टिकरण नहीं हो क्या हैं? क्योंकि उनपर अत्याचार करनेवाले सरकार के खानदानी वोटर हैं? दूसरी तरफ सरकार ने इसे संज्ञान में लेते हुए दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिया है। अब देखना है आगे-आगे होता है क्या?

आज का इतिहास

- **1941 :** न्यूजीलैंड की लेबर पार्टी ने मृत्युदंड समाप्त कर दिया।
- **1947 :** अमेरिका में रक्षा विभाग की स्थापना हुई।
- **1949 :** दक्षिण भारतीय राजनीतिक दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की स्थापना हुई।
- **1950 :** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म हुआ।
- **1956 :** भारतीय तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का गठन हुआ।
- **1956 :** ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेलीविजन पर प्रसारण हुआ।
- **1957 :** मलेशिया संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
- **1974 :** बंगलादेश, ग्रेनेडा और गिनी बिसाऊ संयुक्त राष्ट्र संघ में शामिल हुए।
- **1984 :** ब्रायन मुलरनी ने कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- **1988 :** ग्रीष्मकालीन ओलंपिक दक्षिण कोरिया के सोल में आयोजित किया गया।
- **2004 :** यूरोपीय संसद ने मालदीव पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया।
- **2011 :** न्यूयॉर्क के जुकोट्टी पार्क में वॉल स्ट्रीट घेरो आंदोलन की शुरूआत।
- **2016 :** न्यूयॉर्क के चेल्सी में विस्फोट से 29 लोग घायल हुए।
- **1784 :** अमेरिका का पहला दैनिक अखबार(पेनसिलवेनिया पैकेट एंड जनरल एडवरटाइजर) प्रकाशित हुआ।
- **1815 :** किंग विलियम प्रथम ने ब्रुसेल्स में शपथ ली।
- **1885 :** नीदरलैंड के लोगों ने मतदान के अधिकार के लिये प्रदर्शन किया।
- **1857 :** बहादुर शाह द्वितीय ने अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- **1905 :** अटलांटा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का गठन हुआ।
- **1928 :** 'माय विकली रीडर' मैगजीन की शुरूआत हुई।
- **1934 :** एक बड़े तूफान से पश्चिमी होन्शू, जापान में 3000 से अधिक लोग मारे गए थे।
- **1937 :** जे आर आर टॉकियन का द हॉबिट प्रकाशित किया गया था।
- **1938 :** चक्रवाती तूफान(183 मील प्रति घंटे की रफ्तार) से न्यू इंगलैंड में 700 लोगों की मौत।

दुनिया में मशीनी दिमाग के बड़े खतरे

> पूरी दुनिया में यह देखने में आ रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक अस्सी करोड़ नौकरियां कम हो जायेगी। डेलोइट की एक रिपोर्ट में पता चला है की 2025 तक दस लाख से ज्यादा वकीलों की नौकरी खत्म होने वाली है। कुछ नौकरियां भी ऐसी हैं जिनके कामों को मशीनी दिमाग यानी कृत्रिम बुद्धि (एआइ) से आसानी से कराया जा सकेगा। 2015 में गूगल ने बिना ड्राइवर के चलने वाली कार बनाने में कामयाबी हासिल कर ली थी। भविष्य में स्वचालित कारों में और सुधार होगा और ड्राइवरों की जरूरत खत्म हो जायेगी। इसी प्रकार अमेजन ने ड्रोन के जरिये सामान भेजना शुरू कर दिया।

दुनिया को ब्लैक होल और बिग बैंग का सिद्धांत समझाने वाले जाने-माने भौतिक विज्ञानीस्टीफन हाकिंग ने भी कहा था कि 'मैं मानता हूं कि कृत्रिम मेधा तकनीक को मानवता की बेहतरी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन इंसान को इस पर काबू करने का कोई न कोई रास्ता तलाशना पड़ेगा।' पांच साल पहले फेसबुक के साफ्टवेयर इंजीनियरों ने एक ऐसा प्रयोग किया था जिसे देख कर दुनिया दंग रह गई थी। हुआ यह था कि फेसबुक के इंजीनियर मानव और मशीनी दिमाग यानी एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का एक दूसरे संवाद करवाने संबंधी प्रयोग कर रहे थे। पर इस प्रयोग के दौरान एक इंजीनियर ने कहा- चलो इंसानों से नहीं बल्कि इनकी ही आपस में बात कराते हैं। फिर उन्होंने दो मशीनी दिमाग जिनका नाम बाब और एलिस रखा था, का संवाद करवाया। जब ये दोनों आपस में बात कर रहे थे, तब इंजीनियरों को पता नहीं चला कि ये दोनों क्या बात कर रहे हैं। लेकिन शोध के बाद पता चला कि इन्होंने अपने आप में एक गुप्त भाषा विकसित कर ली थी। यह सब देख इंजीनियरों ने तुरंत इस कार्यक्रम को बंद कर दिया। इस समय का यह प्रयोग बहुत नया माना जाता है। क्या आप सोच सकते हैं कि बाब और एलिस इंसानों से बच कर एक गुप्त भाषा विकसित करके एक-दूसरे से जिस तरह बतिया रहे थे, वह एक खतरनाक प्रयोग था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आगे जाकर कृत्रिम मेधा का जमाना इंसानों के लिए कितना खतरनाक होगा? नौकरी के लिए तो करोड़ों लोग परेशान है। दुखद तो यह कि नौकरी नहीं मिलने से खुदकुशी करने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है। पूरी दुनिया में यह देखने में आ रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक अस्सी करोड़ नौकरियां कम हो जायेगी। डेलोइट की एक रिपोर्ट में पता चला है की 2025 तक दस लाख से ज्यादा वकीलों की नौकरी खत्म होने वाली है। कुछ नौकरियां भी ऐसी हैं जिनके कामों को मशीनी दिमाग यानी कृत्रिम बुद्धि (एआइ) से आसानी से कराया जा सकेगा। 2015 में गूगल ने बिना ड्राइवर के चलने वाली कार बनाने में कामयाबी हासिल कर ली थी। भविष्य में स्वचालित कारों में और सुधार होगा और ड्राइवरों की जरूरत खत्म हो जायेगी। इसी प्रकार अमेजन ने ड्रोन के जरिये सामान भेजना शुरू कर दिया। यानी अब सामान पहुंचाने वालों की कोई जरूरत नहीं है। यह सब अभी अमेरिका में चल रहा है और लोगों को भी कोई परेशानी नहीं आती। इसी प्रकार बड़े-बड़े होटलों में भी रोबोट ही खाना परोसेंगे और खाना भी बनायेंगे। आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक कृत्रिम मेधा तकनीक के बढ़ते चलन से दुनियाभर में सैंतालीस फीसदी नौकरियां खतरे में हैं। मैकिनजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट आफ रिसर्च का कहना है कि कुछ वर्षों में पैंतालीस फीसदी नौकरियां स्वचालित होने जा रही हैं। हाल के दिनों में प्रौद्योगिकी ने निर्णय लेना सीख लिया है। तकनीक के विकास की गति एक दशक में कम से कम दोगुनी हो जाती है। लेकिन इसके साथ इसके बेकाबू हो जाने का डर भी उतनी ही तेजी से फैला है। गूगल और एल्फाबेट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने हाल में कहा भी था कि मशीनी दिमाग को लेकर सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। इसके लिए उन्होंने कृत्रिम मेधा तकनीक संबंधी नियम बनाने की मांग पर जोर दिया। उनका कहना है कि हम नई तकनीक पर लगातार काम करते रह सकते हैं, लेकिन बाजार व्यवस्थाओं को उसके किसी भी तरह के इस्तेमाल की खुली छूट नहीं होनी चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब पिचाई ने कृत्रिम मेधा तकनीक के खतरों को लेकर दुनिया को आगाह किया है। इससे पहले भी साल 2018 में कंपनी के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि- 'दुनिया पर मशीनी दिमाग का जितना असर होगा, उतना शायद ही किसी और आविष्कार का होगा। इंसान आज जिन चीजों पर काम कर रहा है, उनमें सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण यही तकनीक है, शायद आग और बिजली जितनी ही महत्त्वपूर्ण। लेकिन ये इंसानों को मार भी सकती है। हमने आग पर काबू पाना सीख लिया है, पर इसके खतरों से भी हम जूझ रहे हैं।' बहुत से लोग कहते हैं कि आगे चल कर इंसानों को रोबोट से खतरा होगा। यह डर बेमानी है। हालांकि जिस तरह से हम मशीनी दिमाग पर निर्भर होते जा रहे हैं, उससे खतरे तो बढ़े ही हैं।

■ निरंकार सिंह

पेगासस पर हवाई हल्ला

इस्राइल से 500 करोड़ रु. में खरीदे गये पेगासस नामक जासूसी यंत्र की जांच में कुछ भी नहीं मिला। भारत सरकार पर यह आरोप था कि इस यंत्र के जरिये वह भारत के लगभग 300 नेताओं, पूंजीपतियों, पत्रकारों और महत्वपूर्ण नागरिकों पर जासूसी करती है। यह खबर जैसे ही 'न्यूयार्क टाइम्स' में छपी भारत में तूफान-सा आ गया। संसद ठप्प हो गई, टीवी चैनल और अखबारों में धमाचौकड़ी मचने लगी और सरकार हतप्रभ हो गई। सरकार की घिग्घी ऐसी बंधी कि इस खबर को उससे न निगलते बन रहा था, न उगलते। न तो वह संसद के सामने बोली और न ही अदालत के सामने। उसने बस, एक ही बात बार-बार दोहराई कि यह भारत की सुरक्षा का मामला है। गोपनीय है। यदि अदालत कहे तो वह जांच बिठा सकती है कि क्या आतंकवादियों, अपराधियों और तस्करों के अलावा भी किंही नागरिकों पर यह निगरानी रखी जाती है? अदालत ने सरकार को यह मौका देने की बजाय खुद ही इस जासूसी यंत्र पर जांच बिठा दी। जांच समिति में तीन विशेषज्ञ रखे गये और उसकी अध्यक्षता एक सेवा-निवृत्त जज ने की। वह कमेटी तो बड़े योग्य और निष्पक्ष लोगों की थी लेकिन अब उसने अपने लंबी-चौड़ी रपट तीन हिस्सों में पेश की तो देश में फिर हंगामा खड़ा हो गया है, क्योंकि भारत के सर्वोच्च न्यायाधीश एन.वी. रमना ने कहा है कि उस रपट की मुख्य बातों को पढ़ने पर लगता है कि इस जांच में सरकार ने रत्तीभर भी सहयोग नहीं किया है। सरकार का जो रवैया अदालत के सामने था, वही जांच समिति के सामने भी रहा। आश्चर्य इस बात पर है कि जो रवैया सरकार का रहा है, वही रवैया उन ज्यादातर लोगों का भी रहा है, जिन 300 लोगों के मोबाइल फोनों की जांच होनी थी। 300 में से सिर्फ 29 लोगों ने जांच के लिए फोन दिये। बाकी लोग चुप्पी मार गये याने जो हल्ला मचा था, वह हवाई था। उन 29 फोनों की तकनीकी जांच से विशेषज्ञों को मालूम पड़ा कि उनमें से एक पर भी पेगासस के जासूसी यंत्र की निगरानी नहीं थी। सिर्फ पांच फोनों पर मॉलवेयर पाया गया। याने पेगासस को लेकर खाली-पीली हल्ला मचाया जा रहा है। यदि यह सच है तो सरकार ने इस कमेटी के साथ खुलकर सहयोग क्यों नहीं किया? इसका मतलब दाल में कुछ काला है लेकिन जिन लोगों को अपनी निगरानी का शक है, उनकी दाल ही काली मालूम पड़ रही है। पहले तो 300 में से सिर्फ 29 लोग ही जांच के लिए आगे आए और उन 29 ने भी कह दिया कि उनके नाम प्रकट नहीं किये जाएं। इसका अर्थ क्या हुआ? क्या यह नहीं कि सरकार से भी ज्यादा हमारे नेता, पूंजीपति, पत्रकार और अन्य लोग डरे हुए हैं। सरकार अपने अवैध कारनामों को छिपाना चाहती है तो ये देश के महत्वपूर्ण लोग अपने काले कारनामों पर पर्दा डाले रखना चाहते हैं। यदि आप कोई अवैध या अनैतिक काम नहीं कर रहे हैं तो आपको उसे छिपाने की क्या जरूरत है? फिर भी नागरिकों की निजता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए यह जरूरी है कि सरकार द्वारा की जा रही जासूसी निरंकुश न हो। राज्य के उत्तम स्वास्थ्य के लिए जासूसी कड़वी दवाई की तरह है लेकिन इसे रोजमर्रा का भोजन बना लेना उचित नहीं है।

■ डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भय व भूख के अभागे वक्त में

रूस व यूक्रेन की दुर्भाग्यपूर्ण जंग सातवें महीने में प्रवेश कर गई है। इस दौरान यूक्रेनी नागरिकों को जिस कत्लोगारत और अपमान के दौर से गुजरना पड़ा, उसे 21वीं शताब्दी के स्थायी कलंक के तौर पर दर्ज किया जायेगा। इस युद्ध ने यह मुगालता भी तोड़ दिया है कि अमेरिका और उसके सरपरस्त देश मानवता, मानवीय मूल्यों और निर्धनता-उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे बौने और स्वार्थी साबित हुए हैं। क्या आप जानते हैं कि अमेरिका ने जब इराक पर हमला बोला था, तब उसका लगभग 80 फीसदी खर्च पड़ोसी अरब मुल्कों के साथ जर्मनी और जापान ने चुकाया था। सिर्फ बीस प्रतिशत का खर्च और सौ फीसदी दादागीरी! महाशक्तियां इसी तरह चौतरफा फायदा उठाती आई हैं, पर ऐसे नुस्खे कभी-कभी खुद उनके लिए शर्मिंदगी का कारण बन जाते हैं। अफगानिस्तान में रूस और अमेरिका ने बारी-बारी लगभग तीन दशक तक जोर लगाया, पर दोनों हार गये। जिस तालिबान को रोकने के लिए इतना खून-खराबा मचाया गया, वे फिर काबुल की सत्ता पर काबिज हैं। अमेरिकी रणनीतिकार भले कहते रहें कि तालिबान बदल गए हैं, पर जिस तरह अल-जवाहिरी काबुल के पॉश इलाके में महीनों से रह रहा था, उसकी भनक तक तालिबान को न थी, ऐसा कैसे हो सकता है? रूस और यूक्रेन युद्ध पर लौटते हैं। इस जंग ने इंसानियत के सामने तीसरे विश्व युद्ध के खतरे के साथ कुछ नई आशंकाएं भी रोप दी हैं। चीन और रूस की युगलबंदी को अगर बड़ी लड़ाइयां लड़ने से रोक भी दिया जाए, तब भी नये साम्राज्यवाद का खतरा पैदा हो गया है। संसार का सर्वाधिक शक्तिशाली देश अमेरिका, लातिन अमेरिकी देशों के साथ हमेशा छल-बल-कपट करता आया है। उसके परम विरोधी स्टालिन ने भी पोलैंड, हंगरी और चेकोस्लोवाकिया में टैंक भेजे थे। आज साम्राज्यवादी चीन ताइवान के साथ वैसी ही हरकत कर रहा है। भारत की सीमाओं को उसने पहले से अशांत कर रखा है। कल ऐसे अतिक्रमण अन्यत्र नहीं होंगे, इसकी भला क्या गारंटी? कूटनीतिज्ञ मानते हैं, महाशक्तियां सबसे पहले अपने पड़ोस पर दबाव बनाती हैं। तय है, इन विकट हालात में महाशक्तियां अगर तीसरे विश्व युद्ध से खुद को बचा ले जाती हैं, तब भी शीत युद्ध 2.0 हमारे दरवाजे खटखटा रहा है। ये अपशकुन यहीं समाप्त नहीं होते। दुर्भाग्यवश, सन 2022 को भुखमरी के लिए भी इंसानी इतिहास के सर्वाधिक त्रासद वर्षों में जाना जायेगा। युद्ध शुरू होने से पहले ही समूचे संसार में करीब 83 करोड़ लोग हर रात बिना संपूर्ण आहार ग्रहण किये सोने के लिए अभिशप्त थे। लगभग 31 लाख बच्चे कुपोषण की वजह से हर साल दम तोड़ दिया करते थे। इन वजहों से जलावतनी, मानव तस्करी और आतंकवाद पनप रहे थे, लेकिन छह महीने पुरानी इस जंग ने भूख से लड़ाई को और दुरूह बना दिया है। वजह यूक्रेन दुनिया को होने वाले कुल निर्यात का 10 फीसदी गेहूं उपजाता है। सूरजमुखी के तेल और उसके बीजों के मामले में भी उसकी हिस्सेदारी 46 प्रतिशत है। इसी तरह, रूस भी कृषि उत्पादों का बड़ा निर्यातक है। रूस के किसान गेहूं-आपूर्ति के मामले में संसार में करीब 19 फीसदी की हिस्सेदारी रखते हैं। ये आंकड़े बदहाली की सिहरा देने वाली तस्वीर पेश करते हैं। हालांकि, गुजरी 22 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र की अगुवाई में एक समझौता हुआ। इसके तहत 4 अगस्त से खाद्यान्न निर्यात शुरू भी हो चुका है, पर इसे हस्ब-ए-मामूल होने में वक्त लगेगा। यहां एक और सवाल उठता है कि युद्ध और व्यापार भला एक साथ कैसे चल सकते हैं? रूस भला क्यों चाहेगा कि यूक्रेन को कहीं से कुछ भी धन हासिल हो, क्योंकि इस धनराशि का इस्तेमाल तो उसी के खिलाफ होना है? ऐसे में, कल्पना कीजिये, अगर चीन ताइवान पर आक्रमण कर दे और उसके ऊपर भी रूस जैसी बंदिशें थोप दी जाएं, तब क्या होगा? अपनी विशाल आबादी का पेट भरने के बावजूद चीन 1.66 फीसदी खाद्यान्न दुनिया को निर्यात करता है। यह आशंका तब और विकराल हो जाती है, जब हम धरती के मौजूदा हालात पर नजर डालते हैं। श्रीलंका, यमन, मिस्र सहित तमाम अफ्रो-एशियाई मुल्कों में हालात पहले से बदतर हैं। यमन में डेढ़ करोड़ से अधिक लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच गये हैं। इस विभीषिका को दूर करने का जिम्मा पश्चिम के उन देशों का था, जिन्होंने 1991 के बाद से अपनी महाकाय कंपनियों के जरिये गरीब-गुरबा देशों में पैर पसारे थे। उनका दावा था कि हमारा मॉडल गरीबी दूर करने के लिए सर्वोत्कृष्ट है। कोरोना और इस जंग ने उन्हें फुसफुसा साबित कर दिया है। आप भूले नहीं होंगे। जब संसार के गरीब और अपेक्षाकृत कम गरीब देशों के लोग महामारी के एक टीके से वंचित थे।

■ शशि शेखर

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

हे महाभाग! यह सब भलीभांति समझ-बूझकर आपकी जैसी रूचि हो, वैसा कीजिये। सेवकोंको तो अपने स्वामीसे हितकर, सत्य और नपी-तुली बात कहनी चाहिये।। 45 ।।

व्यासजी बोला-उनकी बात सुनकर शत्रुसेनाको विनष्ट कर डालनेवाले शुम्भने अपने छोटे भाई निशुम्भको एकान्त स्थानमें ले जाकर वहां स्थित हो उससे पूछा- हे भाई! आज कालिकाने अकेले ही धूम्रलोचनको मार डाला, सारी सेना नष्ट कर दी और शेष सैनिक अंग-भंग होकर भाग आये हैं। अभिमानमें चूर रहनेवाली वही अम्बिकाका शंखनाद कर रही है।। 46-47 ।।

कालकी गतिको पूर्णरूपसे समझना ज्ञानियोंके लिये भी अत्यन्त कठिन है। [कालकी प्रेरणसे] तृण बज्र बन जाता है, वज्र तृण बन जाता है; दैवकी ऐसी विचित्र गति है।। 48-49 ।।

हे महाभाग! मैं तुमसे पूछता हूं कि अब आगे मुझे क्या करना चाहिये? ऐसा लगता है कि यह अम्बिका किसी उद्देश्यसे यहां आयी हुई है। अतः निश्चय ही वह हमारे भोगके योग्य नहीं है।। 50 ।।

हे वीर! तुम मुझे शीघ्र बताओ कि इस समय भाग जाना उचित है या युद्ध करना? यद्यपि तुम छोटे हो, फिर भी इस संकटके समय मैं तुम्हें बड़ा मान रहा हूं।। 51 ।।

निशुम्भ बोला- हे अनघ! इस समय न तो भागना उचित है और न तो किलेमें छिपना ही ठीक है। अब तो इस स्त्रीके साथ हर प्रकारसे युद्ध करना ही श्रेयस्कर है।। 52 ।।

श्रेष्ठ सेनापतियोंको लेकर मैं अपनी सेनाके साथ युद्धभूमिमें जाऊंगा और उस कालिकाको मारकर तथा अबला अम्बिकाको पकड़कर शीघ्र यहां ले आऊंगा और यदि बलवान् दैवके कारण इसके विपरीत हो जाय तो मेरे मर जानेपर बार-बार सोच-विचारकर ही आप कोई कार्य कीजियेगा।। 53-54 ।।

छोटे भाई निशुम्भकी यह बात सुनकर शुम्भीने उससे कहा- अभी तुम ठहरो, पहले पराक्रमी चण्ड-मुण्ड जायं। खरगोश पकड़नेके लिये हाथी छोड़ना उचित नहीं है। चण्ड-मुण्ड बड़े वीर हैं, अतः ये दोनों उसे मार डालनेमें हर तरहसे समर्थ हैं।। 55-56 ।।

अपने भाई निशुम्भसे ऐसा कहकर और उससे परामर्श करके राजा शुम्भने समक्ष बैठे हुए महान् बलशाली चण्ड-मुण्डसे कहा-हे चण्ड-मुण्ड! तुम दोनों अपनी सेना लेकर उस निर्लज्ज और मदोन्मत्त अबलाका वध करनेके लिये शीघ्र जाओ। हे महाभागो! रणभूमिमें पिंग-नेत्रोंवाली उस कालिकाको मारकर और अम्बिकाको पकड़कर-यह महान् कार्य करके यहां लौट आओ। यदि वह मदोन्मत्त अम्बिका पकड़ी जानेपर भी नहीं आती तो अपने अत्यन्त तीक्ष्ण बाणोंसे उस रणभूषिताका भी वध कर देना।। 57-60 ।।

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

बेकार बने मार्केट का उपयोग हो

शहर के दीनदयाल मार्ग में कई वर्षो से एक मार्केट बिना उपायोग के पड़ा हुआ है। पहले इस का निर्माण सब्जी मार्केट के लिए ही बनाया गया था। लेकिन बाद में यह राजनीति की भेंट चढ़ गया। इस बेकार पड़े सब्जी मार्केट को साफ-सुथरा और सुन्दर बनाकर मीट और मछली बेचने वाले दूकानदारों को दे दिया जाता तो शहर के लोगों को मीट मछली के लिये इधर-उधर नहीं भटकना पड़ता । साथ ही शहर में एक ही जगह पर मीट और मछली की दूकान एक जगह पर हो जाती जिससे शहर के लोगों को परेशानीयों का सामना नहीं करना पड़ताऔर लोगों को सहुलियत होती। इन दिनों मीट मछली की दुकान दीन दयाल मार्ग में चलती है और दुकानदार मीट मछली से निकलने वाले अखाद्य पदार्थो को सड़क पर ही फेक देते हैं, जिसके चलते उस रास्ते से गुजरने वाले लोगों को दुर्गन्ध का सामना करना पड़ता है। तथा इससे वायु प्रदूषण भी फैल रहा है जो कि घातक बीमारीयों का श्रोत बनता जा रहा है इसे रोकना बहुत ही जरूरी है। आने वाले महामारी जैसे प्राण घातक रोगों को रोका जा सके। मैं लोक प्रिय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से नगर निगम के पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि उस बेकार पड़े मार्केट को एक मांस मार्केट बना दिया जाता तो उससे नगर निगम को कुछ राजस्व भी प्राप्त हो जाती।

■ मोहन प्रसाद मेदिनीनगर।

अब उदारवाद को खलनायक साबित करने की कवायद

आज महान विचारक जॉन लॉक की 390वीं जयंती है। उनकी जयंती हम उस समय मना रहे हैं, जब उन्हें इतिहास के कूड़ेदान में बहुत गहरे तक दफन करने के जतन तकरीबन पूरी दुनिया में किये जा रहे हैं। जॉन लॉक की गिनती विश्व के उन दार्शनिकों में होती है, जिन्होंने राजनीति के केंद्र में उस आम आदमी को लाकर खड़ा किया, जो पहले सिर्फ शासित था। कोउ नृप होउ हमहि का हानि के फलसफे के संग जीने वाले इस आम आदमी के हाथ में न उसका वर्तमान था और न भविष्य। इन हालात में जॉन लॉक ने लोगों के अधिकार की बात की। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति का अपने जीवन पर प्राकृतिक अधिकार है। किसी ने अपनी मेहनत से जो संपदा अर्जित की है, उस पर पहला हक उसी का है, किसी सामंत या राजा-महाराजा का नहीं, यह बात सबसे पहले जॉन लॉक ने ही कही। उनकी जिस बात ने राजनीति की पूरी सोच बदल दी, वह थी- शासन वही होना चाहिए, जो जनता को स्वीकार्य हो। अपने इन्हीं विचारों के साथ जॉन लॉक ने जिस उदारवाद की नींव रखी, वहीं से भविष्य की तमाम क्रांतियों और बड़े बदलावों के रास्ते तैयार हुए। फ्रांस की क्रांति भी इसी नींव पर खड़ी हुई और उस औद्योगिक क्रांति की इमारत भी, जिसने सभी लोगों की सारी जरूरतों को पूरा करने के सपनों को आश्वासन में तब्दील कर दिया। यह उदारवाद ही था, जिसने मानव अधिकारों और नागरिक अधिकारों को सभ्यता का केंद्रीय तत्व बना दिया। अगली मंजिल लोकतंत्र था, जो पूरे मानव विकास की सबसे बड़ी राजनीतिक उपलब्धि माना जाता है। हालांकि, अब भी ये अधिकार दुनिया के कई देशों के लोगों की हसरत हैं। कुछ में तो इसे लेकर संघर्ष भी चल रहे हैं। लेकिन जहां ये सारे अधिकार हकीकत बन चुके हैं, वहां उदारवाद पर नाक-भौं सिकोड़ने का एक नया चलन शुरू हो गया है। पिछले तकरीबन एक दशक में हम एक ऐसी दुनिया में पहुंच गये हैं, जहां उदारवाद को खलनायकत्व ओढ़ाकर उसे बहुत सारी समस्याओं की जड़ बताया जाने लगा है। यहां तक कि हर किसी को व्यवस्था में एक संभावना सौंपने वाले इस विचार को लेकर कई गालियां भी गढ़ी जाने लगी हैं। भारत में भी यही हो रहा है। डोनाल्ड ट्रंप जब तक अमेरिका के राष्ट्रपति थे, उदारवाद को पानी पी-पीकर कोसते थे। व्लादिमीर पुतिन ने पिछले दिनों कहा था कि उदारवाद के विचार अब गुजरे जमाने की चीज होकर रह गये हैं। इस नये चलन के दर्शन हमने कनाडा में भी किये हैं, पोलैंड, यूक्रेन, हंगरी, जापान, यूनान, पुर्तगाल, स्पेन और इंग्लैंड में भी। दो साल पहले प्रसिद्ध पत्रिका न्यूजवीक ने इस मसले पर एक बहस छापी थी, जिसका शीर्षक था- 'सारा दोष जॉन लॉक पर ही मढ़ा जाए?' अचानक यह बदलाव कैसे हो गया? जिसे भविष्य का वायुमंडल माना जा रहा था, वह कठघरे में कैसे खड़ा हो गया? बहुत सारे विद्वान इस बदलाव की थाह पाने के लिए सिर खपा रहे हैं। अमेरिकी चिंतक फ्रांसिस फुकुयामा ने उदारवाद को लेकर दो किताबें भी लिख डाली हैं। उनका कहना है कि वैश्वीकरण के चक्कर में दुनिया ने राष्ट्रवाद से मुंह मोड़ लिया, इसलिए उदारवाद ठुकरा दिया गया। एक दूसरी आलोचना यह है कि यह विचार अपने वादों पर खरा नहीं उतर सका, इसलिए सिंहासन से उतार दिया गया। वैसे नये विचारों का सामने आना और पुराने विचारों का रुखसत हो जाना मानव इतिहास के लिए कोई नई बात नहीं है। इसलिए सदियों पुराने उदारवाद से दिल लगाने की कोई वजह नहीं है। मगर यहीं दिक्कत भी है। फिलहाल हमारे सामने न कोई नया विचार है और न ही कोई नया विमर्श। हम ऐसे मोड़ पर हैं, जहां कुछ चीजों को चुन-चुनकर खारिज किया जा रहा है, बहिष्कार हो रहा है। अमेरिका में इसे ही 'कैंसल कल्चर' का नाम दिया गया है। जो है उसे वर्तमान और इतिहास से हटा दो। विकल्प की चिंता किसे है? आज 390वीं जयंती पर जॉन लॉक को कोई श्रद्धांजलि देता नहीं दिख रहा। लेकिन उनके विचारों को या उनसे शुरू हुई परंपरा को श्रद्धांजलि देने का जो सिलसिला चल रहा है, उसमें अच्छे भविष्य का कोई आश्वासन नहीं है। इसीलिए यह डराता भी है। यह सिलसिला और डर कहीं हमारे समय का स्थायी भाव न बन जाए, इसकी आशंका परेशान करने वाली है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय** : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर : 07759972937,** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नम्बर :** 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

क्या हैं टोमैटो फ्लू के लक्षण, बीमारी का कारण और उपचार

फिलहाल टोमैटो फ्लू को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय चिंतित है और कई राज्यों को अलर्ट पर रखा गया है। इसे खतरनाक बनने से रोकने के लिए अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। फ्लू के अन्य मामलों की तरह यह भी संक्रामक है। विगत कुछ वर्षों से देश में नए-नए वायरस दस्तक देकर लोगों को डरा रहे हैं। कोरोना और मंकीपॉक्स के बाद अब बच्चों में टोमैटो फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं, जिसे लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय की चिंता बढ़ गई है। भारत में पहली बार 6 मई को केरल के कोल्लम जिले में एक बच्चे में टोमैटो फ्लू की पुष्टि हुई थी और 'लांसेट' जर्नल की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक तब से केरल में इसके 82 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं, वहीं ओडिशा में 26 से ज्यादा बच्चे इससे बीमार हो चुके हैं। सभी बच्चों की उम्र 9 साल से कम है और यह वायरल संक्रमण अब केरल तथा उड़ीसा के अलावा तमिलनाडु और कर्नाटक में भी फैल रहा है। केरल में तो हाल के दिनों में टोमैटो फ्लू के मामलों में अचानक वृद्धि दर्ज की गई है। टोमैटो फ्लू के संबंध में विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर पांच साल तक के बच्चों को निशाना बनाने वाला यह फ्लू आंतों के वायरस के कारण है, जो वायरस से बचाव के लिए पर्याप्त प्रतिरक्षा प्रणाली होने के कारण व्यस्कों में दुर्लभ होता है। संक्रमण को लेकर प्रारंभिक रिपोर्टों में सामने आया है कि यह एक दुर्लभ प्रकार का वायरल संक्रमण है जबकि कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि यह रेयर इंफेक्शन है, जो डेंगू या चिकुनगुनिया के बाद हो सकता है और यह इनका साइड इफेक्ट भी हो सकता है।

हालांकि 'टोमैटो फ्लू' नाम से ऐसा लगता है, जैसे यह टमाटर खाने से होने वाली कोई बीमारी है लेकिन वास्तव में इसका टमाटर से कोई संबंध है ही नहीं। इसे टोमैटो फ्लू नाम इसीलिए दिया गया है क्योंकि इसमें शरीर पर टमाटर के आकार जैसे फफोले हो जाते हैं लेकिन अधिकांश लक्षण दूसरे वायरल इंफेक्शन जैसे ही होते हैं। टोमैटो फ्लू वास्तव में एक वायरल बीमारी है, जिसमें दस साल से कम उम्र के बच्चों को बिना निदान के बुखार का अनुभव होता है। यह बेहद संक्रामक बीमारी है लेकिन अभी इसे लेकर यह स्पष्ट नहीं है कि यह बीमारी कैसे फैलती है। हालांकि विशेषज्ञ इससे बचने के लिए बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षममता मजबूत बनाए रखना तथा हायजीन का खास ख्याल रखना जरूरी बता रहे हैं। अभी तक के अनुभवों के आधार पर विशेषज्ञों का यही कहना है कि टोमैटो फ्लू से बच्चों में जान का

खतरा ज्यादा नहीं है लेकिन यह बेहद संक्रामक है। विशेषज्ञों के मुताबिक टोमैटो फ्लू एक तरह की 'हैंड, फुट एंड माउथ' वाली बीमारी है, जिसमें हाथ, पैर और मुंह पर लक्षण दिखते हैं। बच्चों को बुखार आना और उसके बाद त्वचा पर लाल निशान पड़ना इसके प्रमुख लक्षण हैं। इसमें निर्जलीकरण के साथ-साथ हाथ, पैर और मुंह पर बड़े-बड़े दाने होने लगते हैं, जिनका रंग प्रायः टमाटर जैसा लाल होता है और चकत्तों का आकार भी धीरे-धीरे बढ़कर टमाटर जैसा हो जाता है। चिकित्सकों ने टोमैटो फ्लू के चकत्तों के दानों की तुलना मंकीपॉक्स से जबकि बुखार के लक्षणों की तुलना डेंगू, चिकनगुनिया और हाथ, पैर तथा मुंह की बीमारी से की है।

फिलहाल टोमैटो फ्लू को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय चिंतित है और कई राज्यों को अलर्ट पर रखा गया है। इसे खतरनाक बनने से रोकने के लिए अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। फ्लू के अन्य मामलों की तरह यह भी संक्रामक है, जो छूने से भी फैलता है, इसीलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा सलाह दी जा रही है कि आपके आसपास यदि कोई इस बीमारी से पीड़ित है तो उससे दूरी बनाकर रखें और खासकर बच्चों को ऐसे मरीज के करीब न आने दें अन्यथा बच्चा बड़ी आसानी से इसका शिकार हो सकता है। यदि आपका बच्चा टोमैटो फ्लू की चपेट में आ गया है तो उसे अलग कमरे में रखते हुए उसके निकट सम्पर्क से बचने का प्रयास करें। ऐसे मरीज को 5-7 दिनों तक आइसोलेशन में रखा जाता है। फ्लू को फैलने से रोकने के लिए संक्रमित बच्चे द्वारा उपयोग किए जाने वाले कपड़े, बर्तन तथा अन्य सामान को अलग से साफ करना बेहद जरूरी है। टोमैटो फ्लू का कोई विशिष्ट उपचार नहीं है, इसलिए इसे केवल लक्षणात्मक रूप से प्रबंधित किया जा सकता है। बच्चे को टोमैटो फ्लू हो जाने पर घर के अंदर तथा आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बच्चे के शरीर पर लाल चकत्ते होने पर उसे खुजलाने न दें। विशेषज्ञों के मुताबिक इस बीमारी की सबसे बड़ी समस्या रोगी के शरीर में पानी की कमी हो जाना है। टोमैटो फ्लू के प्रमुख लक्षणों में बच्चे को तेज बुखार, निर्जलीकरण, टोमैटो के आकार के लाल रंग के बड़े फफोले, चकत्ते, त्वचा में खराश, शरीर में दर्द, जोड़ों में सूजन, पेट में ऐंठन या दर्द, थकान, जी मिचलाना, उल्टी, दस्त, सामान्य से ज्यादा खांसी, नाक बहना इत्यादि शामिल हैं। यदि बच्चे में उपरोक्त लक्षण दिखाई दें तो बिना विलंब किए डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। यदि बच्चा टोमैटो फ्लू से संक्रमित हो गया है तो डॉक्टर से सम्पर्क करने के अलावा कुछ खास बातों का भी ध्यान रखना जरूरी है। चूंकि इसके बारे में अभी ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है, इसलिए बच्चे को टोमैटो फ्लू हो जाने पर कोई भी घरेलू उपाय नहीं अपनाएं अन्यथा किसी विशेषज्ञ की सलाह के बिना उठाए गए ऐसे कदम समस्या को बेहद गंभीर भी बना सकते हैं। चूंकि टोमैटो फ्लू भी चिकनगुनिया, डेंगू और हाथ, पैर तथा मुंह की बीमारी के लक्षणों के समान है, इसलिए इस संक्रामक संक्रमण का इलाज भी इन्हीं के समान माना जा रहा है। टोमैटो फ्लू की अभी तक कोई अलग से दवाई नहीं है बल्कि जो दवाई वायरल संक्रमण होने पर दी जाती है, उसी का इस्तेमाल इसके खिलाफ भी किया जा रहा है। ऐसे मरीज को अलग-थलग रहने, आराम करने तथा खूब सारे तरल पदार्थ पीने और जलन तथा रैशेज से राहत के लिए गर्म पानी के स्पंज की सलाह दी जाती है। टोमैटो फ्लू के लंबे समय तक चलने वाले प्रभाव से बचने के लिए पर्याप्त आराम बेहद जरूरी है।

❖ **योगेश कुमार गोयल**

बिस्तर पर टाइमिंग की हो रही है समस्या? जरूर ट्राई करें ये योगासन

ज्यादातर लोग सेक्स से जुड़ी समस्याओं के लिए तरह-तरह की दवाईयों का सेवन करते हैं, जो कई बार शरीर पर नकारात्मक असर डालती हैं। ऐसे में अगर आप बिना दवाइयों के अपनी सेक्स लाइफ को बेहतर बनाना चाहते हैं तो योग का सहारा ले सकते हैं। नियमित योग करने से लोगों को अपनी सेक्स पावर बढ़ाने में मदद मिलती है। मौजूदा समय में लोगों की लाइफस्टाइल बुरी तरफ से बिगड़ी हुई है, जिसका सीधा असर उनकी सेक्स लाइफ पर पड़ रहा है। खराब सेक्स लाइफ लोगों के रिश्तों में खटाश का कारण बनती जा रही है। आमतौर पर ज्यादातर लोग सेक्स से जुड़ी समस्याओं के लिए तरह-तरह की दवाईयों का सेवन करते हैं, जो कई बार शरीर पर नकारात्मक असर डालती हैं। ऐसे में अगर आप बिना दवाइयों के अपनी सेक्स लाइफ को बेहतर बनाना चाहते हैं तो योग का सहारा ले सकते हैं। नियमित योग करने से लोगों को अपनी सेक्स पावर बढ़ाने में मदद मिलती है। कई अध्ययनों से पता चलता है कि नियमित योग का अभ्यास करने से शरीर में कोर्टिसोल के स्तर को कम हो जाता है, जो तनाव को कम करता है। आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि ज्यादातर लोगों की सेक्स लाइफ तनाव की वजह से प्रभावित होती है। जब लोगों की जिंदगी में तनाव बढ़ जाता है तो उनकी सेक्स करने की इच्छा में कमी आ जाती है। ऐसे में योग करने से शरीर में तनाव कम हो जाता है, जिसकी वजह से लोगों की सेक्स लाइफ खुद ब खुद बेहतर हो जाती है। इसके अलावा योग, सेक्स टाइमिंग और सेक्स करने की क्षमता को भी बढ़ाने में मदद करता है।

कपालभाति प्राणायाम : यह एक तरीके की ब्रीथिंग एक्सरसाइज है, जिसे नियमित करने से 60 प्रतिशत बीमारियों से शरीर का बचाव होता है। साल 2019 में हुए एक अध्ययन के अनुसार, कपालभाति प्राणायाम वास्तव में यौन क्रिया की अवधि को काफी हद तक बढ़ा देती है। जो लोग इसका नियमित अभ्यास करते हैं वो अपनी सेक्स लाइफ को बेहतर ढंग से एंजॉय कर पाते हैं।

भुजंगासन : इस योगासन पर भारत और रूस के वैज्ञानिक कई सालों से रिसर्च कर रहे हैं। उन्होंने अपनी रिसर्च में पाया कि भुजंगासन को करने से शरीर में कार्टिसोल हार्मोन, जो ब्लड प्रेशर और तनाव को बढ़ाने का काम करता है, का स्तर 11 प्रतिशत कम हो गया जबकि टेस्टोस्टेरोन का लेवल 16 प्रतिशत तक बढ़ गया। शरीर में टेस्टोस्टेरोन का स्तर बढ़ने से यौन इच्छाओं में बढ़ोतरी होती है।

सेतु बंधासन : यह योगासन उन लोगों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है जिनको सेक्स टाइमिंग की समस्या होती है। इसका अभ्यास करने से पेल्विस एरिया की मसाज हो जाती है और इस हिस्से में ब्लड सकुर्लेशन बढ़ जाता है। जिसकी वजह से लोगों की सेक्स टाइमिंग में सुधार होता है और यौन क्षमता भी बढ़ती है।

भूख न लगने व कब्ज की समस्या को दूर करता है एलोवेरा का जूस

यदि आपको भी भूख नहीं लगती है और इसके कारण कमजोरी आ गई है तो आपके लिए एलोवेरा जूस बहुत फायदेमंद है। दरअसल, नियमित रूप से एलोवेरा जूस पीने से पेट साफ रहता है और जब पेट साफ रहेगा तो भूख अपने आप खुल जाती है। एलोवेरा एक ऐसा पौधा है जो आजकल तकरीबन हर घर में मिल जाता है, क्योंकि महिलाएं उसका इस्तेमाल अपने स्किन और बालों को सुंदर बनाने के लिए करती हैं। इससे न सिर्फ त्वचा साफ और पिंपल्स मुक्त बनती है, बल्कि बाल भी चमकदार बनते है, लेकिन क्या आप जानते हैं सौंदर्य निखारने के साथ ही एलोवेरा कई तरह की बीमारियों से लड़ने में भी मदद करता है। आयुर्वेद विशेषज्ञों के मुताबिक, नियमित रूप से एलोवेरा जूस का सेवन करने से कई तरह की बीमारियों से बचाव होता है। एलोवेरा में प्रोटीन, विटामिन समेत एंटी-ऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा में होती हैं, जो त्वचा के साथ ही पेट से जुड़ी बीमारियों से भी बचाने में मदद करता है। स्वाद में भले ही थोड़ा कड़वा होता है, लेकिन इसके जूस का नियमित सेवन आपको स्वस्थ बनाने में मदद करता है। आयुर्वेद में एलोवेरा को बहुत महत्वपूर्ण औषधि माना गया है। आयुर्वेद विशेषज्ञों के मुताबिक, आइए, जानते हैं एलोवेरा जूस के सेवन के कुछ फायदे।

कब्ज से राहत : जिन लोगों को कब्ज की समस्या या पेट से जुड़ी अन्य परेशानी रहती है, उन्हें नियमित रूप से सुबह उठने के बाद एलोवेरा जूस का सेवन करना चाहिए।

एलोवेरा जूस में समान मात्रा में पानी मिलाकर पी सकते हैं। यदि आपको इसका स्वाद अच्छा नहीं लगता है तो इसमें थोड़ा आंवले का जूस मिला लें। नियमित सेवन से कब्ज की समस्या दूर हो जाएगी।

सिरदर्द से छुटकारा : जिन लोगों को अक्सर सिरदर्द की समस्या रहती है उनके लिए भी एलोवेरा बहुत फायदेमंद हो। रोजाना सुबह खाली पेट एलोवेरा जूस पीने से बार-बार होने वाले सिरदर्द से राहत मिलती है।

भूख न लगने की समस्या दूर करता है : यदि आपको भी भूख नहीं लगती है और इसके कारण कमजोरी आ गई है तो आपके लिए एलोवेरा जूस बहुत फायदेमंद है। दरअसल, नियमित रूप से एलोवेरा जूस पीने से पेट साफ रहता है और जब पेट साफ रहेगा तो भूख अपने आप खुल जाती है।

शरीर को डिटॉक्सिफाई करता है : एलोवेरा जूस सुबह पीने से शरीर से हानिकारक पदार्थ बाहर निकल जाते हैं, यानी यह डिटॉक्सिफिकेशन का काम करता है। दरअसल, रोजमर्रा के खान पान की गलत आदतों के कारण शरीर में कई तरह के टॉक्सिन जमा हो जाते हैं जिनकी सफाई एलोवेरा जूस पीने से हो जाती है।

खून की कमी दूर करता है : एलोवेरा का जूस लाल रक्त कोशिकाओं की बढ़ाने का काम करता है जिससे शरीर में खून की कमी नहीं होती है, तो अब से रोजाना सुबह खाली पेट एलोवेरा का जूस पीना शुरू कर दीजिए।

मोटापा कम करने में मददगार : एलोवेरा आपकी त्वचा को तो सुंदर बनाता ही है साथ ही यह शरीर को भी शेप में बनाए रखने में मदद करता है। इसमें एंटी इन्फ्लामेट्र गुण होता है जो वजन कम करने में सहायक है। नियमित रूप से एलोवेरा जूस पीने से अधिक खाने से होने वाला मोटापा कम करने में मदद मिलती है, क्योंकि यह फैट को तेजी से कम करता है।

चमकदार त्वचा : सुंदर निखरी त्वचा की ख्वाहिश तो हर किसी को होती है और इस ख्वाहिश को पूरा करने के लिए थोड़ा सा कड़वा जूस पीना पड़े तो इसमें कुछ हर्ज नहीं है। नियमित रूप से ऐलोवेरा का जूस पीने से चेहरे पर न सिर्फ ग्लो आता है, बल्कि मुहांसे और त्वचा से जुड़ी अन्य समस्याएं भी दूर होती हैं।

❖ **कंचन सिंह**

गन्ने के अपशिष्ट से चीनी का विकल्प तैयार करने की नई तकनीक

केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी गुवाहाटी से जुड़े इस अध्ययन के प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर वीएस मोहोलकर ने कहा है कि अल्ट्रासाउंड के उपयोग से पारंपरिक प्रक्रियाओं में लगने वाला लगभग 48 घंटे का किण्वन समय घटकर 15 घंटे हो गया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने गन्ने की खोई (गन्ने की पेराई के बाद बचे अवशेष) से 'जाइलिटोल' नामक चीनी के सुरक्षित विकल्प का उत्पादन करने के लिए अल्ट्रासाउंड-समर्थित किण्वन (फर्मेंटेशन) विधि विकसित की है। यह विधि; संश्लेषण के रासायनिक तरीकों के परिचालन की सीमाओं और पारंपरिक किण्वन में लगने वाले समय को कम कर सकती है।

मधुमेह रोगियों के साथ-साथ सामान्य स्वास्थ्य के लिए भी सफेद चीनी (सुक्रोज) के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ चीनी के सुरक्षित विकल्पों की खपत में वृद्धि हुई है। 'जाइलिटोल' प्राकृतिक उत्पादों से प्राप्त शुगर अल्कोहल है, जिसके संभावित रूप से एंटी-डायबिटिक और एंटी-ओबेसोजेनिक प्रभाव हो सकते हैं। शोधकताओं का कहना है कि 'जाइलिटोल' एक हल्का प्री-बायोटिक है, और दांतों के क्षरण को रोकने में मदद करता है।

केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी गुवाहाटी से जुड़े इस अध्ययन के प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर वीएस मोहोलकर ने कहा है कि अल्ट्रासाउंड के उपयोग से पारंपरिक प्रक्रियाओं में लगने वाला लगभग 48 घंटे का किण्वन समय घटकर 15 घंटे हो गया है। इसके साथ-साथ उत्पाद में लगभग 20% की वृद्धि हुई है। किण्वन के दौरान केवल 1.5 घंटे के अल्ट्रासोनिकेशन का उपयोग किया गया है, जिसका अर्थ है कि अधिक अल्ट्रासाउंड पावर की खपत नहीं होती है। अल्ट्रासोनिक किण्वन के उपयोग से गन्ने की खोई से 'जाइलिटोल' उत्पादन भारत में गन्ना उद्योगों के लिए संभावित अवसर हो सकता है।

'जाइलिटोल' औद्योगिक रूप से एक रासायनिक प्रतिक्रिया द्वारा निर्मित होता है, जिसमें लकड़ी से व्युत्पन्न डी-जाइलोस, जो

एक महँगा रसायन है, बहुत उच्च तापमान और दबाव पर निकल उत्प्रेरक के साथ उपचारित किया जाता है। इस प्रक्रिया में अत्यधिक ऊर्जा की खपत होती है। इसमें, जाइलोस की केवल 08-15% मात्रा 'जाइलिटोल' में परिवर्तित होती है, और व्यापक पृथक्करण और शुद्धिकरण चरणों की आवश्यकता होती है, जो इसकी कीमत को बढ़ा देते हैं।

किण्वन एक जैव रासायनिक प्रक्रिया है, जो ऐसे मुद्दों से निपटने में कारगर है। किण्वन कोई नई चीज नहीं है- भारत में कई घरों में दूध का दही में रूपांतरण किण्वन ही है। किण्वन में, बैक्टीरिया और खमीर जैसे विभिन्न प्रकार के सूक्ष्मजीवों का उपयोग कर-के एक पदार्थ को दूसरे में परिवर्तित किया जाता है। हालांकि, किण्वन प्रक्रिया धीमी होती है - उदाहरण के लिए, दूध को दही में बदलने में कई घंटे लगते हैं, और यह व्यावसायिक पैमाने पर इन प्रक्रियाओं का उपयोग करने में एक बड़ी बाधा है।

किण्वन के व्यावसायिक उपयोग से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने दो दृष्टिकोणों का उपयोग किया है। सबसे पहले, उन्होंने गन्ने की खोई, गन्ने से रस निकालने के बाद उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट रेशेदार पदार्थ, को कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल किया। यह 'जाइलिटोल' संश्लेषण की वर्तमान विधियों की लागत को कम करने में मददगार है, और अपशिष्ट उत्पाद को पुनः उपयोग करने की एक विधि प्रदान करता है। दूसरे, उन्होंने एक नये प्रकार की किण्वन प्रक्रिया का उपयोग किया है, जिसमें अल्ट्रासाउंड तरंगों के अनुप्रयोग से 'जाइलिटोल' के सूक्ष्म जीव-प्रेरित संश्लेषण को तेज किया जाता है।

शोधकर्ताओं ने पहले हेमिसेलुलोज को खोई में पांच कार्बन (पेंटोस) शर्करा जैसे कि जाइलोज और अरेबिनोज में हाइड्रोलाइज किया। इसके लिए उन्होंने खोई को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर तनु अम्ल से उपचारित किया। इसके बाद, चीनी के घोल को संकेंद्रित किया गया, और किण्वन के लिए इसमें कैंडिडा ट्रॉपिकलिस नामक खमीर उपयोग किया गया। सामान्य परिस्थितियों में, जाइलोस से 'जाइलिटोल' तक किण्वन में 48 घंटे लगते हैं। लेकिन, शोधकर्ताओं ने मिश्रण को अल्ट्रासाउंड तरंगों के संपर्क में लाकर प्रक्रिया को तेज कर दिया। अल्ट्रासाउंड एक प्रकार की ध्वनि है, जिसकी आवृत्ति का स्तर मानव कान से सुनने योग्य आवृत्ति से अधिक होता है। जब माइक्रोबियल कोशिकाओं वाले घोल को कम तीव्रता वाली अल्ट्रासोनिक तरंगों के संपर्क में लाया जाता है, तो माइक्रोबियल कोशिकाएं तेजी से प्रतिक्रिया देती हैं।

शोधकर्ताओं का कहना है कि अल्ट्रासाउंड तरंगों के बिना, प्रति ग्राम जाइलोस में केवल 0.53 ग्राम 'जाइलिटोल' का उत्पादन होता है। लेकिन, अल्ट्रासाउंड तरंगों के उपयोग से प्रति ग्राम जाइलोस से उत्पादन बढ़कर 0.61 ग्राम हो जाता है। इस प्रक्रिया में, प्रति किलोग्राम खोई से 170 ग्राम 'जाइलिटोल' उत्पादन होता है। यीस्ट को पॉलीयूरेथेन फोम में स्थिर करके प्रति ग्राम जाइलोस पर उत्पादन को 0.66 ग्राम तक बढ़ाया जा सकता है, और किण्वन का समय 15 घंटे तक कम किया जा सकता है।

बड़े पैमाने पर इस पद्धति के उपयोग के बारे में प्रोफेसर मोहोलकर कहते हैं यह अध्ययन, प्रयोगशाला में किया गया है। सोनिक किण्वन के वाणिज्यिक उपयोग में किण्वकों के लिए अल्ट्रासाउंड के उच्च शक्ति स्रोतों के डिजाइन की आवश्यकता है, जिसके लिए बड़े पैमाने पर ट्रांसड्यूसर और आरएफ एम्पलीफायरों की आवश्यकता है, जो एक प्रमुख तकनीकी चुनौती है।

इस अध्ययन से जुड़े शोधकर्ताओं में प्रोफेसर वीएस मोहोलकर के अलावा डॉ बेलाचेव जेगले टिजाजू और डॉ कुलदीप रॉय शामिल हैं। यह अध्ययन शोध पत्रिका झ बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी और अल्ट्रासोनिक्स सोनोकेमिस्ट्री में प्रकाशित किया गया है।

थायराइड होने पर दूध का सेवन करना कितना सुरक्षित?

कभी भी थायराइड की दवा लेने के बाद दूध का सेवन नहीं करना चाहिए। आपको कम से कम चार घंटे तक दूध नहीं पीना चाहिए। दरअसल, दूध, पनीर और दही सहित डेयरी उत्पादों में उच्च कैल्शियम का स्तर होता है, जो आपके शरीर में दवा को अवशोषित करने के तरीके को प्रभावित करता है। थायराइड एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या है, जिसमें व्यक्ति का शरीर में मौजूद थायराइड ग्रंथि थायराइड हार्मोन का सही तरह से उत्पादन नहीं कर पाती है। थायराइड हार्मोन ना केवल मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करता है, बल्कि यह मूड, ऊर्जा के स्तर, शरीर के तापमान, हृदय गति और रक्तचाप को भी नियंत्रित करता है। लेकिन जब थायराइड ग्रंथि आपके शरीर की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हार्मोन का उत्पादन नहीं करती है तो व्यक्ति को नियमित रूप से दवा का सेवन करने की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, खानपान पर भी पर्याप्त ध्यान दिया जाना आवश्यक है। मसलन, थायराइड होने पर दूध का सेवन करना चाहिए या नहीं, इसे लेकर आज भी लोगों के मन में कई तरह की भ्रांतियां हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि थायराइड के मरीजों के लिए दूध का सेवन कितना उचित है-

जरूर लें दूध : थायराइड मरीजों के लिए दूध को सेवन वास्तव में लाभकारी है। फोर्टिफाइड मिल्क में विटामिन डी पाया जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ एंडोक्रिनोलॉजी एंड मेटाबॉलिज्म में 2018 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, विटामिन डी थायराइड के स्तर में सुधार करने में मदद कर सकता है। साथ ही, यह टीएसएच लेवल में भी सुधार करता है। फोर्टिफाइड दूध में न केवल विटामिन डी होता है, बल्कि कैल्शियम, प्रोटीन और आयोडीन की भी महत्वपूर्ण मात्रा होती है। जिससे थायराइड मरीजों की सेहत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

कब ना लें दूध : कभी भी थायराइड की दवा लेने के बाद दूध का सेवन नहीं करना चाहिए। आपको कम से कम चार घंटे तक दूध नहीं पीना चाहिए। दरअसल, दूध, पनीर और दही सहित डेयरी उत्पादों में उच्च कैल्शियम का स्तर होता है, जो आपके शरीर में दवा को अवशोषित करने के तरीके को प्रभावित करता है। इसलिए, दवा लेने से पहले या बाद में दूध पीने व अन्य कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थ लेने से बचना चाहिए।

इस तरह के दूध से बचें : यूं तो दूध का सेवन थायराइड मरीजों के लिए आवश्यक है, लेकिन हाइपरथायरायडिज्म वाले व्यक्तियों के लिए होल मिल्क से बचना चाहिए। कोशिश करें कि आप मलाई रहित दूध या आर्गेनिक मिल्क का विकल्प चुनें, जो स्वस्थ और पचाने में आसान होता है।

❖ **मिताली जैन**

आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, मेहनत से कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी।

वृष राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और आकस्मिक धनलाभ के योग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी और सभी कार्य सफल होंगे।

मिथुन राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। कार्यों में सफलता मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

कर्क राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। नौकरी में तरक्की के योग हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों की मदद से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं।

कन्या राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने के योग रहेंगे। व्यापार-धंधे में आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। सामाजिक कार्यों में भाग लेंगे, जिससे समाज में सम्मान बढ़ेगा।

तुला राशि : आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी और सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे।

वृश्चिक राशि : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार मध्यम चलेगा और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र पर कामकाज की अधिकता रहेगी, जिससे थकान का अनुभव करेंगे।

धनु राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कारोबार विस्तार की योजनाएं बना सकते हैं, जो लाभकारी सिद्ध होंगी। कार्यभार की अधिकता रहेगी और पूरा दिन भागदौड़ में बीतेगा।

मकर राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधे में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। कार्यों में सफलता मिलेगी। आकस्मिक धनलाभ की भी संभावना रहेगी।

कुंभ राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा और कार्यों में सफलता मिलेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन कार्यभार की भी अधिकता रहेगा।

मीन राशि : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से सभी कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

आनंद शर्मा ने कांग्रेस के कार्यक्रम से किया किनारा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस छोड़ने के बाद एक और सीनियर लीडर आनंद शर्मा भी बगावती मूड में दिख रहे हैं। हिमाचल प्रदेश से आनेवाले शर्मा ने बुधवार को पार्टी के मेनिफेस्टो प्रोग्राम से किनारा कर लिया। वे इसमें शामिल नहीं हुए। इससे पहले शर्मा ने 21 अगस्त को हिमाचल कांग्रेस की संचालन समिति के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, तब उन्होंने कहा था कि वे विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट जरूर मांगेंगे। गुलाम नबी आजाद के कांग्रेस छोड़ने के बाद पिछले पांच दिनों में शर्मा उनसे दो बार मिल चुके हैं। मंगलवार को आनंद शर्मा और भूपिंदर सिंह हुड्डा आजाद से मिलने पहुंचे थे। तीनों के बीच करीब 2 घंटे तक बातचीत हुई। इससे पहले, आनंद शर्मा 27 अगस्त को आजाद से मिलने उनके सरकारी आवास गए थे।

सोवियत नेता मिखाइल गोबार्चेव का निधन

मॉस्को (एजेंसी)। सोवियत संघ के पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल गोबार्चेव का निधन हो गया। 91 साल के गोबार्चेव लंबे वक्त से बीमार चल रहे थे। उन्होंने बिना युद्ध किये ही शीत युद्ध को खत्म करा दिया था, यानी बिना खून खराबे के कोल्ड वॉर खत्म करवाया था। हालांकि, वो सोवियत संघ के पतन को रोक नहीं पाए थे। मिखाइल सोवियत संघ के 8वें और आखिरी राष्ट्रपति थे। गोबार्चेव सोवियत संघ के एक बेहद प्रभावशाली नेता थे। उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया था। उनके निधन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने शोक जताया है। आज मॉस्को में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

आप नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे एलजी सक्सेना

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के खिलाफ खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार के कथित रूप से मानहानिकारक तथा झूठे आरोप लगाने के लिए कानूनी कार्रवाई करने का फैसला किया है। उपराज्यपाल के कार्यालय के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। आप नेताओं में सौरभ भारद्वाज, आतिशी, दुर्गेश पाठक और जैस्मीन शाह शामिल हैं। उन्होंने हाल ही में दावा किया था कि श्री सक्सेना 2016 में विमुद्रीकरण के दौरान एक घोटाले में शामिल थे और उन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग की। गौरतलब है कि सीबीआई पहले ही केवीआईसी की तरफ से इस मामले की जांच कर चुकी है और आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है।

असम के बोंगाईगांव में भारी संख्या में पुलिस बल किये गये थे तैनात

मदरसों पर चला बुलडोजर, सभी पर आतंकियों को ट्रेनिंग देने का आरोप

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के बोंगाईगांव में बुधवार को प्रशासन ने एक और मदरसा ढहा दिया। आरोप है कि इस मदरसे का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जा रहा था। कबैतरी पार्ट-4 गांव में बने मरकाजुल मा-आरिफ कुआरियाना मदरसे को गिराने के लिए कई बुलडोजर बुलाए गए थे। इलाके में बड़ी संख्या में सैन्य बल भी तैनात किया गया था। असम में हाल ही में इमाम और मदरसे के शिक्षकों समेत 37 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इन पर आरोप था कि ये आतंकी संगठनों एक्यूआईएस (अल कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट) और एबीटी (अंसारुल्लाह बांग्ला टीम) से जुड़े हैं। इनकी गिरफ्तारी के बाद से ही प्रशासन मदरसों को गिराने की कार्रवाई कर रहा है। इससे पहले प्रशासन ने 4 और 29 अगस्त को दो और मदरसे गिराए थे।

सालों की मेहनत को एक दिन में उजाड़ रही सरकार : एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने कहा कि मदरसे बनाने में 20-30 साल लगते हैं, लेकिन सरकार एक दिन में बुलडोजर चलाकर गिरा रही है। राज्य में लाखों स्कूल है और क्या स्कूल में कोई व्यक्ति अपराधी होगा, तो स्कूल को गिरा दिया जाएगा।

दो मंजिला मदरसे में 224 छात्र लेते थे तालीम : मदरसा गिराए जाने से पहले मंगलवार रात को 224 छात्रों को दो मंजिला इमारत से निकाला गया। ऐसी खबरें थीं कि धार्मिक शिक्षकों के भेष में कुछ आतंकी राज्य में घुस आए हैं और राज्य विरोधी गतिविधियों में लगे हैं। 30 अगस्त को गोलपारा पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाकर यहां से कई अहम दस्तावेज बरामद किए थे। इसमें एबीटी से जुड़ा एक पर्चा और अदकर का संदिग्ध लोगो मिला।

दो साल से मदरसों को लेकर विवाद

असम में 2020 में पहली बार राज्य सरकार ने मदरसों का अनुदान बंद कर दिया। उस वक्त हिमंत बिस्वा सरमा राज्य के शिक्षा मंत्री थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अनुदान बंद होने की वजह राज्य में 2 साल में करीब 800 मदरसे बंद हो गए। हालांकि 1000 से ज्यादा निजी मदरसे अब भी चल रहे हैं। इनका संचालन ऑल असम तंजीम मदारिस कौमिया करती है।

आप-भाजपा प्रवक्ताओं की सड़क पर जुबानी जंग

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में कथित सरकारी स्कूल घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा के प्रवक्ता बीच सड़क पर भिड़ गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया और आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज में जुबानी जंग देखी जा सकती है।

दरअसल, भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया दिल्ली के सरकारी स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। स्कूल का निरीक्षण करने के बाद भाटिया ने ट्विटर पर लिखा कि आप मेरे तीन सवालों के जवाब दें। दिल्ली सरकार ने 500 नए स्कूल बनाने का वादा किया था, फिर वे 500 नए स्कूल की लिस्ट क्यों नहीं देते? आप प्रवक्ता ने जो पहला स्कूल दिखाया वह 1970 का बना हुआ है। जबकि दूसरा स्कूल अभी बन रहा है, फिर नए स्कूल कहां है? वहीं, आप प्रवक्ता सौरभ ने ट्विटर पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि बार-बार आग्रह करने के बाद भी गौरव भाटिया स्कूल के अंदर नहीं गए। मैंने उन्हें कहा कि अभी तो 498 स्कूल और देखने चलना है, लेकिन वे नहीं माने।

दरअसल, यह विवाद एक टीवी डिबेट शो से शुरू हुआ था। डिबेट में भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया और आप प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज मौजूद थे। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता भाटिया ने दिल्ली शिक्षा विभाग में घोटाले का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने नियमों की अनदेखी करते हुए अपने मौजूदा स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण का बजट बढ़ा दिया है। भाटिया ने कहा कि आप ने अपने घोषणा पत्र में दिल्ली में 500 स्कूल बनवाने का वादा किया था, अब तक दिल्ली में कितने स्कूल बने हैं।

भारतीय महिला पर्यटक की मौत का मामला

पुर्तगाल की हेल्थ मिनिस्टर ने दिया इस्तीफा

लिस्बन (एजेंसी)। पुर्तगाल में भारत की गर्भवती महिला की मौत के बाद यहां की हेल्थ मिनिस्टर मार्टा टेमिडो ने इस्तीफा दे दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस गर्भवती महिला को हार्ट अटैक आया था। उसे दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करने में देरी हुई। इसके पहले भी पुर्तगाल के हेल्थ सेक्टर की कमजोरियों को लेकर सवाल उठ रहे थे। स्टाफ की कमी एक बड़ी वजह है। इन मुद्दों को हल न कर पाने को लेकर मार्टा की काबिलियत पर सवाल उठ रहे थे। भारतीय महिला पर्यटक की मौत का मामला पुर्तगाल के ही मीडिया ने उठाया। इस महिला का नाम

सार्वजनिक नहीं किया गया है। कहा जा रहा है कि उसे हार्ट अटैक आया था। इस दौरान उसे प्रेग्नेंसी हॉस्पिटल से कार्डिएक सेंटर में ट्रांसफर किया जाना था। वक्त पर ऐसा नहीं हो सका, इसकी वजह से महिला की मौत हो गई। बच्चा स्वस्थ बताया जाता है। मामला इसलिए और गंभीर हो जाता है, क्योंकि यह घटना राजधानी लिस्बन में हुई। मीडिया सवाल रहा है कि अगर राजधानी में हेल्थ फेसेलिटीज के ये हाल हैं तो दूर-दराज के क्षेत्रों में क्या होता होगा। कुछ महीने पहले भी मार्टा आलोचकों के निशाने पर थीं। तब उन पर आरोप लगे थे कि देश में बच्चों के इलाज की सही व्यवस्था नहीं है। 2018 में हेल्थ मिनिस्ट्री का जिम्मा संभालने वाली मार्टा पर आरोप लगे कि उनके दौर में हेल्थ सेक्टर तबाह हो गया। हालांकि, कोविड-19 के दौर में उनका काम अच्छा रहा और इसके लिए उनकी तारीफ भी हुई।

अमेरिका ने 400 चिनूक हेलिकॉप्टर्स की उड़ान रोकी

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका ने करीब 400 चिनूक हेलिकॉप्टर्स की उड़ान पर रोक लगा दी है। वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक अमेरिकी सेना ने इंजन में आग लगने की आशंका को देखते हुए यह फैसला किया है। इस बीच, भारत ने अमेरिका से इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। अमेरिकी सेना के अधिकारियों को चिनूक हेलिकॉप्टर्स के इंजन में कुछ खराबी होने की आशंका है। एक अफसर ने कहा- कुछ हेलिकॉप्टर्स के इंजन में आग लगने की सूचना मिली थी। हमने करीब 70 हेलिकॉप्टर्स का इंस्पेक्शन किया। इसके बाद चिनूक के पूरे बेड़े के फ्लाइट ऑपरेशन्स रोक दिए गए हैं। इंडियन एयरफोर्स ने अमेरिका से चिनूक हेलिकॉप्टरों की उड़ान पर लगाई गई रोक के बारे में जानकारी मांगी है। भारतीय वायुसेना ने कहा- हमारे पास 15 चिनूक मौजूद हैं। सभी ऑपरेशन्स में हिस्सा लेते हैं। भारत में इनकी उड़ानें नहीं रोकी गई हैं। हमने अमेरिकी कंपनी से वजह पूछी है। ये भी पूछा है कि क्या उससे भारतीय वायुसेना की चिनूक फ्लीट को कोई खतरा है। भारतीय वायुसेना की फ्लीट चंड़ीगढ़ के एयरफोर्स बेस पर तैनात है। सितम्बर 2015 में भारत ने वायुसेना की ताकत को बढ़ाने के लिए अमेरिका से 15 चिनूक हेलिकॉप्टर्स की डील की थी। कीमत करीब 3.1 बिलियन डॉलर थी। चिनूक 11 टन लोड और 45 सैनिकों को हथियार समेत ले जाने की काबिलियत रखता है।

अंधविश्वास व तांत्रिकों के चक्कर में पड़े तो जा सकती है जान

- आरएनएम

नयी दिल्ली। ग्रेटर नोएडा निवासी अभिलाषा को पिता की मौत के बाद अंधविश्वास में तांत्रिक की बात मानना बहुत महंगा पड़ा। धन व जान दोनों गंवाना पड़ा। वह दिल्ली के रहनेवाले कथित तांत्रिक के संपर्क में आयी। तांत्रिक के झांसे में आकर अभिलाषा उस पर पैसे खर्च करने लगी। तांत्रिक उपचार और तंत्र विद्या के नाम हर माह उससे रुपये ऐंठता था। उसने अभिलाषा की 27 लाख रुपये हड़प ली। गलत खानपान के कारण युवती का वजन 200 किलो हो गया और वह चलने-फिरने से मोहताज हो गयी। तबीयत बिगड़ने पर पिछले साल सितम्बर में अभिलाषा (37) की मौत हो गयी। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो युवती की मां संतोष रस्तोगी ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दिल्ली निवासी तांत्रिक संजय मिश्रा पर धोखाधड़ी, रुपये हड़पने और लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया है। इस बारे में संतोष ने बताया कि वह परिवार के साथ दिल्ली में रहती थी। वर्ष 2012 में बीमारी की वजह से पति की मौत हो गयी। इससे परिवार वाले परेशान थे। छोटी बेटी अभिलाषा को घर में कुछ गड़बड़ होने का अंधविश्वास हो गया। इस वजह से वह ऑनलाइन उपचार ढूंढने लगी और संजय नगर (दिल्ली) के तथाकथित तांत्रिक संजय के संपर्क में आ गयी। संजय ने बेटी से कहा कि उनके दिल्ली स्थित घर में आत्म का वास है, इसके लिए पूजा करनी होगी। आरोपी ने पूजा करने का झांसा देकर अभिलाषा को वश में कर लिया है। इसके बाद आरोपी जैसा कहता बेटी वैसा ही करती। बेटी के कहने पर घर में कर्मकांड के लिए संजय को आठ हजार रुपये प्रतिमाह का वेतन देना शुरू कर दिया। संजय विशेष कर्मकांड की बात कहकर एक दिन 50 हजार रुपये तक ऐंठ लेता था। एक प्लॉट बेचकर बेटी के नाम एफडी कराई थी। एफडी को तुड़वाकर आरोपी ने 27 लाख रुपये ऐंठ लिए। वहीं, संतोष का कहना है कि उसकी और दूसरी बेटी की तबीयत भी खराब रहती है और बेटा भी डिप्रेशन में है। तथाकथित तांत्रिक ने अभिलाषा को शारीरिक रूप से कमजोर बताकर आयुर्वेदिक दवा और फल का अत्यधिक सेवन कराने लगा। इससे युवती का वजन तेजी से बढ़ने लगा। इसके बाद वजन कम करने का झांसा देकर आरोपी ने अभिलाषा को अदरक, शहद और फ्रूटी आदि के सेवन की सलाह दी। पहले युवती का वजन 65 किलो था, फिर 90 किलो हुआ लेकिन अंतिम चार माह में उसका वजन वजन लगभग 200 किलो हो गया। मोटापे की वजह से वह चल फिर नहीं पाती थी और एक जगह ही लेटी रहती थी। सात सितंबर 2021 को उसकी हालत बिगड़ने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अगले दिन उसने दम तोड़ दिया।



पार्सल फेंकने पर लोगों ने जतायी नाराजगी, तो रेलवे ने दिया जवाब

ट्विटर पर दो मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है वीडियो फुटेज

नयी दिल्ली (एजेंसी)। लोग अब ज्यादातर ऑनलाइन चीजें ऑर्डर करना पंसद करते हैं, एक तो समय की बचत होती है और दूसरा अगर खुद बाहर जाने का मन न हो तो घर बैठे भी अपनी पसंद की चीज मिल जाती है। लोगों में अब ऑनलाइन खरीददारी का क्रेज बढ़ता जा रहा है। अगर आप भी ऑनलाइन खरीदारों में से एक हैं तो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो आपको परेशान कर सकता है। वायरल हो रही वीडियो में कुलियों को ट्रेन से पार्सल को लापरवाही से उतारते हुए दिखाया गया है। आपके पार्सलों की चिंता किये बगैर इसे

उतारने वाले लोग किसी बेकार सामान की तरह उसे हवा में फेंकते नजर आ रहे हैं। वीडियो को एक रेलवे स्टेशन पर शूट किया गया है। वीडियो में प्लेटफॉर्म पर ढेर सारे पैकेज दिखायी दे रहे हैं। वहीं, पार्सल्स को उतार रहे कई पुरुषों को पैकेज की सुरक्षा की परवाह किये बिना ट्रेन से पार्सल को उतारने के दौरान हवा में उछालते देखा जा सकता है। ये पार्सल अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे नामचीन रीटेल कंपनियों के हैं। इस दौरान एक पार्सल प्लेटफॉर्म पर लगे पंखे में भी जा टकराता है। फुटेज को ट्विटर पर दो मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है। लोग काफी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इस वायरल वीडियो पर रेलवे की तरफ से सफाई आयी है। रेलवे ने ट्वीट में लिखा 'यह मार्च 2022 का एक पुराना वीडियो है।

पार्सल लोड और अनलोड करना निजी पार्टी की जिम्मेदारी : रेलवे

गुवाहाटी स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस का। पार्सल संभालने वाले व्यक्ति संबंधित पार्टी के प्रतिनिधि होते हैं। रेलवे विभिन्न पार्टियों को अनुबंध के आधार पर पार्सल स्पेस की बुकिंग की पेशकश करता है।' एक अन्य ट्वीट में रेलवे ने लिखा कि पार्सल लोड और अनलोड करना निजी पार्टी की जिम्मेदारी होती है न कि रेलवे की। रेलवे ने कहा कि वीडियो में दिख रहे कर्मचारी रेलवे के नहीं बल्कि जिन कंपनियों के पार्सल हैं उनके आदमी हैं। वहीं, जब पार्सल फेंकनेवाला वीडियो वायरल हुआ तो कई यूजर्स ने लिखा कि वे पार्सल क्यों फेंक रहे हैं जैसे वे खाली बक्से हैं?

न्यूज गैलरी

श्री दुर्गा पूजा समिति भूतहा तालाब के पंडाल का हुआ भूमि पूजन

रांची। बुधवार को श्री दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब के पंडाल का भूमि पूजन मंदिर के मुख्य पुजारी सुभाष चंद्र मिश्रा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। उसके बाद श्री चैती दुर्गा मंदिर में स्थापित श्री गणेश जी के प्रतिमा की पूजा अर्चना कर भोग लगा प्रसाद का वितरण हुआ। पूजा आयोजन कमिटी ने बताया इस बार भव्य एवं आकर्षक पूजा पंडाल का निर्माण कर मां दुर्गा जी की बड़ी प्रतिमा स्थापित कर पूजन की जायेगी। आज के भूमि पूजन समारोह में मुख्यरूप से समिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू मुख्य अतिथि संजीव विजयवर्गीय, वरिष्ठ संरक्षक राजकुमार गुप्ता, दीपू सिंह, संरक्षक विनोद बर्मन, राजेश वर्मा, आयोजक संजय सिंह उर्फ लल्लू सिंह, अध्यक्ष उमंग सुल्तानिया, कार्यकारणी अध्यक्ष राहुल सिंह, वरिष्ठ सह मंत्री करण सिंह, मोहित रजक, आशीष रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, सौरभ रजक, प्रवक्ता सह मिडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा, पंडाल प्रभारी आकाश रजक सहित सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

एसिड पीड़िता से रिम्स में मिले राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

रांची। चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड के ढेबो गांव में एकतरफा प्यार में एक काजल नाम की 17 वर्षीय युवती पर एसिड अटैक किया गया जिससे युवती बुरी तरह से झुलस गयी। इस बाबत युवती का इलाज रांची के रिम्स में किये जाने की जानकारी मिलने पर राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह रिम्स जाकर पीड़िता का हालचाल जाना। मौके पर पीड़िता की मां ने श्री सिंह से कहा कि बीते चार अगस्त को संदीप भारती नामक युवक बेटी से छेड़खानी करता और शादी के लिए जबरन दबाव बनाता था। जबकि संदीप पहले से शादीशुदा था। जब युवती शादी के लिए तैयार नहीं हुई, तो संदीप घर आकर बेटी पर एसिड फेंक दिया जिससे बेटी बुरी तरह से झुलस गयी। घटना में एसिड पड़ने से पीड़िता की मां के शरीर में भी कई जगह जख्म हो गये हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी को फांसी की सजा हो।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब घर बनाने के लिए नक्शा स्वीकृत कराना जरूरी

रांची। झारखंड में अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी घर बनाने पर उसका नक्शा स्वीकृत कराना होगा। इसके लिए ऑनलाइन नक्शा स्वीकृति का प्रावधान मानना होगा। इस संबंध में विभिन्न जिलों में जिला परिषद द्वारा आवश्यक सूचना जारी की जा रही है।
पलामू जिला परिषद द्वारा जारी सूचना में बताया गया है कि पंचायती राज संस्थाओं के क्षेत्राधिकार में निर्माण होने वाले भवनों का झारखंड बिल्डिंग बायलॉज 2016 के प्रावधान के तहत आनलाइन नक्शा की स्वीकृति का प्रावधान है। इस संबंध में परिषद द्वारा विभागीय संकल्प संख्या 3428-दिनांक 10.10.17 का भी हवाला दिया गया है। पलामू जिला परिषद के सीईओ और पलामू डीसीसी के स्तर से जारी सूचना के मुताबिक 10 अक्टूबर 2017 के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में 5000 वर्ग फीट से अधिक क्षेत्रफल में निर्माण होने वाले आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों का जिला परिषद स्तर से ऑनलाइन नक्शा पारित कराना अनिवार्य है।

मौलाना की पत्नी को एदारा शरीया ने की आर्थिक मदद

रांची। हिंदपीढ़ी गौसीया इस्लामी मरकज के इमाम स्व. मौलाना जसीमुद्दीन खान की पत्नी को एदारा शरिया ने एक लाख रुपए की आर्थिक मदद की है। मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने बताया कि मौलाना जसीमुद्दीन की पत्नी के घर की माली हालत ठीक नहीं है। इसी को देखते हुए एदारा शरिया ने आर्थिक मदद की।

अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में एमडीए स्टेट टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

राज्यस्तर से जिला स्तर तक समन्वय बनाकर कार्य किया जाये : अपर मुख्य सचिव

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार, लिम्फेटिक फाइलेरिया (हाथीपांव) के उन्मूलन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी के फलस्वरूप राज्य सरकार द्वारा आगामी 16 सितम्बर से 30 सितम्बर तक झारखण्ड के 8 फाइलेरिया प्रभावित जिलों (लोहरदगा, हजरीबाग, गिरिडीह, गढ़वा, पू० सिंहभूम, प० सिंहभूम, खूंटी और रांची) में कोरोना के दिशा- निर्देशों के अनुसार शारीरिक दूरी, मास्क और हाथों की साफ-सफाई का अनुपालन करते हुए फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ए) कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के सफल किर्यन्वयन के लिए अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड, अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्टेट टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमडीए कार्यक्रम के दौरान सभी गतिविधियां सही रूप से सम्पादित हों और कोई भी कमी न रह जाये। उन्होंने कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान फाइलेरिया रोधी दवाओं का वितरण नहीं, बल्कि प्राशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों के सामने लाभार्थियों द्वारा दवा का सेवन सुनिश्चित होना चाहिए साथ कार्यक्रम का बेहतर प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित किया जाए, जिससे समुदाय में इस कार्यक्रम के प्रति जागरूकता बढ़े। इसके साथ ही, राज्य स्तर से सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्यक्रम के दौरान आने वाली किसी भी समस्या का त्वरित समाधान किया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि स्टेट टास्क फोर्स की टीम को एमडीए की हर गतिविधि और तैयारियों की बहुत गंभीरता से मोनिटरिंग करनी होगी। बैठक में उपस्थित झारखंड के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि 16 सितम्बर से 30 सितम्बर तक चलाये जा रहे एमडीए कार्यक्रम में फाइलेरिया से मुक्ति के लिए 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगों को उम्र के अनुसार डीईसी और अलबेंडाजोल की निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर- घर जाकर, अपने सामने मुफ़्त खिलाई जाएगी।

> अपर मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमडीए कार्यक्रम के दौरान सभी गतिविधियां सही रूप से सम्पादित हों और कोई भी कमी न रह जाये।

भाकपा ने 50 मुसहर परिवारों को बेघर करने की निन्दा की

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्यपरिषद के सचिव सह पूर्व सांसद भूवनेश्वर प्रसाद मेहता ने पलामू केपाण्डू प्रखण्ड के मुरुमातु गांव में टोंगरी पहाड़ी के निकट गैरमजरुवा जमीन में सर्वे से पहले से झोपड़ी लगाकर लम्बे अर्से से रहते आ रहे 50 मुसहर परिवार को दबंगों द्वारा डरा-धमका कर ट्रैक्टर में जानवर की तरह लादकर जंगल में छोड़ने की घटना की निन्दा करती है इसके लिए जिला को प्रशासन को जिम्मेवार समझती है,यह सब स्थानीय पुलिस प्रशासनऔर भूमाफियो के गठजोड़ से ही संभव हो पाया है। आए दिनों दबंग एवं पूर्व जमींदार परिवार के मेल में आकर पुलिस प्रशासन गरीबों के रह रहे आशियाना को उजाड़ने का काम कर रही है ऐसा ही एकदूसरा मामला मोहम्मद-गंज के भजनिया गांव का है जिसमें वर्षों से रह रहे वन भूमि से दलित परिवार को उजाड़ने का काम गांव के ही दबंगों ने किया घर में आग लगा दिया और प्रशासनिक पदाधिकारी वहां भी मूकदर्शक बनकर देखते रहे पूरे जिला में आज दलितों को वन भूमि , गैरमजरुआ भूमि, एवं हदबंदी से फाजिल भूमि से उजड़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है उन्हें उजाड़ा जा रहा है और यह सब काम पूर्व जमींदार परिवार के लड्डैत, दबंग और पुलिसिया गठजोड़ का परिणाम है।पलामू उपायुक्त एवम आरक्षी अधीक्षक को मामले का संज्ञान लेना चाहिए था। ताकि कोई गरीब दलित उजड़े नहीं। हम झारखंड सरकार और पलामू जिला प्रशासन से उजड़े मुशहर परिवारों सहित मोहम्मद गंज के ग्राम भजनिया के दलितों के पुनर्वास की मांग करते हैं।

अंतर्मन को छूती 'अनकही कथाएं' और 545 दोहे की 'रघुनाथ गाथा' का विमोचन किया गया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। साहित्योदय साहित्य समागम में रांची की लेखिका पुष्पा पाण्डेय की दो पुस्तकों 'अनकही कथाएं' और 'रघुनाथ गाथा' का विमोचन हुआ। पुष्पा पांडेय जी की प्रथम पुस्तक 'अनकही कथाएं' एक लघुकथा-संग्रह है जिसमें 55 लघुकथाएं हैं जो हमारे आस-पास की वो अनकही कथाएं हैं जो सीधे पाठक के अंतर्मन को छूती हैं। उनकी दूसरी पुस्तक एक दोहा-संग्रह है जो रामचरित मानस के लोकप्रिय प्रसंगों पर आधारित है। इस संग्रह में 545 दोहे हैं। प्रख्यात साहित्यकार डॉ अशोक प्रियदर्शी ने पुस्तकों का विमोचन करते हुए कहा कि एक गृहणी रसोई से समय से निकाल कर छन्दबद्धरचना का सृजन करती है यह स्वयं में अनुकरणीय है। पुष्पा जी ने एक साथ गद्य और पद्य में दो पुस्तकों का प्रकाशन कर अद्भुत कार्य किया है। साहित्योदय के अध्यक्ष पंकज प्रियम ने पुष्पा जी को बधाई देते हुए कहा कि दोनों पुस्तकों का विमोचन साहित्योदय के लिए ऐतिहासिक पल है। पुष्पा पाण्डेय जी लेखन में लगातार सक्रिय रहती है। पुष्पा पाण्डेय ने भावुक होते हुए कहा कि जन रामायण प्रसङ्ग लेखन के वक्त पंकज जी ने दोहा में लिखने को कहा तो उनके आत्मबल में वृध्दि हुई और रघुनाथ गाथा का सृजन सम्भव हो सका। इस मौके पर पुष्पा पाण्डेय को साहित्योदय काव्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।पुस्तक विमोचन में राँची और आसपास के दर्जनों साहित्यकार उपस्थित हुए। इस अवसर पर कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह भी आयोजित हुआ।

रांची में घंटे भर की बारिश में जगह-जगह जलजमाव

रांची। राजधानी में बुधवार को हुई घंटेभर की बारिश से ही शहर के कई इलाकों में जलजमाव हो गया। रिम्स के मुख्य द्वार, रांची रेलवे स्टेशन, रानीबगान रोड, आईएमए भवन के पास, बरियातू आदि क्षेत्रों में जलजमाव से लोग खासे परेशान हुए। हालांकि इन इलाकों में हर बारिश में यही स्थिति हो जाती है। हालांकि निगम की ओर से इस संबंध में कागजों पर निर्देश जारी होते हैं, लेकिन समस्या समाधान पर कार्रवाई नहीं हो रही। वहीं, जलजमाव से निजात के लिए निगम ने डिस्लिटिंग मशीन खरीदी है, लेकिन ये मशीन जलजमाव वाले क्षेत्रों में दिखती नहीं। बीते मंगलवार को नगर आयुक्त शशि रंजन ने संबंधित शाखा के अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि जलजमाव वाले इलाकों से अविलंब जल निकासी की व्यवस्था की जाए। लेकिन, इसका कोई असर नहीं दिखा।

संजय सर्राफ ने गोल्ड मेडलिस्ट रूपा रानी का किया अभिनंदन

कम साधनों के बावजूद अपने बलबूते पर यह ऐतिहासिक कामयाबी हासिल की है

नवीन मेल संवाददाता

रांची। लायंस क्लब में आयोजित अभिनंदन समारोह में कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 लॉन बॉल प्रतियोगिता की गोल्ड मेडलिस्ट रूपा रानी तिर्की को पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर सह अग्रसत्ता के प्रदेश संपादक संजय सर्राफ ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन एवं स्वागत किया। संजय सर्राफ ने बधाई देते हुए कहा कि रूपा रानी तिर्की ने कॉमनवेल्थ गेम में गोल्ड मेडल जीतकर पूरे विश्व में भारत के साथ-साथ झारखंड का परचम लहराया है। उन्होंने पूरे देश को गौरवान्वित की है। झारखंड में भी खेलों की असीम संभावनाएं हैं। यहां प्रशिक्षण एवं संसाधन की कमी के कारण प्रतिभावान खिलाड़ी खेलों में ऊंचे मुकाम तक नहीं पहुंच पाते हैं। किंतु रूपा रानी ने कई संघर्षों के बाद अपने बलबूते पर यह ऐतिहासिक कामयाबी हासिल की है। जो कि बहुत ही गौरव की बात है। रूपा रानी तिर्की ने अभिनंदन एवं सम्मानित के लिए आभार एवं खुशी जाहिर की। मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष राजेश मोर, ओमप्रकाश तुलस्यान, डॉ प्रदीप कुमार, निर्मल मानपुरिया, डॉ पूनम सखूजा, डॉ हरविंदर वीर सिंह, अनिल गोयल, एच बी सिंह, बबीता मानपुरिया, आशीष सर्राफ, अमन सर्राफ, कृष्णा, निकिता, अनिकेत सराफ आदि उपस्थित थे।

विश्वकर्मा समाज के प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक 4 सितम्बर को होगी

रांची। झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आगामी 04 सितम्बर 2022 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से विधानसभा सभागार, रांची में आहूत की गई है। प्रदेश कार्यकारिणी बैठक की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा जी करेंगे। इस बैठक में झारखण्ड के सभी 24 जिला से झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सभी सदस्य तथा सभी जिला अध्यक्ष,जिला महासचिव तथा जिला कोषाध्यक्ष सहित विश्वकर्मा समाज के गणमान्य विश्वकर्मा बंधुगण अनिवार्य रूप से मौजूद रहेगें। विश्वकर्मा समाज के इस बैठक में मुख्यरूप से समाज के संगठन विस्तार पर चर्चा किया जाएगा साथ ही पंचायत चुनाव में जीतकर आये सभी नवनिर्वाचित जिला परिषद् सदस्य एवं नवनिर्वाचित प्रमुख को सम्मानित किया जाएगा एवं राँची में होने वाली विश्वकर्मा समाज की राज्यस्तरीय रैली की तिथि की घोषणा की जायेगी। यह जानकारी विश्वकर्मा समाज के संरक्षक शिव किशोर शर्मा ने दी है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज में जो शिक्षा की कमी है उसे भी दूर करने की कोशिश की जायेगी और इस समाज के युवक और युवतियों को आगे बढ़ने का मौका दिया जायेगा। ताकि इस समाज के लोग अपने आपमें एक अच्छा स्थान बना सकें।

सोशल मीडिया को मजबूत करने को लेकर 8 को आजसू पार्टी की बैठक

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में 8 सितंबर को सुबह 10 बजे से रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में बैठक आयोजित की गई है। पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने बताया कि बैठक में आजसू पार्टी के सभी प्रवक्ता, मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रभारी तथा कोषाध्यक्ष मौजूद रहेंगे। बैठक में सोशल मीडिया और आईटी को और मजबूत करने पर चर्चा होगी। साथ ही आजसू पार्टी द्वारा शुरू किए गए जनसंग्रह-धनसंग्रह कार्यक्रम की समीक्षा की जाएगी तथा सदस्यता अभियान को और गति देने हेतु चर्चा की जाएगी। डॉ. भगत ने कहा कि 2021 को हमने निर्माण वर्ष के रूप में मनाया है। इस दौरान सांगठनिक विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कई नई चेहरों को नेतृत्व दिया गया। इसी क्रम में हर जिला में सोशल मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता एवं कोषाध्यक्ष की नियुक्ति भी की गई।

प्रथम देव श्री गणेश जी का गणेश चतुर्थी धूमधाम से मनाया गया

श्री गणेश जी की प्रतिमा व तैल चित्र को लाल गुलाब, रजनीगंधा, दूब की माला से सजाया गया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। प्रथम देव श्री गणेश जी का गणेश चतुर्थी पर्व बुधवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियम लंबोदराय सकलाय जगतहिताय नागणवाय श्रुतियज्ञविभूषीताय गौरीसुताय गण्नाय नमो नमस्तेः । मंत्र का जाप किया गया। श्री गणेश जी की प्रतिमा तथा तैल चित्र को लाल गुलाब, रजनीगंधा, दूब की माला से सजाया गया। केसरिया चंदन, रोली, अक्षत, का तिलक कर के 11 प्रकार के मिष्ठान का प्रसाद समर्पित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि रात्रि मैं एक घंटा का श्री गणेश कीर्तन करके शुद्ध घी के लड्डू का भोग लगाया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में सर्वश्री श्रवण ढानढननिया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनौली, रतन शर्मा, स्नेह पोद्दार, सलज अग्रवाल सोनू , ने विघ्नहर्ता गणेशजी के भजनों का गायन किया। रात्रि 9:30 बजे प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।
शनिवार को श्री श्याम भंडारा : श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार को 26 व श्री श्याम भंडारा संध्या 5:00 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में होगा श्री श्रवण गाड़ोदिया परिवार के संग भंडारे की सेवा समर्पित करेंगे। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

बाल अधिकार के मुद्दे पर एक्सआईएसएस का करार

रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) और सेव द चिल्ड्रेन इंडिया, बाल रक्षा भारत (एससीबीआर) ने राज्य में बाल अधिकारों के मुद्दों, विशेष रूप से लड़कियों की शिक्षा को बेहतर करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। एक्सआईएसएस, ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम इस समझौता ज्ञापन में उल्लिखित गतिविधियों को अंजाम देगा। तीन वर्ष की यह साझेदारी कोरोना महामारी के बीच और उसके बाद राज्य और देशभर में हाशिए पर आए बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के उद्देश्य से की गई है। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर ने कहा कि ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम के छात्रों को सामाजिक मुद्दों और बाल अधिकारों से संबंधित विषयों पर समाज के बीच यंग कैंपेनर्स के रूप में लगाया जाएगा।

मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के चौथे दिन रही चहल-पहल, आज होगा समापन

स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में रोचक जानकारी दी जा रही है

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप परिसर में केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची/ गुमला के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव विषय पर आयोजित पांच दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के चौथे दिन काफी चहल-पहल रही। विश्वविद्यालय में छुट्टी होने के बावजूद काफी संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी देखी। गोस्सनर कॉलेज, रांची की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ इवा मार्गरेट हांसदा और पीएचसी नगड़ी (आयुष) के डॉ शिवपूजन सिंह मुंडा ने बतौर अतिथि प्रदर्शनी का अवलोकन किया और स्वतंत्रता संग्राम की दुर्लभ तस्वीरों की प्रदर्शनी के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो की सराहना की।

01 सितंबर, गुरुवार को समापन समारोह : पांच दिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का समापन समारोह गुरुवार 01 सितंबर को दोपहर तीन बजे से होगा। समारोह के मुख्य अतिथि पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो के पूर्वी जोन के महानिदेशक श्री भूपेंद्र कैंथोला होंगे, जबकि रांची विश्विद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ तपन कुमार शांडिल्य, झारखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार मुकुंद नायक एवं रांची नगर निगम के उपमहापौर श्री संजीव विजयवर्गीय विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। इस प्रदर्शनी में अमृत महोत्सव को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों पर लोगों का ध्यान आकृष्ट किया गया है। साथ ही झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों जैसे बिरसा मुंडा, तेलंगा खड़िया, सिद्धो कान्हो, अमानत अली, सलामत अली, एवं शेख हारो आदि पर भी स्पेशल चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके अलावा गरीबों और वंचित लोगों की सेवा, नारी शक्ति, किसान कल्याण, आयुष व योग के जरिए स्वास्थ्य, राष्ट्रीय शिक्षा नीति युवा शक्ति आदि से जुड़ी प्रमुख योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है।

प्रदर्शनी के दौरान आयुष विभाग रांची के द्वारा आयुर्वेद स्टाल लगा

प्रदर्शनी के दौरान आयुष विभाग रांची के द्वारा आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष) से संबंधित स्टॉल भी लगाया गया है। इस मौके पर विभाग के द्वारा कोरोना किट एवं आवश्यक दवाइयों का भी वितरण किया जा रहा है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रमाणित आदिम जाति समग्र विकास परिषद, खादी ग्रामोद्योग रांची द्वारा खादी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है। मौके पर पोस्ट ऑफिस का स्टॉल भी है जिस के द्वारा जनोपयोगी योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा आयोजित 05 दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का नेतृत्व अपर महानिदेशक श्री अखिल कुमार मिश्रा कर रहे हैं और इस प्रदर्शनी का समन्वय मुख्य रूप से क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रीमती महविश रहमान कर रही हैं। साथ ही क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री गौरव पुष्कर, कार्यालय प्रमुख श्री शाहिद रहमान, क्षेत्रीय प्रचार सहायक श्री खुर्शीद आलम और श्री पासवान का भी महत्पूर्ण योगदान है।

पृष्ठ एक के शेष

बहुत जल्द महादलित परिवार...
उपलब्ध नहीं कराया जाता तब तक ये सभी लोग पुराने थाने में ही निवास करेंगे। उपायुक्त ने इन सभी महादलित परिवारों के स्थाई निवास के लिए नये थाना भवन के करीब सरकारी भूमि का जायजा लिया। तत्पश्चात पुराने थाना में अस्थाई रूप से निवास कर रहे महादलित परिवार से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली। दुखी महादलित परिवार के सदस्यों ने उपायुक्त पलामू से गुहार लगाते हुए कहा कि हम लोग जिस स्थान पर रह रहे थे वह हमारी खानदानी जमीन है। उसी स्थान पर हम लोगों को पुनः बसाया जाये। हम लोगों को घर के साथ-साथ शंकर जी का छोटा मंदिर भी था जिसे तोड़ दिया गया। उपायुक्त पलामू ने सभी महादलित परिवारों को बहुत जल्द आधार कार्ड, पहचान पत्र, राशन कार्ड, उपलब्ध कराते हुए सभी प्रकार की सरकारी सहायता प्रदान करने की बात कही। उपायुक्त पलामू ने बहुत जल्द इन सभी महादलित परिवारों के लिए रहने के लिए स्थाई आवास बनाकर बसाने की बात कही।

रायपुर से रांची लौटे मंत्री...
भी अन्य दूसरे राज्यों की घटना को दुहराना चाहती है, लेकिन झारखंड में यूपीए विधायक पूरी तरह से एकजुट हैं। सीएम हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने और चुनाव लड़ने से अयोग्य करार दिये जाने के संबंध में पूछे गये सवाल के जवाब में आलमगीर आलम ने कहा कि सभी परिस्थितियों से निपटने के लिए महागठबंधन तैयार है।

एसिड अटैक में घायल बच्ची को...
उपायुक्त अबू इमरान ने बताया कि इस जघन्य कांड में शामिल आरोपी संदीप भारती को घटना के दिन ही गिरफ्तार कर अग्रेतर कानूनी कार्यवाही की जा रही है। मालूम हो बच्ची पर पांच अगस्त 2022 को हमला हुआ था। इसके बाद से उसका इलाज रिम्स हो हो रहा है।

भाजपा नेता भी अंकिता के घर...
दिलाने के अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अंकिता के परिवार की मदद के लिए क्राउड फंडिंग के माध्यम से अब तक 28 लाख रुपये की सहायता राशि जमा की गयी है, जिसे उसके पिता के खाते में डाला जायेगा। उन्होंने अंकिता हत्याकांड की इस पूरी घटना को राष्ट्र विरोधी अभियान का हिस्सा बताते हुए राज्य सरकार की भूमिका पर सवाल उठाये। इस मौके पर सांसद मनोज वाजपेयी ने पूरी घटना पर राज्य सरकार के उदासीन रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि इस घटना के तार बहुत गहरी साजिश से जुड़ा है, जिसकी जांच होनी चाहिए। वहीं, भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने कहा कि अंकिता हत्याकांड लव जेहाद का मामला है। उन्होंने कहा कि अंकिता को जिंदा जलानेवाले शाहरुख और उसके साथी के बांग्लादेशी आतंकवादी संगठन पीएफआई से संबंध की बात सामने आ रही है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

हड़िया-दारू बेचनेवाली से बैंक...
लेन-देन करने में समर्थ हो गयी है।

15 हजार से अधिक महिलाओं को मिला लाभ : फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान के तहत अबतक शराब और हड़िया-दारू निर्माण तथा उसकी बिक्री से जुड़ीं 15867 महिलाओं को लोन उपलब्ध करा उन्हें सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा जा चुका है। इनमें से 5638 महिलाओं ने लोन की राशि की अदायगी भी शुरू कर दी है। वहीं, योजना के तहत मिलने वाले 10 हजार रुपये के अतिरिक्त लोन 4745 महिलओं को दिया गया है। इनमें से 2419 महिलाएं लोन राशि का भुगतान कर रहीं हैं। अभियान से आच्छादित होनेवाली महिलाओं में सबसे अधिक सिमडेगा 1625, रांची 1603, गुमला 1505, लोहरदगा 1355 और गोड्डा की 1091 हैं।

राज्यों पर आठ रुपये किग्रा. की छूट...
मानना है कि इन निर्णयों से राज्य व संघ राज्य क्षेत्र विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे पीडीएस, मध्याह्न भोजन योजनाओं आदि में चना का उपयोग करने में सक्षम होंगे। साथ ही इससे दलहन किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने में मदद मिलेगी और वे इनकी खेती बढ़ने को प्रोत्साहित होंगे। सरकार के अनुसार देश में विशेष रूप से पिछले तीन वर्षों के दौरान चना (दाल) का रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया गया है। केंद्र सरकार ने मूल्य समर्थन योजना के तहत रबी 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के दौरान चना की रिकॉर्ड खरीद की है। इससे सरकार के पास पीएसएस और पीएसएफ के तहत आनेवाले रबी सीजन में भी 30.55 लाख टन चना उपलब्ध है, चना का उत्पादन अच्छा होने की उम्मीद है।

न्यूज गैलरी

उप राष्ट्रपति धनखड़ से मिली पुरुष वॉलीबॉल टीम

नयी दिल्ली (एजेंसी)। एशियाई वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में हाल में रजत पदक जीतनेवाली भारत की पुरुष वॉलीबॉल अंडर-20 टीम ने बुधवार को यहां उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने ट्वीट करके कहा धनखड़ ने पिछले दो दशक में पहला पदक जीतने पर टीम को बधाई और भविष्य के टूर्नामेंटों के लिए शुभकामनाएं दी। भारतीय टीम ने बहरीन के रिफा में एशियाई अंडर-20 वॉलीबॉल चैंपियनशिप में फाइनल में जगह बनाई थी जहां उसे ईरान से 1-3 (12-25, 19-25, 25-22, 15-25) से हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने सेमीफाइनल में थाईलैंड को 3-1 (25-21, 23-25, 25-18, 25-17) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने इस मुलाकात की तस्वीरें और बातचीत का वीडियो भी जारी किया है।

डीसीबीए ने राष्ट्रीय खेलों के लिए घोषित की टीम

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल बैडमिंटन संघ (डीसीबीए) ने गुजरात में 27 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक होनेवाले आगामी राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है। सात साल के अंतराल के बाद राष्ट्रीय बहु खेल प्रतियोगिता का 36वां सत्र गुजरात के छह शहरों में आयोजित किया जाएगा। पिछली बार राष्ट्रीय खेल 2015 में केरल में आयोजित किए गए थे। राष्ट्रीय खेलों में बैडमिंटन स्पर्धाएं सूरत में चार से नौ अक्टूबर तक होंगी। दिल्ली की मिश्रित टीम में अर्जुन रेहानी, वैभव जाधव, नितिन कुमार, हर्ष राणा, ईशान दुग्गल, लिखिता श्रीवास्तव, दीपशिखा सिंह, भारती पाल, नवधा मंगलम और खुशी गुप्ता शामिल हैं। व्यक्तिगत स्पर्धाओं के लिए कार्तिकेय गुलशन कुमार, आशी रावत, रोहन कपूर, कनिका कंवल, खुशी गुप्ता और काव्या गुप्ता को चुना गया है। डीसीबीए ने एक विज्ञप्ति में कहा, ह्यह्यदिल्ली की टीमों का चयन दिल्ली राज्य चैम्पियनशिप सहित चार राज्य रैंकिंग टूर्नामेंटों में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने शुक्रवार को कहा था कि असम, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तराखंड, केरल और गुजरात के साथ दिल्ली की टीम राष्ट्रीय खेलों में मिश्रित टीम चैम्पियनशिप में भाग लेने की पात्र हैं। डीसीबीए ने आठ से 11 सितम्बर तक जम्मू में होनेवाली उत्तर क्षेत्र अंतर्राज्यीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए भी अपनी टीम की घोषणा की।

भारतीय ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत बोले- फिनिशिंग में सुधार पर ध्यान रहेगा

बेंगलुरु (एजेंसी)। स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी प्रो लीग की तैयारी के अंतर्गत अपने फिनिशिंग (प्रयास को गोल में तब्दील करना) कौशल पर काम करेगी। इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतनेवाली भारतीय टीम 28 अक्टूबर से शुरू हो रही हॉकी प्रो लीग की तैयारियों से पहले सोमवार से यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में शिविर में हिस्सा ले रही है। हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में हरमनप्रीत ने कहा कि हम अभ्यास सत्र में हिस्सा लेंगे और मुख्य रूप से हमारा ध्यान हमेशा अपनी फिनिशिंग में सुधार और खिलाड़ियों के बीच समन्वय तथा संयोजन में सुधार पर रहता है। उन्होंने कहा कि हम इस बात पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि खिलाड़ियों के बीच से गेंद को ले जाते वक्त हम अपने समय में सुधार कैसे कर सकते हैं और गेंद को रक्षण से आक्रमण तक ले जाते समय अपने समय में कैसे सुधार कर सकते हैं।

एशिया कप में पाकिस्तान को हरा सकता है अफगानिस्तान : असगर

दुबई (एजेंसी)। बांग्लादेश के खिलाफ शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ अफगानिस्तान ने सात विकेट से जीत दर्ज कर एशिया कप के सुपर फोर के लिए क्वालीफाई कर लिया है। नजीबुल्लाह जादरान की 17 गेंदों में 43 रनों की तूफानी पारी ने अफगानिस्तान को जीत दिलाने में मदद की। राशिद खान और मुजीब उर रहमान की वीरता ने बांग्लादेशी बल्लेबाजों को थोड़ा भी शांत नहीं होने दिया और इसके साथ ही नेटिजन्स ने ट्विटर पर कहा कि यह टीम टूर्नामेंट में परेशान कर सकती है और भारत या पाकिस्तान में से किसी को भी हरा सकती है। अफगानिस्तान के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी असगर अफगान ने इस संभावना से इंकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ उनके अधिकांश खेल करीब रहे हैं और अब अगर टीम शांत रहती है और एक उचित योजना है तो वे अंततः एशिया कप में पाकिस्तान को हरा सकते हैं। इस 35 वर्षीय ने खिलाड़ी ने कहा, अगर हमारे खिलाड़ी योजना पर टिके रह सकते हैं और शांत रह सकते हैं तो हमारे पास पाकिस्तान के खिलाफ वास्तव में अच्छा मैच होगा और उम्मीद है कि हम उन्हें हरा भी सकते हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 3-3 विकेट के साथ राशिद और मुजीब हर चर्चा का केंद्र रहे। पावरप्ले से ही मुजीब ने बांग्लादेशी बल्लेबाजों को टिकने का मौका नहीं दिया और तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर मैच को अपने नियंत्रण में ले लिया। बाद में राशिद ने शानदार गेंदबाजी से बांग्लादेश की कमर तोड़ दी। दोनों की गेंदबाजी को देखकर कई टीमों को हाई अलर्ट पर रहने की जरूरत है। यूएई की परिस्थितियां उनकी गेंदबाजी के अनुकूल हैं और इस तरह वे मेगा खिताब के लिए भारत और पाकिस्तान टीम को चुनौती दे सकते हैं। असगर का मानना है कि भारत को बढ़त मिल सकती है क्योंकि उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में राशिद और मुजीब के साथ काफी खेला है। उन्होंने कहा, जो खिलाड़ी उनके खिलाफ काफी खेले, वही उनके खिलाफ अच्छा खेल सकते हैं। भारतीय खिलाड़ी हमारे गेंदबाजों को अच्छे से खेल सकते हैं, क्योंकि उन्होंने आईपीएल में काफी खेला है। इस प्रकार उनके पास उनके बारे में एक विचार है। पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाड़ी नहीं जानते कि हमारे गेंदबाजों से कैसे निपटा जाए क्योंकि वे हमारे खिलाफ ज्यादा नहीं खेले।

ऑस्ट्रेलिया की दूसरे वनडे में जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत

टाउन्सविले/ऑस्ट्रेलिया (एजेंसी)। मिशेल स्टार्क की अगुवाई में गेंदबाजों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को सस्ते में समेट कर दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनायी। स्टार्क में 24 रन देकर तीन विकेट लिए और जिंबाब्वे के शीर्ष क्रम को लड़खड़ाने में अहम भूमिका निभायी। जिम्बाब्वे इन शुरूआती झटकों से आखिर तक नहीं कर पाया और उसकी टीम 27.5 ओवर में 96 रन पर आउट हो गयी।

राशिद खान की बांग्लादेश के खिलाफ शानदार गेंदबाजी, साउथी को छोड़ा पीछे

शारजाह (एजेंसी)। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान एशिया कप ग्रुप बी मैच में 3/22 के शानदार स्पैल के बाद पुरुषों के टी-20 इंटरनेशनल गेंदबाजी चार्ट में नंबर 2 पर पहुंच गए जिसने यहां बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया। शुरूआती गेम में श्रीलंका के खिलाफ जीत के बाद यह टूर्नामेंट में अफगानिस्तान की लगातार दूसरी जीत थी। राशिद खान न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी को भी पीछे छोड़ते हुए बांग्लादेश पर जीत के दौरान पुरुषों के टी-20 इंटरनेशनल में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेनेवाले गेंदबाज बन गए। आईसीसी के अनुसार लेग स्पिनर ने प्रारूप में 112 विकेट के साथ मैच की शुरूआत की थी और मुशफिकुर रहीम, अफिफ हुसैन और महमुदुल्लाह के विकेट लिए लेकर विकेटों की संख्या 115 कर दी। साउथी मैच से पहले 114 विकेट लेकर विकेट लेनेवालों की सूची में दूसरे स्थान पर थे। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन ने 122 विकेट के साथ अपने रिकॉर्ड को कायम रखा है, जो पुरुषों के खेल में किसी द्वारा सबसे अधिक है और वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेटर अनीसा मोहम्मद के बाद सभी टी-20 इंटरनेशनल में दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। राशिद का अब तक का एक उल्लेखनीय टी-20 इंटरनेशनल करियर रहा है जिसका औसत 13.73 है और प्रारूप में 68 मैचों के बाद 6.16 की इकॉनमी दर है। उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल में छह बार एक पारी में चार या अधिक विकेट लिए हैं जो फिर से पुरुषों के खेल में संयुक्त रूप से सबसे अधिक है। मुजीब उर रहमान के प्रभावशाली तीन विकेट के बाद राशिद के स्पेल ने अफगानिस्तान को 20 ओवरों में बांग्लादेश को 127/7 तक सीमित करने में मदद की। हालांकि, इसके बाद अफगानिस्तान के लिए नजीबुल्लाह जदरान की नाबाद 17 गेंदों में 43 रनों की शानदार पारी ने जीत दर्ज करने में मदद की और एशिया कप 2022 में ग्रुप बी के शीर्ष पर अपनी स्थिति स्थापित की और अगले दौर के लिए योग्यता सुनिश्चित की।

राशिद खान मैदान के अंदर और बाहर चैम्पियन हैं : निखिल चोपड़ा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश के खिलाफ राशिद खान के शानदार प्रदर्शन ने अफगानिस्तान को एशिया कप के सुपर-4 में अपना स्थान पक्का करने में मदद की। पहले गेंदबाजी करते हुए अफगानों ने बांग्ला टाइगर्स को 127 पर रोक दिया जिसमें राशिद और मुजीब उर रहमान ने तीन-तीन विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान कुछ समय के लिए दबाव में था, लेकिन नजीबुल्लाह जादरान के 17 गेंदों में 43 रन पारी खेलकर टीम को ट्रैक पर ला दिया। मैच को लेकर भारत के पूर्व क्रिकेटर निखिल चोपड़ा का मानना है कि राशिद का यही गुण मैदान पर और बाहर दोनों जगह चैम्पियन बनाता है। निखिल चोपड़ा ने कहा, वह एक बड़े दिलवाले व्यक्ति हैं। वह न केवल मैदान पर टीम की मदद कर रहे हैं बल्कि युवा क्रिकेटरों को भी सहयोग कर रहे हैं, क्योंकि वे उतना नहीं कमाते जितना राशिद कमाते हैं। वह अपनी दौलत को अपने साथियों के बीच बांटने के लिए तैयार है और एक तरह से सकारात्मक माहौल बनाना चाहता है। वह भविष्य के लिए टीम को आगे ले जाना चाहता है और इसलिए मेरा मानना है कि वह न केवल मैदान पर चैम्पियन हैं बल्कि मैदान के बाहर भी चैम्पियन है। राशिद को खेल के हर चरण में महत्वपूर्ण सफलताएं देने के लिए जाना जाता है और पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने हर उस टीम के लिए ऐसा किया है जिसके लिए उन्होंने खेला है। चोपड़ा ने राशिद की गेंदबाजी में बदलाव का श्रेय नबी को दिया और बताया कि इससे उनकी टीम को कैसे मदद मिली। उन्होंने कहा, हर दूसरी टीम जानती है कि राशिद एक चैंपियन और मैच विजेता गेंदबाज है। उसे अपना विकेट देना विरोधी टीम के लिए बहुत महंगा हो सकता है। राशिद को सही समय पर गेंद देने का श्रेय मोहम्मद नबी को जाता है। 7वें ओवर में उन्हें इंट्रोड्यूस कराया गया और फिर 11वां ओवर दिया गया। उन्होंने राशिद का इस्तेमाल उसी तरह किया जैसे एक कप्तान अपने मैच विजेता गेंदबाज का इस्तेमाल करेगा।

जापान ओपन : शटलर किदांबी श्रीकांत जीते, लक्ष्य सेन बाहर

ओसाका (एजेंसी)। भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली जी जिया पर सीधे गेम में शानदार जीत दर्ज की लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बुधवार को यहां पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पुरुष एकल के 37 मिनट तक चले मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त ली को 22-20, 23-21 से हराया। चार मुकाबलों में मलेशियाई खिलाड़ी पर यह उनकी पहली जीत है। अल्मोड़ा के रहने वाले 21 वर्षीय खिलाड़ी और 2021 विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता सेन पुरुष एकल के मैच में विश्व में 21वें नंबर के स्थानीय खिलाड़ी केंटा निशिमोतो से 21-18, 14-21, 13-21 से हार गए। यह मैच एक घंटे और छह मिनट तक चला। यह उनकी जापानी खिलाड़ी के हाथों दो मुकाबलों में पहली हार है। विश्व चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर विश्व रैंकिंग में 26वें नंबर पर पहुंचनेवाली एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की तेजी से उभरती पुरुष युगल जोड़ी कोरिया के चोई सोल ग्यू और किम वॉन हो से 21-19, 21-23, 15-21 से हार गई। जूही देवांगन और वेंकट गौरव प्रसाद की मिश्रित युगल जोड़ी को केवल 23 मिनट में चीनी के झेंग सी वेई और हुआंग या किओंग की शीर्ष वरीय जोड़ी से 11-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत ने गजब का जुझारूपन दिखाया लेकिन बीच में उन्होंने ली को वापसी का भी मौका दिया। एक समय वह 15-11 से आगे थे लेकिन उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी को लगातार तीन अंक बनाने का मौका दिया।

दुबई ओपन शतरंज : प्रज्ञानंधा की हकोबयन पर शानदार जीत

दुबई (एजेंसी)। 22वें दुबई ओपन इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दिन भारत के 17 वर्षीय ग्रांड मास्टर प्रज्ञानंधा ने अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की, इसके साथ ही अब वह कजाकिस्तान के रिनात जुमबाएव के साथ चार अंक बनाने वाले अकेले खिलाड़ी हैं और अगले राउंड में दोनों की टक्कर टूर्नामेंट महत्वपूर्ण बन गयी है। सफेद मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानंधा ने अर्मेनिया के अरम हकोबयन को सिसिलियन नजडोर्फ ओपनिंग में 48 चालों में पराजित किया इस जीत के साथ अब प्रज्ञानंधा की लाइव रेटिंग 2685 अंको पर पहुंच गयी है और यह साफ है की 2700 अंको को छूनेवाले भारत के वह आठवे खिलाड़ी जल्द ही बनेंगे। वहीं, पहली टेबल पर खेल रहे अर्जुन एरिगासी ने सर्बिया के इंडजीक अलेक्जेंडर से अपनी बाजी ड्रॉ खेली। वहीं, तीसरे टेबल पर भारत के वैभव सूरी को रिनात जुमबाएव से हार का सामना करना पड़ा। भारत के युवा फीडे मास्टर आयुष शर्मा नें लगातार दो राउंड में दो उलटफेर किए है और उन्होने पहले एमएस तेजकुमार और फिर अर्जुन कल्याण को हराकर सयुंक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। 9 राउंड के इस टूर्नामेंट में चार राउंड के बाद प्रज्ञानंधा और रिनात चार अंक तो भारत के अर्जुन एरिगासी, एसपी सेथुरमन आयुष शर्मा, सर्बिया के इंडजीक ,रूस के अलेक्जेंडर प्रेडके यूएसए के वल्दिमीर अकोपियन 3.5 अंक बनाकर खेल रहे हैं।

सैम क्वेरी ने यूएस ओपन के पहले दौर में हार के बाद टेनिस को कहा अलविदा

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। कभी नोवाक जोकोविच, एंडी मर्रे और राफेल नडाल पर बड़ी जीत दर्ज करनेवाले अमरीका के सैम क्वेरी ने यूएस ओपन के पहले दौर में हारने के बाद टेनिस से संन्यास ले लिया। कैलिफोर्निया के रहनेवाले क्वेरी ने मंगलवार की रात को अपने करियर का आखिरी मैच बेलारूस के इल्या इवाश्का से खेला जिसमें उन्हें 4-6, 6-4, 7-6 (8), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। क्वेरी की अपने करियर में सर्वोच्च रैंकिंग 11 रही। उन्होंने 2017 में विंबलडन में तत्कालीन नंबर एक खिलाड़ी एंडी मर्रे को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। इस से एक साल पहले वह नंबर एक जोकोविच को हराकर इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। इसके अलावा उन्होंने 2019 में विंबलडन और 2017 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनायी थी। क्वेरी ने कहा कि मैंने यह सोचकर ही यूएस ओपन में भाग लिया था। और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। पिछले छह सप्ताह काफी अच्छे रहे।

न्यूजीलैंड के बड़े खिलाड़ी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

वेलिंगटन (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। डी ग्रैंडहोम ने इस सप्ताह अपने फैसले को लेकर न्यूजीलैंड क्रिकेट से बातचीत की थी जो उन्हें केंद्रीय अनुबंध से मुक्त करने पर तैयार हो गया था। जिम्बाब्वे में जन्मे डी ग्रैंडहोम ने कहा कि इस फैसले के पीछे उनकी चोट और तीनों प्रारूपों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के अलावा कई अन्य कारण हैं। डी ग्रैंडहोम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के यहां जारी बयान में कहा कि मैं यह स्वीकार करता हूं कि मैं अब युवा नहीं होने जा रहा हूं और विशेषकर चोटों के कारण अभ्यास करना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरे बच्चे बड़े हो रहे हैं और मैं क्रिकेट के बाद के अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा हूं। पिछले कुछ सप्ताहों से यह सब बातें मेरे दिमाग में चल रही थी। डी ग्रैंडहोम ने कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे 2012 में पदार्पण करने के बाद न्यूजीलैंड की तरफ से

खेलने का मौका मिला। मुझे अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर पर गर्व है लेकिन मुझे लगता है कि यह संन्यास लेने का सही समय है। डी ग्रैंडहोम ने न्यूजीलैंड की तरफ से 29 टेस्ट मैच खेले जिसमें उन्होंने 38.70 की औसत से 1432 रन बनाए। इसमें वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगाए गए शतक भी शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 32.95 की औसत से 49 विकेट भी लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 41 रन देकर छह विकेट था जो उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ किया था। उन्होंने 45 वनडे मैचों में 742 रन बनाए और 30 विकेट लिए। डी ग्रैंडहोम न्यूजीलैंड की उस टीम का हिस्सा थे जो 2019 में आईसीसी वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची थी।

बड़े मैचों में नहीं चल पाते केएल राहुल, बेहद खराब हैं आंकड़े

दुबई (एजेंसी)। भले ही भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पर खूब भरोसा कर रही है लेकिन यह बल्लेबाज बड़े मैचों में न चलकर बीसीसीआई का भरोसा तोड़ने पर लगा हुआ है। इसका सबूत वह तमाम बड़े मैच हैं जिसमें राहुल के बल्ले से जरूरत के समय न मात्र रन निकले थे। बीते दिनों पाकिस्तान के खिलाफ हाई वोल्टेज मुकाबले में राहुल पहली ही गेंद पर बोल्ड हो गए थे। पाकिस्तान के खिलाफ पिछले साल खेले गए टी-20 विश्व कप के अहम मुकाबले में भी वह तीन ही रन बना पाए थे। केवल आईपीएल 2022 के एलिमिनेटर को छोड़ दिया जाए तो बाकी मैचों में राहुल के बल्ले से कोई खास रन नहीं निकले। राहुल ने आईपीएल एलिमिनेटर में 60 गेंदों में 78 रन बनाए थे लेकिन बाकी मुकाबलों में दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाये।